✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 186 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 3 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने के बाद डा. प्रेम कुमार को उनके आसन पर बैठाते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव

# बिहार विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के गया सीट से लगातार 9 बार के विधायक डॉ. प्रेम कुमार बिहार विधानसभा के 18वें स्पीकर बन गए है। उन्हें विपक्षी विधायकों का भी समर्थन मिला है। प्रेम कुमार ने सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। वे अकेले ही इस पद के लिए दावेदार थे लिहाजा उन्हें मंगलवार को निर्विरोध चुन लिया गया। मंगलवार को सदन में विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया की गई। विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद सचिव ने राज्यपाल का आदेश पढ़ा। अध्यक्ष पद के लिए कुल चार प्रस्ताव आए थे। सभी प्रस्ताव प्रेम कुमार के नाम के ही थे। उपमुख्यमंत्री सम्राट



चौधरी ने प्रेम कुमार के नाम का प्रस्ताव दिया। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने अनुमोदन किया। इसके बाद प्रेम कुमार के पक्ष में सर्वसम्मति बनी। इसके बाद प्रेम कुमार को स्पीकर चुन लिया गया। प्रेम कुमार के विधानसभा अध्यक्ष चुने जने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने उन्हें आसन पर बैठाया। मुख्यमंत्री ने सबसे खड़ा होकर प्रेम कुमार का अभिवादन करने के लिए भी कहा। मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों से अध्यक्ष को सदन संचालन में मदद की अपील की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, तेजस्वी यादव, लोजपा (रा) के राजू तिवारी, कांग्रेस के मनोहर सिंह, हम की दीपा मांझी, एआइएमआइएम के अख्तरूल ईमान, रालोमो की स्नेहलता, माले के अरुण सिंह, सीपीएम के अजय कुमार, आईआईपी के आई पी गुप्ता, राजद के कुमार सर्वजीत ने अध्यक्ष को बधाई दी। विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के विधायक राहुल कुमार ने कहा कि हमारा कोई उम्मीदवार नहीं है। हम लोग भी प्रेम कुमार के नाम के साथ हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका (शेष पृष्ठ 11 पर)

## नये विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार : तख्त पर तजुर्बेकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अनुभवी जनप्रतिनिधि डॉ प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। यह घोषणा केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं बल्कि चार दशकों के जनसेवा, राजनीतिक अनुशासन और अटूट जनविश्वास की स्वीकृति है। 1955 में जन्मे और एक साधारण व्यवसाय से जीवनयात्रा की शुरुआत करने वाले डॉ प्रेम कुमार अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं। सामाजिक सरोकारों और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। जनता के सुख-दुख में हर समय उपस्थित रहने की उनकी सहज प्रवृत्ति और निरंतर जनसेवा ने उन्हें



शीघ्र ही व्यापक जनसमर्थन दिलाया। 1990 में पहली बार गया सदर विधानसभा सीट से विधान सभा पहुंचे और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने लगातार नौ बार इसी सीट से जीत दर्ज की है–यह न केवल बिहार बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी दुर्लभ उपलब्धि है, जो उनकी लोकप्रियता, संगठनात्मक क्षमता और जमीन से जुड़े नेतृत्व की बानगी प्रस्तुत करती है। एक ही विधानसभा क्षेत्र से, एक ही पार्टी के टिकट पर लगातार 9 बार जीत एक नया कीर्तिमान है. सरकार में शामिल होने के बाद डॉ प्रेम कुमार ने जिस कुशलता और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं, उसने उन्हें नीति और प्रशासन दोनों स्तरों पर एक मजबूत पहचान दी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास एवं आवास, कृषि मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन तथा सहकारिता जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों की बागडोर उन्होंने संभाली और अपने कार्यकाल में जनकल्याण तथा विकास को प्राथमिकता दी। 2015 में राजनीतिक परिस्थितियां बदलने के बाद जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में आई (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्र नारायण यादव होंगे विधानसभा उपाध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नरेन्द्र नारायण यादव बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। वे 17वीं विधानसभा में भी वर्ष 2024 में उपाध्यक्ष बने थे। तब उन्हें महेश्वर हजारी के स्थान पर विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया गया था। श्री हजारी को नीतीश सरकार में मंत्री बनाये जाने से यह पद रिक्त हुआ था। वे 2021 मेंउपाध्यक्ष बने थे। श्री यादव ने मंगलवार को विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस पद के लिए नामांकन करने वाले वे एकमात्र उम्मीदवार हैं। लिहाजा बुधवार को उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उनके नाम की घोषणा करेंगे।

### बीपीएससी 71वीं संयुक्त मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग की एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन बुधवार से होगा। आयोग ने इसकी अधिकारिक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया तीन दिसंबर से शुरू होगी जबकि 24 दिसंबर 2025 तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित है। बीपीएससी ने एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट 18 नवंबर को जारी किया था।

### बुनियादी साक्षरता परीक्षा सात को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनशिक्षा निदेशालय शिक्षा विभाग सात दिसंबर को बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन कराएगा। इसमें राज्य भर के करीब दस लाख 50 हजार 828 नवसाक्षर शामिल होंगे। यह परीक्षा राज्य के सभी जिलों में संकुल स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना अंतर्गत संचालित साक्षरता केंद्रों पर अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त कर साक्षर हुई 15 से 45 आयु वर्ग की नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा देंगी।

# घूसखोर राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**किशनगंज।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने किशनगंज में बड़ी कार्रवाई की है। सदर प्रखंड के राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान को मंगलवार सुबह 2 लाख 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी किशनगंज शहर के ब्लॉक ऑफिस गेट के पास स्थित अभिषेक होटल के पास हुई। इस खबर से प्रखंड कार्यालय और राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। खगड़ा वार्ड नंबर-22 निवासी ओवेस अंसारी ने 30 नवंबर को पटना स्थित निगरानी ब्यूरो मुख्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी जमीन की नापी के लिए राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान ने उनसे 2 लाख 70 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। ओवेस अंसारी ने बताया कि रिश्वत



के बिना उनका काम नहीं हो रहा था और कर्मचारी लगातार दबाव बना रहा था। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। इसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद निगरानी थाने में कांड संख्या 103/2025 दर्ज किया गया। पटना से डीएसपी विनोद कुमार पांडे के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम किशनगंज पहुंची और शिकायतकर्ता ओवेस अंसारी से संपर्क कर ट्रैप की योजना बनाई। मंगलवार सुबह तय योजना के मुताबिक ओवेस अंसारी ब्लॉक मुख्यालय के पास राजस्व कर्मचारी से मिले। इसी दौरान निगरानी विभाग की टीम को इसकी सूचना मिली। जैसे (शेष पृष्ठ 11 पर)

## शैलेन्द्र सम्राट तो सुनील बने विजय सिन्हा के पीएस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नई सरकार के गठन और विभागों के बंटवारे के बाद अब सरकार ने दोनों डिप्टी सीएम सहित पांच मंत्रियों के पर्सनल सेक्रेटरियों की भी नियुक्ति कर दी है। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके तहत नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रिमंडल सचिवालय को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक शैलेन्द्र कुमार ओझा को डिप्टी सीएम और गृह मंत्री सम्राट चौधरी का पीएस (बाह्य) नियुक्त किया गया है। सुनील कुमार तिवारी को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का पीएस, संजीव कुमार को मंत्री अशोक चौधरी, गिरधारी लाल को मंत्री मदन सहनी और पूर्णेन्दु कुमार को मंत्री नारायण प्रसाद का पीएस बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल किया गया 'सेवा तीर्थ'

### राजभवनों का नाम लोकभवन किया जाएगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल गया है। अब पीएमओ को 'सेवा तीर्थ' के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया है। सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन होगा। इससे साथ ही केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है। वहीं उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत देश के 8 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने अपने राजभवनों के नाम में बदलाव किया है। यह बदलाव गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक निर्देश के बाद किए गए हैं। मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा है कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। राज्यों के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर के मुख्य सचिव या सचिव को लिखे एक पत्र में गृह मंत्रालय ने पिछले साल हुई गवर्नर की कॉन्फ्रेंस में दिए गए सुझाव का जिक्र किया है। जिसमें राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया जाए क्योंकि राजभवन शब्द से कॉलोनियलिज़्म को दर्शाता है। गृह मंत्रालय के निर्देश में कहा गया है, इसलिए यह गुजारिश की जाती है कि सभी आधिकारिक (शेष पृष्ठ 11 पर)

# रिश्वत लेते अनुमंडल कृषि पदाधिकारी समेत दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय में मंगलवार दोपहर बाद विजिलेंस ने कार्रवाई करते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और क्लर्क को गिरफ्तार किया है। विजिलेंस को दोनों के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। जानकारी के मुताबिक शिकायत के बाद विजिलेंस की टीम ने आरोपों को वेरिफाई किया और कार्रवाई करते हुए दलसिंहसराय के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार और लिपिक ललन कुमार को 40 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद अनुमंडल कृषि कार्यालय में हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम से दोनों आरोपियों को दलसिंहसराय से उठाकर पटना के लिए रवाना हो गई है। राकेश कुमार मधुबनी का रहने वाला है, जबकि आरोपी क्लर्क ललन कुमार बेगूसराय के तेघड़ा का रहने वाला है। आरोप है कि दोनों ने बाजार समिति के सब्जी मंडी में अवैध निर्माण की अनुमति से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त होकर रिश्वत की मांग की थी। दलसिंहसराय के बसढ़िया वार्ड संख्या 10 के रहने वाले जगदीश सिंह के बेटे प्रमोद कुमार सिंह ने कृषि विभाग पर भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। प्रमोद ने बताया कि बाजार समिति के सब्जी बाजार में उनके और अन्य दुकानदारों के लगभग 36 सब्जी दुकानों का निर्माण किया गया था। चूंकि इन दुकानों के निर्माण के लिए प्रशासन की कोई अनुमति नहीं थी। इस कारण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार ने दुकानदारों को धमकी देते हुए प्रति दुकान 80 हजार रुपए की रिश्वत मांगनी शुरू कर दी। रिश्वत की इस भारी मांग और उत्पीड़न से त्रस्त प्रमोद कुमार सिंह ने अधिकृत अधिकारियों के पास शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम दलसिंहसराय पहुंची और एक जाल बिछाकर एसडीओ राकेश कुमार और उनके लिपिक ललन कुमार को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। गिरफ्तार की गई राशि 40 हजार रुपए की आंशिक रकम थी, जबकि बाकी धनराशि अब भी वसूली जानी थी। प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वह प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों को सख्ती से जांचा जाए और दोषियों को उचित सजा मिले, ताकि भविष्य में अन्य पदाधिकारी भी अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

# दिसंबर महीने में ही होगी शिक्षकों की पोस्टिंग : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। इस बीच शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि विभाग की तरफ से बनायी गयी तबादले की गाइडलाइन पूरी तरह पारदर्शी है। तबादले में ज्यादातर शिक्षकों का पूरा ख्याल रखा गया है। तबादले स्कूल की जरूरत के हिसाब से किये गये। इसकी प्रकिया पूरी तरह पारदर्शी रही। हालांकि, तबादले के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। इसका ख्याल रखा गया। उन्होंने यह भी बताया कि दूरदराज के स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य है। इसलिए वहां भी शिक्षक रखे गये। तबादले करते समय यह भी ध्यान रखा गया कि स्टूडेंट-टीचर का अनुपात भी न गड़बड़ाए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा सीएम ने निर्देश दिये हैं कि सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स की जरूरतें पूरी की जाये। समय पर परीक्षा करायी जाये। विभाग उच्च शिक्षा की दशा सुधारने के लिये बड़ा कदम उठा रहा है। यूनिवर्सिटी के सेशन टाइम पर करने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी खबर आई थी कि करीब 22 हजार 732 शिक्षकों को 31 दिसंबर तक नई पोस्टिंग मिल जायेगी। अलग-अलग फ़ेज में शिक्षकों की पोस्टिंग को लेकर ऑर्डर दिए जायेंगे। इसकी प्रक्रिया 16 दिसंबर से ही शुरू हो जायेगी। नई पोस्टिंग मिलने के बाद शिक्षकों को तय समय सीमा के अंदर ही स्कूल ज्वाइन करना होगा। इस तरह से सरकार के इस फैसले को नये साल का तोहफा माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक नई पोस्टिंग के लिये टीआरई-1 और टीआरई-2 के शिक्षकों को मौका दिया गया था। शिक्षकों से तीन जिलों का ऑप्शन मांगा गया था। जिसके बाद लगभग 41 हजार 684 शिक्षकों ने आवेदन किया था। इस तरह से शिक्षकों के महीनों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है।




बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से हर वर्ष 3 दिसम्बर को सम्पूर्ण विश्व में **''अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस''** के रूप में मनाया जाता है।

वर्त्तमान में राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण एवं उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु अनेक योजनाएँ एवं कार्यक्रम चला रही है। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उनके लिए कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं बैट्री चालित ट्राईसाईकिल वितरण तथा विशेष विद्यालय जैसी कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही है। हाल ही में सभी दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रूपये कर दिया गया है। इसके साथ–साथ राज्य के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई योजना के रूप में दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना शुरू की गयी है ताकि सभी दिव्यांग बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के समान अवसर मिल सके और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

**''अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस''** के अवसर पर मैं दिव्यांगजनों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ। आइए, अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा एवं समाज में उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम सभी संकल्प लें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 018724 (SWD) D. 2025-26


# भ्रष्टाचार मुक्त होगा भूमि सुधार विभाग : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने पूर्ववर्ती मंत्रियों की तरह इस विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करने के संकल्प को दोहराया है। मंगलवार को विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं निगरानी के लिए विशेष सेल बनेगा। वे स्वयं जिलों में समीक्षा करेंगे। इसकी शुरुआत 15 दिसंबर को लखीसराय से होगी। उपमुख्यमंत्री ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, शिकायत प्रबंधन प्रणाली, भूमि सर्वेक्षण एवं भू-लगान भुगतान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज मामलों की तिथिवार प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन तैयार होनी चाहिए, जिसमें अंचलाधिकारी से लेकर प्रमंडलीय आयुक्त स्तर तक की स्थिति स्पष्ट हो। निर्धारित समय सीमा में कितना काम हो रहा है,



यह दिन-प्रतिदिन की रिपोर्ट में साफ दिखना चाहिए। सिन्हा ने सभी स्तर के अधिकारियों की ग्रेडिंग करने का निर्देश दिया। कहा कि भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति की जांच कर उन पर नकेल कसी जाएगी। भ्रष्टाचारियों के लिए विभाग में कोई जगह नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी लगाने और अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम, पदनाम एवं संपर्क नंबर सहित सूचनापट प्रदर्शित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी का कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम मुख्यालय में स्थापित हो, ताकि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की गतिविधियों की निगरानी संभव हो सके। प्रधान सचिव सीके अनिल ने उपमुख्यमंत्री के निर्देशों का समय से पालन करने का निर्देश सभी अधिकारियों को दिया। बैठक में सचिव जय सिंह, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह, चकबंदी निदेशालय के निदेशक राकेश कुमार, भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की निदेशक जे प्रियदर्शिनी, भू अर्जन निदेशालय के निदेशक कमलेश कुमार सिंह, अपर सचिव डा. महेंद्र पाल, सहायक निदेशक आजीव वत्सराज, मोना झा, ओएसडी मणिभूषण किशोर, सुधा कुमारी, सोनी कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उद्योग मंत्री ने की उद्योग निदेशालय की व्यापक समीक्षा

# निवेश सुधारों की रफ्तार तेज करने का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता मे उद्योग निदेशालय, स्टार्टअप, एसआइपीबी, एमएसएमइ तथा औद्योगिक प्रोत्साहन से संबंधित सभी प्रमुख योजनाओं और नीतियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशालय से संबंधित सहायक निदेशक तथा संबंधित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा बैठक में सबसे पहले राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई। उद्योग मंत्री द्वारा राज्य में कुल एमओयू का संपूर्ण विवरण तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि बिहार की 2016 की औद्योगिक नीति और बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 प्रभावी रूप से जारी हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की टेक्सटाइल एवं लेदर नीति, एथनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति तथा लॉजिस्टिक नीति की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी निवेशक के आवेदन में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है और इस हेतु प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पोर्टल को ऐसी व्यवस्था से सुदृढ़ किया जाए जिससे सभी विभाग समयबद्ध तरीके से जवाब दें और निवेशक को वास्तविक ''वन-स्टॉप क्लियरेंस'' का अनुभव मिले।

बैठक में स्टार्टअप बिहार पॉलिसी 2022 की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एमएसएमइ क्षेत्र पर चर्चा के दौरान यह उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार एमएसएमइ क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम, आरएएमपी योजना और पीएमईजीपी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूत आधार प्रदान कर रही है। मंत्री ने कहा कि एमएसएमइ केंद्र न केवल उद्यमियों को प्रशिक्षण देंगे बल्कि उन्हें ऋण, तकनीकी समर्थन, बाजार सुविधा, ब्रांडिंग और मूल्य श्रृंखला विकास से भी जोड़ेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एमएसएमइ क्षेत्र पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए जिसमें क्लस्टर, बाजार पहुंच, वित्तीय प्रवाह, उद्यमियों की आवश्यकताओं और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का एकीकृत विश्लेषण हो। बैठक के अंत में उद्योग मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि उद्योग निदेशालय को प्रदेश के औद्योगिक विकास की धुरी के रूप में अपनी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करना होगा। एसआइपीबी बैठकों के अभिलेख और लंबित मामलों की पूरी सूची तैयार करने और उसे अद्यतन रखने का दायित्व भी उद्योग निदेशालय को सौंपा गया। मंत्री ने कहा कि उद्योग निदेशालय की दक्षता, समन्वय क्षमता और नीति-क्रियान्वयन की मजबूती आने वाले समय में बिहार के औद्योगिक भविष्य को निर्णायक रूप से प्रभावित करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उद्योग निदेशालय और विभाग की टीम की सक्रिय भूमिका के कारण बिहार जल्द ही निवेश, स्टार्टअप और एमएसएमइ विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने किया यूथ हॉस्टल का भ्रमण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के यूथ हॉस्टल के भृमण प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने किया। प्रोग्राम ऑफिसर सुधांशु राज ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन यूथ हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है जिसमें कोई भी छात्र या युवा कम समय के लिए रह सकता है। यह हॉस्टल ऐसे छात्रों और युवाओं के लिए कभी उपयोगी साबित हो रहा है जो परीक्षा या एक्सपोजर विजिट के लिए राज्य से बाहर जाते हैं उन्हें निम्न शुल्क पर रहने और भोजन की व्यवस्था है। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन लगातार सामाजिक गतिविधियों का संचालन करता है जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। देश के सभी राजधानी में यूथ हॉस्टल स्थापित है इसमें प्रबंधक, केयर टेकर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मी कार्य करते हैं। वही फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है युवाओं की आबादी 65 प्रतिशत है इसे ध्यान में रखकर हर जिला मुख्यालय में यूथ हॉस्टल बनाने की जरूरत है। टीम में बीएन कॉलेज के इशिता आनंद, मैहर खान, आयुष कुमार,विवेक कुमार,हिमांशु कुमार, श्री अरबिंद महिला कॉलेज के ज्योति कुमारी, अंकिता कुमारी, अंजू कुमारी, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के सपना कुमारी समेत दर्जनों इंटर्न मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गणित एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय गणित दिवस-2025 एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीनस्थ बिहार काउंसिल अन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स-2025 एवं सर सी.वी. रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस-2026 प्रतियोगिता परीक्षा 29 नवंबर से 01 दिसंबर 2025 तक तीन दिनों में चार पालियों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन राज्य के सभी जिलों में अवस्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में किया गया। कुल 80,927 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, चूँकि अनेक छात्र-छात्राओं ने गणित एवं विज्ञान दोनों विषयों में परीक्षा देने का विकल्प चुना, इसलिए परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़कर 95,911 हो गई। यह परीक्षा राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसंबर, 2025) एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी, 2026) के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रत्येक विषय के लिए 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न निर्धारित थे जिसमें नकारात्मक अंकन की व्यवस्था भी की गई थी। पुरस्कार विवरण- राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 5000 एवं 3000 मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। वहीं, जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं तथा राज्य स्तर के शीर्ष विजेताओं को राजधानी पटना में आयोजित समारोह में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री एवं सचिव द्वारा लैपटॉप, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

इसी अवसर पर राज्य के सभी जिलों में स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में भी राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसंबर, 2025) एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी, 2026) का आयोजन भी किया जायेगा। इस दिन जिला स्तर पर तृतीय से दसवें स्थान तक प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त अथवा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। साथ ही तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 800, 700 एवं 600 की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जायेगी। यह परीक्षा बिहार काउंसिल अन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई जो राज्य भर में छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं गणितीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास रहा है।

### सहकारिता मंत्री ने की दरभंगा, सारण एवं कोशी प्रमंडलों में धान अधिप्राप्ति प्रगति की समीक्षा

# अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति में पारदर्शिता रखने का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने धान अधिप्राप्ति प्रगति की प्रमंडलवार समीक्षा के क्रम में दरभंगा, सारण एवं कोशी प्रमंडलों के जिलों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। आज की समीक्षा बैठक में निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, धान अधिप्राप्ति के राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी संयुक्त निबंधक शंभू सेन, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां समरेश कुमार उपस्थित रहे। साथ ही इन प्रमंडलों के संयुक्त निबंधक एवं संबंधित सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक, जिला सहकारी बैंक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री ने सभी जिलों में धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में तय लक्ष्य 36.85 लाख मेटन धान की अधिप्राप्ति कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिलावार मिशन मोड कार्ययोजना बनाकर तत्परता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि धान अधिप्राप्ति राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की देरी, अनियमितता या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों के अधिकारियों को अपने कार्यसंस्कृति में बदलाव लाते हुए लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूरी गंभीरता एवं जिम्मेवारी के साथ कार्य करने का निदेश दिया। राइस मिलों की टैगिंग उनकी वास्तविक क्षमता के अनुसार यथाशीघ्र एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ, किसानों द्वारा धान जमा कराने के 48 घंटे के भीतर उनका भुगतान नामित खातों में भेजना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निदेश दिया। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसानों को होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिलास्तरीय नियंत्रण एवं निगरानी को और सुदृढ़ किया जाए। मंत्री ने यह भी निदेश दिया कि धान अधिप्राप्ति से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकें। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि धान अधिप्राप्ति में लगे पदाधिकारी राज्य मुख्यालय से अवकाश की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विभागीय समीक्षा बैठक में सारे पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी साथ ही अनुपस्थित पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। धान अधिप्राप्ति में बेहतर कार्य करने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल द्वारा 01 नवम्बर 2025 से राज्य के कोशी, पूर्णिया, तिरहुत, दरभंगा एवं सारण प्रमंडल के सभी जिलों में तथा राज्य के शेष जिलों में 15 नवम्बर 2025 से धान अधिप्राप्ति प्रारंभ हो गया है। विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान 2369/- रु. प्रति क्विंटल तथा धान (ग्रेड-ए) 2389/- रू प्रति क्विंटल की दर से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है। इच्छुक किसानों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित एवं भूमि से संबंधित तथा अन्य सूचनाओं को अंकित किए जाने के पश्चात उन किसानों से धान का क्रय पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों द्वारा बायोमेट्रीक सत्यापन के माध्यम से किया जा रहा है। क्रय किये गये धान के मूल्य के लिए किसानों को सहकारी बैंक के एडवाइस के आधार पर 48 घंटों के अन्दर भुगतान नामित के खाते में की जा रही है। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अन्तर्गत साफ-सुथरे एवं सूखे हुए धान जिसकी नमी की मात्रा भारत सरकार द्वारा निर्धारित 17 प्रतिशत से अधिक न हो, को ध्यान में रखते हुए किसानों से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है।

## शिव शंकर आनंद ने किया एडवांस रॉक क्लाइम्बिंग कैंप में रोप लीडर का गौरव हासिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के एन.सी.सी. कैडेट शिव शंकर आनंद ने गुजरात के जूनागढ़ में आयोजित एडवांस रॉक क्लाइम्बिंग कैंप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। कठिन अभ्यासों और अंतिम मूल्यांकन में बेहतरीन दक्षता प्रदर्शित करने पर उन्हें रोप लीडर के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 8 गुजरात बटालियन के कमांडेंट कर्नल अमित त्यागी द्वारा प्रदान किया गया। कैंप के दौरान शिव शंकर आनंद ने रॉक क्लाइम्बिंग, रोप तकनीक, सुरक्षा प्रोटोकॉल और नेतृत्व कौशल में असाधारण दक्षता दिखाई। उन्होंने टीम सहयोग और नेतृत्व की मिसाल पेश करते हुए सभी प्रतिभागियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। अंतिम मूल्यांकन में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। बी. डी. कॉलेज प्रशासन और एन.सी.सी. इकाई ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा शिव शंकर आनंद ने अपने अनुशासन, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता से न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है बल्कि बिहार राज्य को भी गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि आने वाले कैडेट्स के लिए प्रेरणा बनेगी।

## सीएनजी वाहन से अचानक गैस रिसाव, समय रहते हादसा टला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी-गया मुख्य मार्ग पर स्थित वकीलगंज के समीप मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया। गैस परिवहन कर रहे एक सीएनजी वाहन से अचानक तेज गैस रिसाव शुरू हो गया। गैस निकलते ही वाहन चालक घबराकर वाहन सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई। गैस रिसाव देखते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्परता से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित कराया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तकनीशियन को बुलाया गया जो समय रहते पहुंच गया और गैस रिसाव को नियंत्रित कर दिया। तकनीकी दोष दूर होने के बाद वाहन को उसके गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती जाती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। गैस रिसाव पर काबू पाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और स्थिति सामान्य हो गई।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा जनसेवा और पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहे हैं। उन्होंने जिस कुशलता से संगठन और सरकार के दायित्वों का निर्वहन किया है, वह अतुलनीय है। आपके कुशल नेतृत्व में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। भाजपा आज जन-जन की पार्टी बन चुकी है, उसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्र और पार्टी के प्रति आपका समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना और कामना करता हूं।

## सोनपुर मेले में चिंग्स का आकर्षक स्टॉल लोगों के बीच बना चर्चा का केन्द्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सोनपुर।** बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले में इस बार चिंग्स का आकर्षक स्टॉल लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर लगातार हो रही फ्री सैंपलिंग ने हजारों-लाखों आगंतुकों को अपनी ओर खींचा है जहां उपभोक्ता बड़े उत्साह के साथ चिंग्स के गरमागरम और स्वादिष्ट प्रोडक्ट्स का स्वाद ले रहे हैं। इस बार मेले में नया कॉन्सेप्ट भी खास आकर्षण बना है जो आगंतुकों को ताजा और गर्म सूप परोसकर एक अनोखा अनुभव दे रहा है। इस नई पहल ने मेले के माहौल में और ऊर्जा भर दी है तथा लोगों में गरमागरम सूप के प्रति खास उत्साह देखने को मिल रहा है। बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए चिंग्स स्टॉल पर विशेष टीम की तैनाती की गई है जिससे आने वाले उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

## मुजफ्फरपुर में जैन मुनि श्री विशल्यसागर जी पर हमले का प्रयास

### अभद्रता के बाद मुनिराज ने साधा मौन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मिथिलापुरी एनएच पर मानवता और धर्म को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां विहार कर रहे जैन मुनि श्री विशल्यसागर जी मुनिराज के साथ एक अज्ञात युवक ने अभद्रता की और हमले का प्रयास किया। घटना नगर पंचायत सरैया से कुछ दूरी पर स्थित ढोकरा स्थान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनिराज शांतिपूर्वक अपना विहार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक सवार वहां पहुंचा। उसने न केवल मुनिराज के साथ गाली-गलौज की, बल्कि दिगंबर साधु की मर्यादा के विरुद्ध जाकर उन्हें जबरन वस्त्र पहनाने की धमकी भी दी। उपसर्ग मानकर ध्यान में लीन हुए मुनिराज इस घोर अपमान और हमले की कोशिश के बावजूद, मुनि श्री विशल्यसागर जी ने अपनी सहनशीलता और संयम का परिचय दिया। उन्होंने इस घटना को एक 'उपसर्ग' (साधना में आने वाली बाधा/परीक्षा) मानते हुए तत्काल मौन धारण कर लिया। वे बिना किसी विरोध के उसी स्थान पर सड़क किनारे ध्यान मुद्रा में होकर बैठ गए। मुनिराज की इस क्षमाशीलता ने जहां एक ओर जैन समाज को भावुक कर दिया है, वहीं बदमाशों की इस हरकत से श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है।

## 63 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चौकी, डोभी की पुलिस ने विदेशी शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सीएनजी टेंपू से 63 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया वाहन निबंधन संख्या बीआर-03पीबी-1061 है। घटना समेकित जांच चौकी, डोभी, गया की है जहां जांच के क्रम में टेंपो से अवैध शराब मिली। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रंजन कुमार (उम्र लगभग 23 वर्ष), पिता राज कुमार मांझी, साकिन सुग्गासोत, थाना बहेरा, जिला-गया के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि तस्करी से जुड़े पूरे प्रकरण में योजना अनुसंधान के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा। छापेमारी दल में बली यादव, हलेन्द्र कुमार, विजय कुमार, धर्मेन्द्र बैठा तथा मद्यनिषेध सिपाही एवं गृह रक्षक जवान शामिल थे जिन्होंने कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## अक्षर आंचल योजना की महापरीक्षा को लेकर बैठक, 2200 महिलाएं होंगी शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र कोंच के प्रांगण में महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए संचालित अक्षर आंचल योजना अंतर्गत आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापरीक्षा की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमन ने की। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड स्तर पर कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां योजना के तहत 2200 महिलाएं महापरीक्षा में शामिल होंगी। संकुलवार आंकड़े इस प्रकार हैं - अदई 160, मुड़ेरा 80, सिंदुआरी 160, सियाडीह 240, गौरीबिगहा 160, उतरेन 240, आंती 80, देवरा 160, काबर 320, कोंच 200, कैयाटांड़ 200 तथा खजुरी 200 महिलाएं परीक्षा देंगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित कराने के लिए क्लस्टर का गठन कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बीईओ डॉ. रमन के साथ केआरपी मुन्द्रिका रजक, सभी भीटी एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

# आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर में लगेगा एमबीए कॉलेज का मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ठ पहचान रखने वाले शिक्षाविद डॉ सुनील कुमार सिंह के द्वारा संचालित आइआइएम वाला कोचिंग इंस्टीट्यूट बिहार झारखंड के स्टूडेंट्स की पहली पसन्द बन चुकी है। कैट, आईपीमैट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आइआइएम वाला भारत के प्रतिष्ठित कोचिंग में शुमार है। 5 दिसंबर (शुक्रवार) को पटना के प्रसिद्ध होटल मौर्या (गांधी मैदान) में आइआइएम वाला के बैनर तले एमबी/पीजीडीएम एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के सभी बड़े और प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटीज शामिल होंगे। डॉ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर में इस बार सिर्फ मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटीज को ही आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें यूजी के छात्र-छात्राएं शामिल नहीं होंगे क्योंकि यूजी स्टूडेंट्स के लिए अप्रैल में अलग से एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जायेगा। डॉ. सुनील ने बताया कि एजुकेशन फेयर को आयोजित करने में अपने स्टूडेंट्स और देश के बड़े कॉलेज और यूनिवर्सिटीज का काफी सहयोग मिल रहा है। खास कर छात्राओं का इस आयोजन में उत्साह और सहयोग सराहनीय है। डॉ सुनील ने बताया कि ऐसे आयोजन में स्टूडेंट्स के शामिल होने से उनका मैनेजेरियल स्किल काफी बढ़ जाता है। भारत के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज आइआइएम काशीपुर से प्रबंधन की पढ़ाई कर चुके डॉ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे एजुकेशन फेयर कराने का उद्देश्य स्टूडेंट्स को अपने शहर में रह कर हीं देश के नामचीन संस्थानों से रूबरू हो कर संपूर्ण जानकारी मिल जाती है। शिक्षा और खेल में विशिष्ठ योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हो चुके डॉ सुनील सिंह पिछले 25 वर्षों से कॉमर्स विषयों में अग्रणी कोचिंग जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के भी निदेशक हैं। एजुकेशन फेयर के पूर्व 2 दिसंबर (मंगलवार) को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डॉ सुनील के द्वारा फेयर में शामिल होने वाले आइटीएम बिजनेस स्कूल नवी मुंबई, जिम्स ग्रेटर नोएडा, एक्यूरेट ग्रेटर नोएडा, जी एल बजाज ग्रेटर नोएडा, आइएसबी एंड एम पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ यूनिवर्सिटी पुणे, एलायंस यूनिवर्सिटी बैंगलोर, संदीप यूनिवर्सिटी नासिक/ मधुबनी, एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत, जी डी गोयनका यूनिवर्सिटी गुड़गांव, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना, मानव रचना फरीदाबाद हरियाणा, हरिशंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस जयपुर, एनआईईटी ग्रेटर नोएडा, आई जी बंगलौर, ग्राफिक एरा देहरादून, आइआइएलएम ग्रेटर नोएडा, विश्वा विश्वानी हैदराबाद, श्री श्री यूनिवर्सिटी कटक, आरआईटी रुड़की, आईएसएम पटना की घोषणा की गई। आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर को सफलता पूर्वक आयोजित करने वाले छात्र-छात्राओं में सोनम, अदिति आर्ची सिंह, प्रतिभा, राशि, अहाना, खुशी, पुनः, सरगम, मौली, अपूर्व, प्रिंसी शामिल हैं।



# वैज्ञानिक पद्धति से फसल बुआई के बताये गये सरल तरीके

## कृषि विभाग की ओर से कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भीतरीबांध पंचायत के भीतरीबांध गांव व अमांव गांव के सामुदायिक भवन में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के एटीएम रौशन कुमार ने सबसे पहले किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन व रबी फसल की खेती से संबंधित वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है, इसलिए इसके बेहतर प्रबंधन पर किसानों को जरूर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रबी फसल की बुआई के समय दलहन और तेलहन की खेती पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। गेहूं-धान की लगातार खेती से भूमि एक ही अवस्था में बनी रहती है जबकि दलहन लगाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। दलहन फसल कम समय में तैयार होती है और अगली फसल के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है जिससे खेती चक्रीय रूप से संतुलित रहती है। साथ ही किसानों को सरसों, गेहूं, मटर और चना की वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई के सरल तरीके बताये गये। इसके साथ ही आत्मा एटीएम अमन कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पोषक तत्व प्रबंधन तथा आत्मा योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। उपस्थित किसानों का प्रशिक्षण, परिभ्रमण, किसान पाठशाला आदि विषयों की जानकारी दी गयी। प्रखंड कृषि उद्यान पदाधिकारी सूरज कुमार ने उद्यान विभाग की योजनाओं, कृषि विभाग के योजना से संबंधित जानकारी सहित बीज वितरण आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर दर्जनों पुरुष व महिला किसान उपस्थित थे।

# बास्केटबॉल राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता (बास्केटबॉल) 2025-26 का आयोजन 2 नवम्बर को मल्टीपर्पस हॉल सासाराम (बास्केटबॉल) में किया गया जो 4 नवम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त, रोहतास के द्वारा किया गया, उनके साथ ओम प्रकाश लाल, वरीय उप समाहर्ता, रोहतास, प्रमोद कुमार, प्रभारी, जिला विकास शाखा, रोहतास, निदेशक डीआरडीए, रोहतास उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के द्वारा पौधा एवं क्रिकेट बॉल देकर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वललित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रोहतास ने अपने सम्बोधन में कहा गया की बिहार सरकार एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित यह खेल प्रतियोगिता न सिर्फ आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती है अपितु आपके सपनों को साकार करने का भी अवसर प्रदान करती है। बिहार सरकार द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत कितने ही खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान की गई है। वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश ने खिलाड़ियों कों क्जेल भावना के साथ खेलने की अपील की। प्रमोद कुमार, प्रभारी जिला विकास शाखा ने खिलाड़ियों को एकजुट होकर टीम स्पिरिट के साथ खेलने को कहा। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, रोहतास ने कहा कि राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, खेल विभाग का एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। लगभग 12 जिलों से 280 खिलाड़ियों के साथ 40 टीम प्रभारी आये हुए हैं। खिलाड़ियों का आवासन शेर शाह सूरी इंटर स्तरीय विद्यालय, सासाराम में किया गया है। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु 30 शारीरिक शिक्षकों तथा सामान्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है जिसमें प्रभात पाठक, शम्भू राय, विकास तिवारी, नरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, प्रेम प्रकाश कुमार, मनोज कुमार, उज्ज्वल कुमार सिंह, नरेन्द्र यादव, शशि रंजन, अभिमन्यु श्रीवास्तव, शशांक राय, अनुपम कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षिका नूतन पाण्डेय उच्च विद्यालय, तिलौथू के द्वारा किया गया। उदघाटन मैच अंडर-14 बेतिया बनाम समस्तीपुर खेला गया जिसमें समस्तीपुर ने 14-16 से मैच अपने नाम किया।

# मृतक के साथी के पकड़ाने पर पशु तस्करी का मामला आया सामने, प्राथमिकी दर्ज

## कर्मनाशा नदी पुल के नीचे युवक की मौत मामले में नया मोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** यूपी-बिहार बॉर्डर पर खजुरा स्थित कर्मनाशा नदी पुल के नीचे घायल अवस्था में मिले मुकेश कुमार की मौत मामले में उसके साथी धर्मेंद्र के पकड़े जाने के बाद एक नया मोड़ पशु तस्करी से जुड़ता दिख रहा रहा है। धराये धर्मेंद्र ने घटना के बारे में बताया है कि सोमवार को करीब तीन बजे वह और मुकेश अपने गांव बाबूरहन से मिर्जापुर के लिए बोलेरो से निकले थे और बोलेरो में मवेशी लाद कर मिर्जापुर से बिहार की तरफ जा रहे थे। बोलेरो मुकेश चला रहा था। नौबतपुर के पास रात करीब 11 बजे बोलेरो एक कार में टकराते हुए पुल से टकरा गयी जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। घटना को देखते हुए हम दोनों डर गये और डर के मारे हम दोनों दो दिशाओं की ओर भागने लगे। मैं वहां से नौबतपुर को ओर भाग कर झाड़ी में छुप गया। धर्मेंद्र ने आशंका जतायी कि भागने के क्रम में ही मुकेश पुल के नीचे गिर पड़ा होगा। उधर, सूचना पाकर सैयद राजा पुलिस मौके पर पहुंच गयी और बोलेरो और कार को कब्जे में कर लिया। बोलेरो में चार पशु लोड थे। घटना में कार चालक आशुतोष सिंह को भी चोटें आयी हैं। इस मामले में सैयद राजा पुलिस अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी। इसी बीच सोमवार की सुबह दुर्गावती पुलिस व परिजनों को सूचना मिली कि कर्मनाशा नदी पुल के नीचे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर कराह रहा है। सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस व मुकेश के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये और घायल मुकेश को अस्पताल ले जाया गया जहां मुकेश की मौत हो गयी। घटना के बाद मुकेश के पिता ने पुलिस को बताया था कि रविवार को करीब 3:30 बजे घर से मुकेश मुकद्दर के यहां चंदौली के लिए निकला था। साथ में उसका साथी धर्मेंद्र भी था, लेकिन धर्मेंद्र के पकड़े जाने के बाद मुकेश की मौत मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। सैयद राजा पुलिस ने भी पशु लदे बोलेरो को कब्जे में लेकर अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी जहां अब धर्मेंद्र के पकड़े जाने के बाद मामले की गुत्थी सुलझती दिखायी दे रही है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष**

इस संबंध में दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र को कस्टडी में लेकर पूछताछ की गयी। इस दौरान उसने बताया है कि बोलेरो में यूपी से पशुओं को लोड कर बिहार लाया जा रहा था, तभी नौबतपुर के पास बोलेरो एक कार में टकराते हुए पुल में टकरा गयी। घटना के बाद दोनों भाग निकले। थानाध्यक्ष ने बताया कि भागने के क्रम में ही मुकेश पुल के नीचे गिर गया होगा। मामला दुर्गावती थाने से जुड़ा नहीं है, यह मामला सैयद राजा थाने का है। धर्मेंद्र को भी सैयद राजा पुलिस को सौंपा जायेगा।

# हत्या मामले में पिता–पुत्र सहित तीन को आजीवन कारावास

## एडीजे तृतीय की अदालत ने सुनायी सजा, 25000 अर्थदंड लगाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** एडीजे तृतीय विनय कुमार तिवारी की अदालत ने भभुआ थाना अंतर्गत ग्राम कुंज निवासी शेषमुनि सिंह पिता राम अवतार सिंह, राम इकबाल सिंह पिता हरी सिंह व उनके पुत्र शैलेश सिंह पिता राम इकबाल सिंह को हत्या करने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है, साथ ही 25000 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतान होगी। अपर लोक अभियोजक सतीश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि विगत 16 जून 2019 को कुंज गांव के उपेंद्र सिंह की निर्मम हत्या चाकू से गोदकर कर दी गयी थी जिसकी प्राथमिकी मृतक के चाचा राजकुमार सिंह पिता स्वर्गीय लाल मुनी सिंह द्वारा भभुआ थाना कांड संख्या 340 सन 2019 दर्ज करायी गयी थी। राजकुमार सिंह ने अपने आवेदन में कहा था कि गुंजन सिंह, शेष मुनि सिंह, शैलेश सिंह, धीरज सिंह, देवमुनि सिंह, राम इकबाल सिंह और सुनील सिंह 16 जून 2019 को गांव के दैतरा बाबा के पास आठ बजे दिन में उपेंद्र सिंह के ऊपर चाकू से तब तक हमला करते रहे जब तक की उसकी मृत्यु नहीं हो गयी। घटना का कारण था कि अभियुक्तों द्वारा यह कहा जा रहा था कि तुम्हारे खाते में मेरे एक साथी द्वारा पैसा भेजा गया है, तब मृतक उपेंद्र सिंह द्वारा कहा गया था कि मैं बैंक अकाउंट चेक कर लेता हूं उसके बाद पैसा दे दूंगा, अभी आप लोग 2000 ले लीजिये। इसके बाद 1000 और दे दूंगा, इसी बात को लेकर बाद विवाद होने लगा और अंत में अभियुक्तों ने चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में बचाव पक्ष से अजीत कुमार सिंह ने पक्ष रखा था। मालूम हो इसी मामले में शेष चार आरोपितों की अलग सुनवाई चल रही है जिसकी सुनवाई फिलहाल प्रक्रिया में है।

# पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन–सोन।** वीर कुंवर सिंह, विश्वविद्यालय का अंतर महाविद्यालय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में होने जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन 5 एवं 6 दिसम्बर को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित होगा जिसका गुरुतर दायित्व वीर कुंवर सिंह, विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा ने उसे बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय के इतिहास में गौरव का एहसास कराती है ये तो दूसरी तरफ सफल आयोजन की जिम्मेवारी का निर्वहन चुनौती से कम नहीं है मेरा मानना है कि कुलपति प्रो डॉ शैलेंद्र चतुर्वेदी ने जिम्मेदारी दी है इसके लिए महाविद्यालय परिवार आभार प्रकट करता है। वही आयोजन खेलकूद प्रभारी प्रो. कन्हैया सिंह ने बताया कि आयोजन की जिम्मेवारी मिलते ही तैयारी का काम जोर-शोर से चल रहा है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए प्रो कमलनयन सिंह, बर्सर प्रो. फरीद आलम, प्रो. राजेंद्र राम, प्रो. इफ्तिकार आलम, प्रो. सचिदानंद कुमार, प्रो. अभिषेक कुमार, मुख्य लेखपाल राधारमण सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ने इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए अपने-अपने विचार प्रकट किए।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई

## शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते : शिक्षा पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** मध्यविद्यालय बलथरी में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह भावनाओं से भरा रहा। विद्यालय परिवार, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक को गरिमामय विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि शिक्षक सरकारी सेवा से भले ही रिटायर हो जाएं, लेकिन शिक्षण कार्य से कभी रिटायर नहीं होते। शिक्षा ही बच्चों के जीवन का दर्पण है और शिक्षक उस दर्पण को गढ़ने वाले सच्चे शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की वह शक्ति है जिनके संस्कार और मार्गदर्शन से भविष्य बनता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार सभी को एक समय पर सेवा से अलग होना पड़ता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म और उसकी शिक्षण शैली उसे हमेशा लोगों के बीच जीवित रखती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश प्रसाद सिंह ने की तथा मंच संचालन पूर्व समन्वयक एम.के. पाण्डेय ने किया। समारोह में बिहार राज्य प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, पीएम पोषण योजना प्रखंड प्रभारी संतोष कुमार, प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह, भरत सिंह, घूरफेकन चौधरी, कपिल सिंह एवं हीरालाल सिंह सहित कई पदाधिकारियों और शिक्षकों ने वक्तव्य दिया तथा शिक्षक के सेवाकाल एवं योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को विद्यालय के शिक्षकों मृत्युंजय पाण्डेय, मनीष मिश्र, रुखसाना, सलोनी कुमारी और कंचन तिवारी ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर प्रमोद तिवारी, संजय सिंह, जयराम पाल, राधेश्याम पाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# तिलौथू में 'कपड़ा बैंक' बना गरीबों का जीवनदाता

## ठंड में बना सहारा-10 वर्षों से जल रही मानवता की लौ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू।** भीषण ठंड में जहां कई गरीब परिवार गर्म कपड़ों के अभाव में जीवन जीने को मजबूर हैं, वहीं तिलौथू प्रखंड में चल रहा 'कपड़ा बैंक' इन परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रहा है। पिछले 10 वर्षों से लगातार संचालित यह मानवीय अभियान आज सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों के लिए गरमाहट की ढाल और उम्मीद की किरण बन चुका है। कपड़ा बैंक सिर्फ एक समाजसेवी अभियान नहीं बल्कि गरीबों का जीवन बचाने वाला आश्रय और मानवता की सच्ची मिसाल बन गया है। हर त्यागा हुआ कपड़ा बन रहा है किसी का सहारा।

कपड़ा बैंक से अब तक हजारों गरीबों को कपड़े, कंबल, जैकेट, स्कूल ड्रेस, जूता-चप्पल और आवश्यक वस्त्र उपलब्ध कराए गए हैं। लोगों के द्वारा दान किए गए पुराने वस्त्र जरूरतमंदों के लिए नई गर्माहट और नई मुस्कान बनकर लौट रहे हैं जहां ठंड में लोग कंपकंपा रहे हैं, वहीं कपड़ा बैंक उनके लिए 'जीवन रक्षक सेवा' बनकर खड़ा है। दान देने की अपील–आपका एक कदम, किसी की जिंदगी बदल सकता है। इस अभियान के संचालक समाजसेवी सत्यानंद कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे आगे आकर नए-पुराने कपड़े, कंबल, जैकेट, जूते-चप्पल, स्कूल ड्रेस व अन्य उपयोगी वस्त्र दान कर इस मानवीय कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा किसी का पुराना कपड़ा, किसी गरीब के लिए जीवन की नई चमक बन जाता है। आइए, इस ठंड में मानवता की गर्माहट फैलाएं। कपड़ा बैंक-तिलौथू मानवता की सेवा में लगातार 10 वर्षों से अग्रणी, हजारों गरीबों तक पहुंचाई राहत, सामाजिक सरोकार का प्रेरक मॉडल। तिलौथू का कपड़ा बैंक आज पूरे जिले में मानवता और सहयोग की अद्भुत मिसाल बनकर सामने आया है।

# आग लगने से धान की फसल और पुआल जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरियां पंचायत के बसडीहां गांव में मंगलवार सुबह किसान कृष्णा सिंह, हरेंद्र सिंह, पारस सिंह व राजेश सिंह के लगभग 1.20 एकड़ में उपजा दो बिघा कतरनी धान व 15 कट्ठा पुआल आग से जलकर राख हो गया। आरोप है कि किसी ने जानबूझकर उनसे बदला लेने या अन्य द्वेष के कारण अनाज और पुआल को जला दिया। घटना की जानकारी मिलने पर किसान तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पूरा अनाज और पुआल जलकर राख हो चुका था। किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही खेतों से कतरनी चावल का बोझा काट कर रखा गया था जिसे अचानक जलते देखकर वे दंग रह गए। उन्होंने इस मामले की सूचना काराकाट थाना प्रभारी विवेक कुमार और अंचलाधिकारी रितेश कुमार को दी जिनके आने के बाद गश्ती टीम भी घटनास्थल पर गई। थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि दमकल टीम पहुंचने से पहले ही पूरी वस्तु जल चुकी थी। गांव के लोगों ने इस घटना को समाज के लिए निंदनीय बताया और यदि यह कार्य किसी ने जान बूझकर किया है तो दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बांक नहर के समीप इमामबाड़ा से दो साइकिल सवार तस्कर को 35 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं दोनों साइकिल को जब्त कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी किया गया जहां दो साइकिल सवार तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एक दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुडिया गांव निवासी मनोज सिंह के 25 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार से 20 लीटर तथा दूसरा बांक गांव निवासी बसगित राम के 45 वर्षीय पुत्र संजय पासवान से 15 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया।

# गैस सिलेंडर की चोरी

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जतन बिगहा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर दो भरे गैस सिलेंडर की चोरी कर ली। इस सम्बन्ध में मध्याह्न भोजन प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने अकोढ़ीगोला थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# फेनेस्टा ने सासाराम में पहले शोरूम के साथ बिहार में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रीमियम दरवाजों और खिड़कियों के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड फेनेस्टा ने सासाराम, बिहार में नए शोरूम के लॉन्च के साथ पूर्वी क्षेत्र में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार किया है। विवान ट्रेडिंग्स द्वारा संचालित यह शोरूम माइको के नजदीक, आर.के. पैलेस के सामने, ओल्ड जीटी रोड, सासाराम- 821115 पर स्थित है, जो देश भर में विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधान उपलब्ध कराने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। नया लॉन्च किया गया शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा के व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा जिसमें यूपीवीसी, एलुमिनियम विंडोज एवं डोर्स, सोलिड पैनल डोर और फॉसेड्स एवं प्रीमियम हार्डवेयर शामिल हैं। क्षेत्र में आधुनिक आर्कीटेक्चर और जीवनशैली की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया यह शोरूम घर के मालिकों, आर्कीटेक्ट्स एवं बिल्डरों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन जाएगा जो मजबूत, आकर्षक और ऊर्जा-प्रभावी समाधान चाहते हैं। लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहा सासाराम में अपने पहले शोरूम का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह बिहार का महत्वपूर्ण और तेजी से विकसित होता बाजार है। विवान ट्रेडिंग्स के साथ यह साझेदारी उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के आकर्षक एवं बेहतरीन परफोर्मेन्स वाले प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है।

# दुर्गावती मुख्य नहर बाइपास पर उड़ते धूल के गुब्बार से चलना मुश्किल

## बगल से वाहन गुजरने पर पैदल व बाइक सवारों पर जम जा रही धूल की परत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** दुर्गावती मुख्य नहर बाइपास पर वाहनों के आवागमन से उड़ने वाले धूल के गुब्बार से राहगीरों व नहर की बगल वाली बस्ती में रहने वालों का जीना दुश्वार हो गया है। छोटे से लेकर भारी वाहनों के गुजरने से इस कदर धूल उड़ रही है, मानों धूल भरी आंधी आ गयी हो। यदि आप पैदल, बाइक से या खुली गाड़ी पर सवार होकर उक्त पथ से गुजरते हैं तो निसंदेह आप के कपड़ों पर धूल की परत जम जायेगी। स्थिति यह है कि यदि आपकी बगल से कोई बड़ा वाहन गुजरता है तो कुछ देर तक तो 20 मीटर से आगे आपको कुछ दिखायी भी नहीं देगा क्योंकि उड़ती धूल से पूरा मार्ग लिपटकर दिखना बंद हो जाता है। लंबे समय बाद ही सही, लेकिन उक्त नहर बाइपास का कालीकरण पसपिपरा के समीप से शुरु कर दिया गया है। उक्त पथ का लगभग 13 किलोमीटर तक कालीकरण किया जाना है। पूरब में पसपिपरा के समीप से लेकर पश्चिम में सियापोखर तक उक्त पथ का निर्माण कार्य किया जाना है। अगस्त माह से लेकर नवंबर के पहले सप्ताह के बीच कई बार गिट्टी डालकर दसौंती चौराहा से पसपिपरा के बीच उक्त पथ को बराबर किया जाता रहा। जुलाई में उक्त पथ पर उभरे गहरे गड्ढों में पानी भरने व सड़क पर मिट्टी फैलने से छोटे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया था, लेकिन अगस्त में उक्त बाइपास पथ पर गिट्टी डालकर बराबर कराने से राहगीरों को काफी सहूलियत हो गयी थी, लेकिन बरसात बितते ही अब उड़ने वाले धूल से लोग परेशान हैं। धूल सबसे अधिक एलर्जी वाले मरीजों के लिए घातक साबित हो रही है। इस समय लगभग 11 किलोमीटर के बीच उक्त पथ पर उड़ते धूल के गुब्बार ने लोगों के नाक में दम कर रखा है। दसौंती चौराहा एनएच 319 ए से लेकर पसपिपरा एनएच 319 को जोड़ने वाली दुर्गावती मुख्य नहर बाइपास सड़क पटना से रामगढ़ के लिए आने जाने वाले भारी वाहनों के लिए सबसे उपयुक्त पथ है क्योंकि शहर में सुबह के नौ बजे से रात नौ बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहता है, साथ ही आरओबी 60 के क्षतिग्रस्त होने से उस पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित कर लंबे समय से ओवर हाइट बैरियर लगाया गया है जिससे उक्त पथ पर भारी वाहनों का दबाव अधिक हो गया है। वहीं, जिस गति से नहर बाइपास पथ का कालीकरण किया जा रहा है, उम्मीद है कि नये वर्ष 2026 के जनवरी से उक्त पथ से गुजरने वाले लोगों को धूल भरी आंधी से निजात मिल जायेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

**TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q4/2025/3099**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2026 से 31.03.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 09.12.2025 से 15.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 09.12.2025 से 15.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 18.12.2025 से 21.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 18.12.2025 से 21.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 22.12.2025 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

**नोट :–**
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**वरीय अधीक्षक**
**केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

**PR 367512 District(25-26)#D**

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## रचनात्मकता और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर रहा युवा उत्सव





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण और उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कला, साहित्य, संगीत एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से निर्णायक मंडल एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया। नीचे विभिन्न प्रतियोगिताओं के घोषित परिणाम दिए जा रहे हैं—

विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

समूह लोक नृत्य
प्रथम स्थान – स्वाती कुमारी, रिया कुमारी, सृष्टि कुमारी, विजया कुमारी, प्रज्ञा कुमारी (इंटर विद्यालय, रोह)
द्वितीय स्थान – करिश्मा कुमारी, खुशबू कुमारी (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय)

वक्तृता
प्रथम स्थान – सिंधु कुमारी (सर्वोदय इंटर विद्यालय)
द्वितीय स्थान – सोनम कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समडी)
तृतीय स्थान – रीना राय (एसएनएस प्लस 2 हाई स्कूल, नारपुर)

कहानी लेखन
प्रथम स्थान – खुशी कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय, बगोदर हिसुआ)
द्वितीय स्थान – प्रियंका कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

कविता लेखन
प्रथम स्थान – राकेश कुमार (इंटर विद्यालय, चकवाय)
द्वितीय स्थान – सृष्टि कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय, बगोदर)

चित्रकारी
प्रथम स्थान – सोनाली कुमारी (के. एल.एस. कॉलेज, नवादा)
द्वितीय स्थान – निशु रानी (रामधन मूलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय)
तृतीय स्थान – मनीष कुमार (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

समूह लोक गायन
प्रथम स्थान – कृतिका राय, ब्यूटी कुमारी, नेहा कुमारी (रामधन मूलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, पकरीबरांवा)
द्वितीय स्थान – फ्रूटी कुमारी, ललिता कुमारी (एसएनएस नारपुर पकरिया विद्यालय)
तृतीय स्थान – मुस्कान कुमारी, संगम कुमारी, बिंदी कुमारी, सोनम कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

यह युवा उत्सव जिले की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच बना, जिससे न केवल सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिला बल्कि साहित्यिक और रचनात्मक क्षमता को भी नई ऊर्जा प्राप्त हुई। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, वरीय उपसमाहर्ता अमरनाथ कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वर्षा आलोक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी इस बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। डीएम ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत पंजी का संधारण नियमित रूप से किया जाए तथा उसे अद्यतन रखा जाए। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी का सीयूजी मोबाइल निर्बाध रूप से सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने प्रखंड एवं अंचल स्तर पर जनता दरबार का नियमित आयोजन और प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। पब्लिक ग्रिवेंस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदन 12 घंटे के अंदर प्राथमिक स्तर पर निष्पादित किए जाएं। तकनीकी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि रैयती भूमि पर किसी भी प्रकार का कार्य शुरू करने से पहले संबंधित रैयत से एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए।



प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुपालन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर राशन कार्ड निर्माण हेतु नए केवाईसी को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड, डीएम जनता दरबार और लोक शिकायत निवारण से जुड़े सभी आवेदनों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने संबंधी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराएं। विधि शाखा से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित एमजेसी, सीडब्ल्यूजेसी, एलपीए मामलों का निष्पादन कैंप मोड में शीघ्रतापूर्वक किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया कि हर खेत तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रशिक्षु समाहर्ता, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत शाखा, गोपनीय शाखा के पदाधिकारी, आईटी मैनेजर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आईसीडीएस तथा विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी शामिल हुए। डीएम कुंदन कुमार ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए कई अहम निर्देश

# नालंदा कॉलेज में एड्स जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** एनएसएस एवं सेहत केंद्र के द्वारा नालंदा कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स के प्रति जागरुकता के लिए रेड रिबन अभियान एवं जागरूकता रैली आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेते हुए कॉलेज में सभी लोगों को रेड रिबन बांधकर एड्स के प्रति जागरूक किया। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने इस बारे में कहा कि एड्स प्रभावित व्यक्ति एक सामान्य जीवन जी सकता है, एचआईवी संक्रमित होना जीवन का अंत नहीं हैं क्योंकि एचआइवी संक्रमित व्यक्ति भी सही चिकित्सीय मदद एवं सहयोग से लम्बे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसलिए इस तरह के अभियान से युवाओं को संवेदनशील बनाने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विनीत लाल ने कहा कि एचआइवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं तक एचआइवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएं एवं जानकारियां पहुंचाना है। स्वयंसेवकों ने शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ मंजु कुमारी, सचिव डॉ रत्नेश अमन, अंग्रेज़ी विभाग के डॉ राम कृष्ण परमहंस, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ श्रवण कुमार, भूगोल विभाग की डॉ भावना, हिन्दी विभाग की डॉ चम्पा, गणित के डॉ उपेन मंडल, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ श्रद्धा सहित सभी शिक्षकों को रेड रिबन बांधकर जागरूकता अभियान चलाया जिसमें मुख्य रूप से एनएसएस के मोनू निगम, आशीष, कुंदन, मानसी, कृति, प्रेरणा, रजनी, अविनाश शामिल रहे।

# ट्रैक्टर से गिरकर मासूम बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के मोती बीघा गांव में मंगलवार की सुबह खेत में जुताई के दौरान बड़ा हादसा हुआ। ट्रैक्टर पर बैठे आठ साल के बच्चे की रोटावेटर में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा फैल गया है। मोती बीघा निवासी संजीव पासवान सुबह ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। उनका 8 वर्षीय बेटा कृष कुमार भी ट्रैक्टर पर ही बैठा था। काम के दौरान संजीव ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान कृष फिसलकर नीचे गिर गया और सीधे रोटावेटर के पास जा पहुंचा। रोटावेटर चल रहा था, जिसकी चपेट में आने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कृष को पहले सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने तुरंत उसे बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष कुमार तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और गांव के मध्य विद्यालय में छठी कक्षा का छात्र था। अस्पताल में मौत की पुष्टि के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई नहीं कराए और शव को लेकर सीधे गांव लौट गए। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे अत्यंत दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया।

# डीएम ने की 22 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने 22 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। परिवादी शंकर दयाल सिंह द्वारा दर्ज शिकायत कृषि कार्य हेतु पोल एवं तार लगाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। इसी तरह रहुई अंचल अंतर्गत परिवादी चन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा दर्ज शिकायत गलत तरीके से परिमार्जन प्लस के द्वारा बनाये गये जमाबंदी सं0 235 को रद्द करने से संबंधित, परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत छज्जा से दूर करने के लिए पोल पर लोहा के एंगल लगवाने से संबंधित समस्या, एकंगरसराय अंचल अंतर्गत परिवादी श्याम देव प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या, परिवादी अरुण कुमार मयंक द्वारा दर्ज शिकायत परिवादी की दादी की जमाबंदी में छेड़छाड़ करने से संबंधित समस्या, राजगीर अंचल अंतर्गत परिवादी सत्येंद्र कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण हटाने से संबंधित समस्या, हिलसा अंचल अंतर्गत परिवादी रामनाथ सिंह द्वारा दर्ज शिकायत अवैध ढंग से मकान बनाने से संबंधित समस्या, रहुई अंचल अंतर्गत परिवादी संगीता देवी द्वारा दर्ज शिकायत गैरमजरूआ आम खाते के जमीन से अतिक्रमण हटाने से संबंधित समस्या, परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या, इस्लामपुर अंचल अंतर्गत परिवादी विकास आनंद द्वारा दर्ज शिकायत नामांतरण अभिलेख पोर्टल पर बारकोड सहित अपलाड करने से संबंधित समस्या, हिलसा अंचल अंतर्गत परिवादी राहुल कुमार द्वारा दर्ज शिकायत जमाबंदी रद्दीकरण कराने से संबंधित समस्या का जिलाधिकारी द्वारा निष्पादन किया गया।



# सीआरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र राजगीर में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रशिक्षण केंद्र राजगीर में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ किया गया। भारत सरकार की पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक निखिल रस्तोगी के मार्गदर्शन में अधिकारी और जवान एकजुट होकर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। पखवाड़े के दौरान केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता अभियान, कूड़ा प्रबंधन, पॉलिथीन के उपयोग से बचाव संबंधी जागरूकता, बैनर- पोस्टर लगाना तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई जैसे कार्य मुख्य रूप से शामिल हैं। जवानों द्वारा स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु पौधारोपण अभियान भी शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वच्छ हवा, हरित वातावरण और प्रदूषण नियंत्रण को मजबूत बनाना है। शुभारंभ के मौके पर डीआइजी निखिल रस्तोगी ने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन में शामिल किए बिना स्वच्छ समाज और स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों में भी आगे रहते हैं और स्वच्छता अभियान इसका प्रमुख उदाहरण है। कार्यक्रम में कमांडेंट डॉ. नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट चंदु कोले, सहायक कमांडेंट अमित कुमार और सहायक कमांडेंट चंदन कुमार तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद ने की डे-केयर कैंसर सेंटर खोलने की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** आम बजट–2025 में जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की घोषणा को लेकर नालंदा में उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस ऐतिहासिक पहल से देशभर के कैंसर मरीजों को अपने ही जिले में उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे बड़े शहरों के अस्पतालों पर दबाव कम होने के साथ मरीजों को लंबे सफर और आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। बजट में हुए इस प्रावधान को स्वास्थ्य सेवाओं के विकेन्द्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नालंदा के लिए विशेष पहल की मांग उठाई है। सांसद ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, यह समय की जरूरत है। इसी क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ स्थित जिला अस्पताल में जल्द से जल्द डे-केयर कैंसर सेंटर की स्थापना करने का आग्रह किया है। साथ ही इस सुविधा के लिए अलग से एक समर्पित वार्ड बनाए जाने की भी मांग की ताकि कैंसर उपचार की सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से न केवल मरीजों की परेशानी कम होगी बल्कि उन्हें बड़े शहरों में इलाज के लिए भटकना भी नहीं पड़ेगा।

# कचरा बन रहा वातावरण के लिए खतरा, प्रशासन मौन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत का कचरा अनुमंडल कार्यालय के पीछे विगत कई वर्षों से बेरोकटोक फेंका जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध और वातावरण प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। कचरे में अक्सर आग लग जाती है, जिससे जहरीला धुआं उठता है और वातावरण और भी दूषित हो जाता है।हरदिया के निवासियों ने कचरे के इस अवैध डंपिंग के खिलाफ लोक शिकायत निवारण में केस दर्ज कराया था। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने कचरा फेंकने के लिए एक वैकल्पिक स्थान का चयन भी किया था, लेकिन अभी तक उसे धरातल पर लागू नहीं किया जा सका है।हरदिया सेक्टर-ए के दर्जनों लोग कचरे के जलने से बेहद परेशान हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं, "यहां का वातावरण इतना दूषित हो गया है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को खांसी और सांस की बीमारी हो रही है। प्रशासन को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।"

नगर पंचायत के अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कचरा निपटान के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कचरे की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। समाजसेवी जयपाल यादव ने बताया कि कचरा फेंकने के लिए चिन्हित स्थल पर तुरंत काम शुरू किया जाए। कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए।साथ ही वातावरण प्रदूषण को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए। इस बाबत प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि नगर पंचायत के कचरा फेंकने के लिए रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में स्थल चिन्हित किया गया है,किंतु न्यायालय में चल रहे एक वाद के कारण कचरा वहां नहीं फेंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय के लिए अनुमंडल कार्यालय के समीप आगामी कुछ दिनों में भूमिपूजन किया जाना है। तब स्वतः अनुमंडल कार्यालय के पीछे कचरा फेंकना प्रतिबंधित हो जाएगा।

# 3 से 18 दिसंबर तक दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में दिव्यांगजनों के हित में विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन 3 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक विभिन्न प्रखंडों एवं नगर क्षेत्रों में किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत करने, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से यूडीआइडी कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करने, पूर्व से बने प्रमाण-पत्रों का डिजिटल अद्यतन कर नई यूनिक कार्ड निर्माण प्रक्रिया को पूर्ण करने, डिजिटल अप्लीकेशन-1179 से संबंधित नवीनीकरण एवं नए आवेदन स्वीकार करने, बायोमेट्रिक सत्यापन, आधार प्रमाणीकरण, फोटो अपलोड, आवश्यक चिकित्सकीय जांच तथा सभी श्रेणियों यथा–दृष्टि, श्रवण, अस्थि, मानसिक एवं बहु-दिव्यांगता की परीक्षण व्यवस्था एक ही स्थल पर उपलब्ध रहेगी। जिला स्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार नवादा जिले में 24,745 प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों में से 13,423 के यूडीआइडीकार्ड तैयार हो चुके हैं तथा लगभग 11,322 दिव्यांगजनों के कार्ड निर्माण लंबित हैं, जिसे शीघ्र पूरा करने के उद्देश्य से यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविरों में सभी लाभार्थियों के लिए सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिस पर सेवा शुल्क 10/- रुपये निर्धारित है। प्रत्येक प्रखंड व नगर क्षेत्र में शिविर प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक संचालित होगा तथा संबंधित प्रखंड/नगर स्तर के पदाधिकारी, कर्मी, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, जीविका समूह एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मी दिव्यांगजनों को शिविर में उपस्थित कराने हेतु आवश्यक सूचना प्रसारित करेंगे तथा स्थल पर सहयोग प्रदान करेंगे। लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे आधार कार्ड, पहले से उपलब्ध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, फोटो तथा आवश्यक चिकित्सीय अभिलेख के साथ निर्धारित तिथि को शिविर स्थल पर उपस्थित हों ताकि सभी पात्र दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र एवं यूडीआइडी कार्ड का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवी संस्थाओं से भी अपेक्षा है कि वे अधिकाधिक दिव्यांगजनों को शिविर तक पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे। सभी दिव्यांगजनों को यूडीआइडी कार्ड उपलब्ध करवाने एवं संबल योजनांतर्गत आवेदन सृजन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 3.12.2025 से दिनांक 18.12.2025 तक सभी कार्य दिवसों में प्रखंडवार विशेष शिविर के आयोजन हेतु तिथि एवं स्थान का निर्धारण निम्नवत् किया गया है।

# आशा, आंगनबाड़ी और एनजीओ कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की तैयारी को लेकर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिलसा में आशा, आंगनबाड़ी और एनजीओ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार वरनाला ने किया। कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित हुआ, जिसमें डब्ल्यूएचओ मॉनिटर विनेश कुमार सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक देने की प्रक्रिया, सावधानियों और घर-घर अभियान के मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी घर में बच्चा मौजूद न हो तो उसे एक्स कैटेगरी में दर्ज किया जाए, और उसी दिन या अगले चरण में टीम द्वारा दोबारा उस घर का दौरा कर छूटे बच्चे को दवा पिलाई जाए। अभियान 14 से 18 दिसंबर तक चलाया जाएगा, जबकि 20 दिसंबर से बी-टीम द्वारा छूटे बच्चों को पोलियो खुराक देने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर आरआई नोडल पदाधिकारी डॉ. गौरी शंकर, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूनम सागर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार अकेला, एमएफपीडब्ल्यू रंजीत रंजन, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर दिनेश कुमार सिन्हा, निम्न वर्गीय लिपिक संजय कुमार सिन्हा सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहली घटना हिलसा–फतुहा मुख्य मार्ग स्थित चंदकुरा गांव के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हालत गंभीर हो गई। जख्मी की पहचान गनीपुर गांव निवासी मिथिलेश चौहान के 30 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार देर रात वह डियावां से अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। दूसरी घटना मंगलवार को हिलसा–एकगरसराय मुख्य मार्ग पर मीना बाजार के पास घटी, जहां बाइक दुर्घटना में अमित कुमार (20 वर्ष), निवासी जूनियर गांव, जख्मी हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

# लगातार तीसरे दिन हाथियों का जारी रहा उत्पात, किसान आतंकित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** जमुई जिला के जंगली इलाकों से भटककर शनिवार की देर रात्रि से ही पहुंचे हाथियों का झुंड के आतंक से ग्रामीणों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने इलाके में धान एवं तिलहन की काफी फसलों को क्षति पहुंचाई है। वहीं लोग दहशत में जीने को मजबूर हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों का दल कौआकोल के दनियाँ जंगल से लालपुर,पचम्बा,सोखोदेवरा, आदि इलाके से होते हुए जंगली रास्तों में जा रहा है। सोमवार की रात्रि हाथियों का दल ने थाना क्षेत्र के पचम्बा,सोखोदेवरा आदि गांव के दर्जनों किसानों के धान के बोझे एवं खेत में लगे सरसो की फसल को नष्ट कर दिया। वहीं देर रात्रि लगभग 85 एकड़ में फैले कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा की चहारदीवारी को भी जगह जगह क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने बताया कि लगभग दो दर्जन से अधिक रहे हाथियों के झुंड सोखोदेवरा आश्रम की लगभग 150 फीट से अधिक चाहरदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चाहरदीवारी के क्षतिग्रस्त हो जाने से आने वाले दिनों में भी काफी नुकसान देखने को मिल सकता है। क्योंकि आश्रम परिसर के बाहर आये दिन नीलगाय,साम्भर,जंगली सुअर,हिरण आदि जंगली जानवर के द्वारा केविके में लगाये जाने वाले दलहन,तिलहन एवं रबी एवं खरीफ फसलों तथा बीज उत्पादन प्रक्षेत्र को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। वहीं आश्रम परिसर में निवास करने वाले कर्मियों के भी सुरक्षा पर प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा हो गया है। विभाग के द्वारा हाथियों पर नियंत्रण के लिए व उसे पकड़ने के लिए कोलकाता से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है एवं विशेषज्ञ टीम के द्वारा हाथियों पर नियंत्रण करने की बात कही गई है। मशाल एवं पटाखा फोड़कर हाथियों को भगाने का काम किया जा रहा है।

# सरपंच ने शिक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** शिक्षा जागरूकता अभियान मंगलवार को नारदीगंज पंचायत के नारदीडीह गांव में सरपंच प्रवेश रविदास के द्वारा चलाया गया। उसके बाद उन्होंने नारदीडीह स्थित ग्राम कचहरी में ग्राम कचहरी में आये मामले को निष्पादित कर बच्चों को शिक्षा की महत्ता पर चर्चा की। इस दौरान सरपंच प्रवेश रविदास ने कहा आगामी 6 दिसम्बर को संविधान निर्माता बाबा भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि है। उनकी पुण्यतिथि मनाने की अपील की। वे समाज के पुरोधा माने जाते हैं। उनके पथ चिन्हों पर चलने से समाज का सर्वागींण विकास सम्भव है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को नियमित तौर पर विद्यालय अवश्य भेजें। आप सभी एक रोटी कम खाइए, लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाने में अपना कर्तव्य को निर्वहण कीजिए। इसी बीच आधी रोटी खायेंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे समेत अन्य नारों को बुलंद कर अभिभावकों और बच्चों को जागरुक किया।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया 10 दिवसीय इंटरनेशनल त्रिपिटक चैटिंग का उद्घाटन

## 20 से अधिक देशों के 20 हजार से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**







**गयाजी।** विश्व शांति की कामना के साथ तथागत बुद्ध द्वारा दिए गए उपदेशों का पाठ करने के लिए भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में दो दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित 10 दिवसीय इंटरनेशनल त्रिपिटक चैटिंग शिरोमणि का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के टूरिज्म एंड कल्चर मिनिस्टर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, थाई लैंड के संघ राजा, महाबोधि मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. श्वेता महारथी सहित विश्व के कई बौद्ध महाविहार के बौद्ध भिक्षु मौजूद रहे। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री के संदेश को सुनाया। इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन से पूर्व महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की। इंटर नेशनल त्रिपिटक की शुरुआत मंगलवार की सुबह धम्म पद यात्रा से हुई। बोधगया स्थित भगवान बुद्ध की 80 फुट मूर्ति के पास से शुरू हुई। धम्म पद यात्रा जापानी मोनेस्ट्री, थाई मोनेस्ट्री, जयप्रकाश उद्यान के रास्ते महाबोधि मंदिर तक पहुंचा। बाजे गाजे, रथ और पंचशील झंडे के साथ काफी संख्या में देशी और विदेशी बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्धम शरणम गच्छामि, धम्म शरणम गच्छामि और संघम शरणम गच्छामि का उद्घोष कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया के 20 देशों से लगभग 20 हजार बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणी और श्रद्धालु शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पहली बार इस अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक चैटिंग शिरोमणि का ऑर्गेनाइजर भारत देश बना है। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों एवं दूसरे देशों के बड़े-बड़े डिग्निट्री (अतिथि) शामिल हुए।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के प्रधाना गांव में मंगलवार सुबह 7 बजे एक छह माह की विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका प्रशंसा कुमारी उर्फ राधा (निवासी–हथियारा, देवकुंड, औरंगाबाद) की शादी प्रधाना गांव निवासी उमेश साहू के पुत्र अनुराग साव से बीते 8 अप्रैल को हुई थी। मृतका के भाई विवेक कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन फोन पर दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने की बात कहती थी। सोमवार रात भी उसने फोन कर कहा था कि यदि जल्दी नहीं आए तो मेरी हत्या कर दी जाएगी। परिजनों के अनुसार वे मंगलवार को बहन के घर पहुंचे तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## औद्योगिक कॉरिडोर में भुगतान से छूटे हुए रैयतों के भुगतान का मार्ग हुआ साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत आईएमसी डोभी के लिए जमीन अधिग्रहण के क्रम में अंचल अधिकारी डोभी द्वारा कुछ जमीन को बिहार सरकार बताते हुए उसका जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव अपर समाहर्ता राजस्व को उपलब्ध कराया गया। परियोजना अंतर्गत डोभी के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में मसौंधा गांव, गम्हरिया गांव, बरिया गांव, इनवोरवा गांव, गाजीचक गांव, गांगी गांव एवं लेम्बोगढा गांव के किसान अभी भी मुआवजा प्राप्त करने की प्रतीक्षा में थे, लेकिन अंचल अधिकारी डोभी द्वारा 276 रैयतों का जमीन बिहार सरकार का दर्शाते हुए जमाबंदी रद्द् करने का प्रस्ताव अपर समाहर्ता को भेजा गया था, अपर समाहर्ता द्वारा इसकी गहनता से जांच की गई और रैयतों से कागजात मांगे गए। रैयतों द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजात की गहनता से जांच के पश्चात अपर समाहर्ता ने आदेश दिया है कि उनकी जमाबंदी रद्द नहीं की जा सकती है। अपर समाहर्ता ने तत्काल रूप से मसौंधा गांव के 15 रैयतों जिनकी लगभग 43 एकड़ भूमि को आदेश दे दिया है, उन्हें मुआवजा देने का कार्य जल्द किया जाएगा। इसी प्रकार अपर समाहर्ता ने बताया कि आगे भी उन सभी गांव के सभी रैयतों की सुनवाई करके उनका निराकरण कराया जाएगा और मुआवजा देने का कार्य किया जाएगा। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के अनुश्रवण में मामले को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया था जिसके आलोक में काफी तेजी से रैयतों के मुआवजा संबंधित समस्याओं को निराकरण करने का कार्य किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक रैयतों को मुआवजा मिल सके। विदित हो कि कुछ दिनों पहले जिला पदाधिकारी गया द्वारा डोभी प्रखंड के खरांटी स्थित प्रस्तावित अमृतसर कोलकाता कोरिडोर के अधिग्रहित स्थल पर पहुंचे थे जहां पर कई किसानों ने अपनी समस्या को रखा था जिसमें ग्रामीण द्वारा बताया गया था कि कई एक ही खाते के जमीन का कुछ लोगों को मुआवजा दे दिया गया है वही कई लोग को नहीं मिला है। कई सालों तक जमीन का रसीद काटा गया है उसके बाद अचानक इसका डिमांड पर जमीन का एराजी सरकारी जमीन बताकर शून्य कर दिया। उसी दौरान जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को निर्देश दिए थे कि सभी मुआवजा के वंचित किसानों की सूची बनावे एवं गहनता से कागजातों की जांच करते हुए किसानों की मदद करे।

## मगध विश्वविद्यालय की चार सदस्यीय प्रतिनिधि टीम ने की सम्मेलन में भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 'विकास 2025: उद्योग ज्ञान, प्रशिक्षण-अवसर एवं कौशल विकास की ओर अग्रसर'। 28 नवंबर 2025 को विश्व-भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत कौशल-आधारित सुधारों को सुदृढ़ करना तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत बनाना था। इसमें पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी भारत के अनेक उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रभावी सहभागिता रही। मगध विश्वविद्यालय, बोध गया की चार सदस्यीय प्रतिनिधि टीम ने सम्मेलन में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ. प्रियंका सिंह (एनईपी-समन्वयक) ने किया। टीम में डॉ. एकता वर्मा (सारथी-समन्वयक), पूनम सिंह (नोडल अधिकारी, उत्साह पोर्टल) तथा डॉ. शिल्पी बनर्जी (सदस्य, एनईपी-आंतरिक कार्यबल) शामिल रहीं। प्रतिनिधि टीम ने विभिन्न विचार-विमर्श सत्रों में सक्रिय उपस्थिति दर्ज की और कई महत्वपूर्ण विषयों को उठाया जिनमें प्रशिक्षण-आधारित डिग्री/डिप्लोमा कार्यक्रम की व्यावहारिक रूपरेखा, राष्ट्रीय क्रेडिट रूपरेखा -राष्ट्रीय कौशल रूपरेखा के अंतर्गत क्रेडिट मानचित्रण की प्रक्रिया तथा स्वयं प्लस पाठ्य-मॉड्यूल के प्रभावी एकीकरण से जुड़े प्रश्न प्रमुख थे। एईडीपी कार्यान्वयन-संस्थागत अनुभवों की प्रस्तुति-विषयक सत्र में मगध विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने एनईपी 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय शिक्षा विकास कार्यक्रम एवं एनसीआरएफ आधारित पहलों पर अपनी प्रगति और चुनौतियों को साझा किया। उनकी प्रस्तुति की सम्मेलन में मौजूद विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। सम्मेलन ने कौशल-आधारित शिक्षा के भविष्य को दिशा देने में क्षेत्रीय संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। मगध विश्वविद्यालय की सक्रिय सहभागिता से यह स्पष्ट हुआ कि संस्थान एनईपी 2020 के लक्ष्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्ध, सजग और निरंतर प्रगतिशील है।

## होल्डिंग टैक्स भुगतान को आसान बनाने के लिए एकमुश्त भुगतान योजना की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** नगर परिषद टिकारी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स भुगतान को आसान बनाने और लोगों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से मंगलवार से एकमुश्त भुगतान योजना की शुरुआत की है। योजना के तहत आगामी सात जनवरी तक नप प्रशासन द्वारा सभी 26 वार्ड में अलग-अलग कैम्प का आयोजन करेगी। मंगलवार को नप प्रशासन ने वार्ड संख्या एक चिरैली स्थित देवी मंदिर के समीप कैम्प का आयोजन किया। कैम्प का मॉनिटरिंग कर रहे नगर प्रबन्धक मोहित कुमार ने बताया कि नये जुड़े क्षेत्रों में लोगों को होल्डिंग टैक्स की जानकारी व इससे होने वाले लाभ को लेकर जानकारी दी जा रही है। नप के कर्मियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान प्राप्त किया जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कैम्प में न सिर्फ होल्डिंग टैक्स की राशि जमा की जा रही है, बल्कि होल्डिंग निर्धारण से जुड़े आवश्यक कागजात भी मौके पर ही संग्रहित किए जा रहे हैं जिससे लोगों को कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। एकमुश्त भुगतान योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक व सरकारी संपत्ति धारकों को बड़ी राहत मिल रही है। योजना में बकाया या चालू होल्डिंग टैक्स की राशि एकमुश्त जमा करने पर विलंब शुल्क और ब्याज की पूरी राशि माफ कर दी जाती है। विलंब शुल्क माफी की यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू है। नप द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हर दिन अलग-अलग वार्डों में शिविर लगाया जाएगा, ताकि सभी क्षेत्रों को कवर किया जा सके और अधिक से अधिक होल्डिंगधारी लाभान्वित हों। नप प्रशासन का उद्देश्य है कि लंबित होल्डिंग टैक्स की वसूली बढ़े और नागरिकों को भी आर्थिक बोझ से राहत मिले। शिविर स्थल पर निगम कर्मियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन, रसीद उपलब्ध कराने और आवश्यक मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई है। नप अधिकारी व कर्मी लोगों को योजना की शर्तों और लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। नप प्रशासन ने अपील की है कि शहरवासी इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं, ताकि उन्हें भविष्य में अतिरिक्त वित्तीय भार से बचाया जा सके।

## डॉ. प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जी विधानसभा के विधायक डॉ. प्रेम कुमार सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। विधानसभा के इस ऐतिहासिक क्षण पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा उन्हें सदन के अध्यक्षीय आसन पर विधिवत बैठाया गया। यह दृश्य बिहार की लोकतांत्रिक परंपरा, सौहार्द और अनुकरणीय राजनीतिक संस्कृति का प्रतीक रहा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस उपलब्धि को गया जी के सम्मान और अभूतपूर्व गौरव के रूप में देखा गया।

डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि गया जी के लिए यह अत्यंत गौरव का अवसर है कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. प्रेम कुमार आज बिहार विधानसभा जैसे उच्च लोकतांत्रिक सदन की अध्यक्षता कर रहे हैं। उनके संघर्ष, सादगी, जनसेवा के प्रति समर्पण और राजनीतिक कुशलता ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के योग्य बनाया है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार का अब तक का राजनीतिक जीवन प्रेरणादायी रहा है और हमें पूर्ण विश्वास है कि अध्यक्ष के रूप में भी वे सदन की गरिमा, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। बधाई देने वालों में राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संजय यादव उर्फ मुन्ना जी, बबलू गुप्ता, महेश प्रसाद, मंटू कुमार आदि शामिल रहे।

## डॉ. प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष

### भाजपा संगठन के लिए अत्यंत गर्व की बात : पप्पू चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी गया जिला द्वारा महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी के नेतृत्व में आज गया शहर के विधायक डॉ. प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष और उत्साह के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। यह अवसर पूरे गया जिला के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस मौके पर महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने कहा कि आज का दिन गया जी के लिए गौरव का चांद साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि गया जिला का एक साधारण कार्यकर्ता अपने संघर्ष, ईमानदारी, जनसेवा और संगठनात्मक निष्ठा के बल पर राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुका है–चाहे वह मंत्री का पद हो, नेता प्रतिपक्ष का पद हो या अन्य कई महत्वपूर्ण दायित्व। इन सभी अनुभवों और उनकी अद्भुत व्यवहार कुशलता ने उन्हें बिहार विधानसभा के सर्वोच्च संवैधानिक पद–अध्यक्ष–के लिए उपयुक्त बनाया है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर जियाउद्दीन खान ने कहा कि आज बिहार विधानसभा का यह गरिमामयी पद गया जिले के लिए सम्मान और प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार जी अब विधानसभा के नियमों और संसदीय परंपराओं के अनुरूप सदन का संचालन करेंगे, जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देगा, बल्कि बिहार की राजनीति में भी नई दिशा स्थापित करेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि गया जी के लोग गौरवान्वित हैं कि उनका प्रतिनिधि राज्य के सर्वोच्च सदन की अध्यक्षीय कुर्सी पर सुशोभित हुआ है। यह उपलब्धि पूरे जिले, समाज और भाजपा संगठन के लिए असाधारण गौरव का क्षण है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक सुर में डॉ. प्रेम कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खुशी का इजहार करने वालों में भाजपा नेता मुकेश कुमार अधिवक्ता विक्की शर्मा, राहुल शर्मा, डब्लू सिंह, अधिवक्ता दीपू कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, डब्लू राय, रमेश गुप्ता, गया विधानसभा के संयोजक विधानसभा का प्रभारी मुन्नीलाल, जिला उपाध्यक्ष निकिता रजक, विकास कुमार, राजनंदन प्रसाद गांधी, प्रशांत कुमार, जिला मंत्री धर्मेंद्र यादव, पवन कुमार, वेद प्रकाश, मनोज पासवान, टिंकू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार, सोनू, सूरज, राणा, धीरू सिन्हा, अजय यादव उर्फ हरि यादव, राजेश मस्तान, शंभू यादव, गुंजन मिश्रा, रंजीत बरह पुरिया, जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता इंजीनियर अजय कुशवाहा, मुन्ना शर्मा, बम बम चंद्रवंशी, अजय पासवान, अमित पासवान, राजेश कुमार गुप्ता, रघु कुशवाहा, उमेश चंद्रवंशी, उपेंद्र पासवान, वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, संतु, बंटी वर्मा, प्रेमदास, भरत दास, अरुण सहलालसिद्धिकी उर्फ लालबाबू अधिवक्ता बंटी वर्मा, अमित लोहानी, ऋषि लोहानी एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया गया।

## डॉ. प्रेम कुमार के विधानसभा स्पीकर बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के नया बाजार स्थित थाना मोड़ पर सोमवार को एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गया के वरिष्ठ विधायक डॉ. प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा का स्पीकर बनाए जाने पर उत्साह के साथ मनाया। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग जमा होकर एक-दूसरे को बधाई देने लगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में पटाखों की आवाज गूंजती रही और लोगों ने मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर गया जिलाध्यक्ष पश्चिम प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने कहा कि जिस तरह से निर्विवाद तरीके से प्रेम कुमार को स्पीकर बनाया गया है जिससे मगध के लोग काफी उत्साहित हैं। उक्त मौके पर उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा था। जश्न के दौरान क्षेत्र में डॉ. प्रेम कुमार जिंदाबाद और एनडीए गठबंधन जिंदाबाद के नारे जोरदार तरीके से लगाए गए जिससे पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार को विधानसभा का स्पीकर बनाए जाने से गया सहित पूरे मगध क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में विधानसभा सुचारू और सम्मानजनक तरीके से संचालित होगी।

## दिन दहाड़े राहगीर से सवा लाख रुपये की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** स्थित नगरपालिका स्कूल के समीप दिन दहाड़े राहगीर से सवा लाख रुपये छीन कर बाइक सवार अपराधी नौ दो ग्यारह हो गये। क्षेत्र में बढ़ रही छिनतई की घटना को लेकर लोगो ने चिंता जाहिर की है। जानकारी के अनुसार स्थानीय बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा से एक दम्पति सवा लाख रुपया की निकासी कर लौट रहे थे। इसी क्रम में नगरपालिका स्कूल के समीप बाइक सवार अपराधियों ने दम्पति के हाथ में रहे थैला छीनकर भाग खड़े हुए। दम्पति थैला छिनने की घटना के बाद हो हल्ला करने लगे, लेकिन तब तक बाइक सवार अपराधी रुपये से भरा थैला लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही हरकत में आई स्थानीय थाना की पुलिस ने कई जगह सीसीटीवी खंगाले लेकिन कोई सुराग नही मिला। जानकारी हो कि विगत शुक्रवार को ही टिकारी के चिल्ड्रन पार्क के समीप अपराधियों ने पचास हजार व बेलहड़िया मोड़ के समीप बाइक की डिक्की से बीस हजार रुपया नगदी निकाल ली थी। पुलिस उक्त घटना का उद्भेदन अब तक नहीं कर सकी वहीं मंगलवार को भी अपराधियों ने घटना को अंजाम दे दिया।

## फसल मुआवजा की मांग को लेकर किसानों का प्रखंड कार्यालय पर धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के कुरमावा पंचायत के दर्जनों किसानों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। किसानों का मुख्य उद्देश्य मोथा तूफान से नष्ट हुए धान फसल के उचित मुआवजे की मांग को प्रखंड प्रशासन तक पहुंचाना था। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत के पूर्व मुखिया दिनेश्वर प्रसाद ने किया। धरना स्थल पर किसानों ने बताया कि हाल के तूफान ने कई पंचायतों में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया है। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो गया है। दिनेश्वर प्रसाद ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल खेतों की जांच कर सरकार को क्षति रिपोर्ट भेजनी चाहिए। ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। किसानों का कहना था कि फसल बर्बाद होने से वे अब गेहूं का बीज खरीदने की स्थिति में भी नहीं हैं। उन्होंने मांग रखी कि सरकार किसानों पर लगे सभी प्रकार के ऋण को माफ करे जिससे किसान कर्ज राहत पाकर दोबारा खेती के काम में जुट सके। किसानों ने कहा कि गेहूं की बुआई का समय चल रहा है, लेकिन पूंजी अभाव के चलते वे बोआई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। धरना के दौरान किसानों ने प्रखंड प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द फसल क्षति का सर्वे कराकर प्रभावित सभी किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस भीषण नुकसान से उबर सकें।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 28.11.2025; वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** टीएन-153-25-26; **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह के अधीन डीडीजे-बीएलवाईजी अनुभाग में वॉलों एवं अब्टमेंट पायरों में आर.सी.सी. जैकेटिंग के प्रावधान द्वारा डीडीजे-बीएलवाईजी के बीच किमी 4/31-33 पर पुल सं. 14सीसीआर, 5सीसीआर स्पन (1x24.384 मी), किमी. 5/11-13 पर 11सीसीआर स्पन (1x18.288 मी), किमी. 8/19-25 पर 10सीसीआर स्पन (1x32 तथा 2x15.85 मी) तथा एसडीएएच-डीडीजे के बीच किमी 6/19-21 पर पुल सं. 27 स्पन (1x9.75 मी), किमी 2-13-15 पर पुल सं. 07 स्पन (1x10.96 एवं 2x10.62 मी) का प्रस्तावित मजबूतीकरण कार्य के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,75,24,211.24; **ईएमडी:** रु. 2,87,600; **कार्य समापन अवधि:** 08 (आठ) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-278/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.11.2025; मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.:** टीएन-146-25-26; **कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के अधीन देबाग्राम में प्लेटफॉर्म सं. 1 एवं आईलैंड प्लेटफॉर्म सं. 2/3 के प्लेटफॉर्म का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 1,20,12,727.59; **ईएमडी:** रु. 2,10,100; **क्रमांक 2; निविदा सं.:** टीएन-147-25-26; **कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के अधीन रेजीनगर (प्लेटफॉर्म-1 एवं आईलैंड प्लेटफॉर्म-2/3), जियागंज (प्लेटफॉर्म-1), भगवानगोला (प्लेटफॉर्म-1 एवं प्लेटफॉर्म-2) के प्लेटफॉर्म का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 2,81,69,572.22; **ईएमडी:** रु. 2,90,900; **कार्य समापन अवधि:** दोनों के लिए 08 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 23.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 23.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-280/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## जीडीपी बढ़ी, परंतु...!

अमेरिका द्वारा भारत पर तगड़ा टैरिफ आयद किए जाने के बाद भी अगर देश की जीडीपी दूसरी तिमाही (वित्तीय वर्ष 2025-26) में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही है तो यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हालांकि इन आंकड़ों की अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की ओर से पुष्टि अभी बाकी है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक यह विगत छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। इसके पीछे कारण जीएसटी दर में कटौती से उपभोग बढ़ने की उम्मीद में कारखानों द्वारा किया गया अधिक उत्पादन बताया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन आंकड़ों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता का परिणाम बताया है। इसी प्रकार विनिर्माण, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, दूसरी तिमाही में 9.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2.2 प्रतिशत था। इन आंकड़ों से उत्साहित देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने विश्वास जताया कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर जाएगी और भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 4 ट्रिलियन डॉलर के ऐतिहासिक स्तर को छू लेगा। कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन भी अनुकूल संकेत दे रहा है। नागेश्वरन ने कहा कि मुख्य महंगाई स्थिर बनी हुई है। गौरतलब है कि संसद में इस साल जनवरी में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2026 के लिए वास्तविक आर्थिक विकास दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, दूसरी तिमाही के आंकड़ों ने इन अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि मंदी या गिरावट की आशंकाओं को खारिज करते हुए, हम कम से कम 7 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं। दूसरी तरफ चिंता की बात यह है कि देश में राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। अप्रैल से अक्टूबर के बीच यानी इस वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में भारत का राजकोषीय घाटा 8.25 लाख करोड़ रुपये रहा। यह वार्षिक अनुमानों का 52.6 प्रतिशत है। अखिल भारतीय औद्योगिक राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष के 46.5 प्रतिशत से अधिक है। सरकार का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक कम करना है, यह एक साल पहले 4.8 प्रतिशत था। इसी प्रकार हमारा व्यापार घाटा भी लगातार बढ़ रहा है। भारत का व्यापार घाटा अक्टूबर 2025 में बढ़कर 41.7 बिलियन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया, जो पिछले साल के 26.2 बिलियन से अधिक है। इस वृद्धि का मुख्य कारण सोने के आयात में भारी उछाल रहा, जो लगभग तीन गुना बढ़कर 14.7 बिलियन हो गया है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ ने भारतीय निर्यात को प्रभावित किया है, खासकर अमेरिका से होने वाले निर्यात में कमी आई है। अलबत्ता सेवा निर्यात क्षेत्र मजबूत रहा है। उधर डॉलर के मुकाबले रूपया और लुढ़कता जा रहा है और कभी भी 90 रू. प्रति डॉलर तक पहुंच सकता है। इन जमीनी सच्चाई के समानांतर सरकारी आकड़ों की खुशफहमी कितनी सच है, यह तो आगे चलकर साफ होगा। जहां तक भारत सरकार के आंकड़ों की प्रामाणिकता की बात है तो विगत एक दशक में उनकी अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता बहुत कम हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में भारत के 'नेशनल अकाउंट्स डाटा को 'सी' ग्रेड दिया है। यही नहीं आईएमएफ ने भारत की आर्थिक गणना का आधार वर्ष 2011-12 मानने पर भी सवाल उठाते हुए इसे 'आउट डेटेड' कहा है। जाहिर है कि जीडीपी वृद्धि दर में यह बढ़ोतरी तभी प्रामाणिक मानी जाएगी, जब अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इसका अनुमोदन करें। तब मोदी सरकार इसे राजनीतिक रूप से भुना ही सकती है।

# दृढ़ संकल्प से ही शराबबंदी संभव

**बिहार चुनाव 14 नवंबर को पूरा हो गया, इस चुनाव में देश और दुनिया के अनेकों मुद्दे चर्चित रहे, कौन सा समूह कितने रुपए बांटेगा, कौन क्या देगा, पर शराबबंदी पर कोई चर्चा नहीं हुई। जिस प्रदेश की सरकार ने और विशेष मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का साहसिक निर्णय दिया था, जिसको लेकर बिहार के हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में बहस हुई थी। जस्टिस काटजू से लेकर विशिष्ट कहे जाने वाले वकीलों और सज्जनों ने शराबबंदी को अव्यवहारिक बताकर उसका विरोध किया था, परंतु श्री नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने हर आलोचना को सहा और उसका उत्तर दिया पर अपने निर्णय पर अडिग रहे। हमारे देश के तथागत वामपंथी प्रगतिशील धर्मनिरपेक्षता का दावा करने वाली जमातें जो उस समय श्री नीतीश कुमार को गांधी का दूसरा अवतरण बता रही थीं, उन्हें अगला प्रधानमंत्री बता रही थीं, हालांकि वे भी बाद में उनके खिलाफ हो गई। शायद इसलिए कि उस समय कांग्रेस श्री नीतीश कुमार के पक्ष में थी और अब नहीं।**

**रघु ठाकुर**

दुनिया की आर्थिक शक्तियों के द्वारा संचालित होने वाला धर्मनिरपेक्षता का अभियान का स्वर भी बदल गया था, क्योंकि श्री नीतीश कुमार राजनीतिक पाला बदलकर एनडीए के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए थे और उसके बाद से शराबबंदी जैसा महत्वपूर्ण कदम अचर्चित हो गया। जब समर्थक ही आलोचक बन गये तो स्वाभाविक था कि वे तारीफ कैसे करते और तारीफ करते तो राजनीतिक नुकसान होता और शायद वैश्विक फंडिग भी बंद हो जाती।

इस चुनाव के बीच 2 नवंबर को मध्य प्रदेश के संस्कृति मंत्री ने एक बयान दिया कि बिहार में शराबबंदी लागू है और माफिया घर-घर शराब पहुंचा रहे हैं। मुझे नहीं पता की संस्कृति मंत्री एनडीए के पक्ष में हैं या खिलाफ, परंतु उनके बयान से बिहार में एनडीए के खिलाफ एक मुद्दा जरूर लोगों को दे दिया था कि अब एनडीए के मंत्री मान रहे है कि माफिया घर-घर शराब पहुंचा रहे हैं, तो शराबबंदी कैसी? और एनडीए की सरकार शराब माफिया से मिली हुई है। हालांकि इसके बावजूद भी यह मुद्दा कोई चुनाव के लिए बड़ा सवाल नहीं बन सका।

मैं संपूर्ण शराबबंदी के पक्ष में हूं और मानता हूं कि महात्मा गांधी की यह इच्छा और निर्देश था कि शराबबंदी होना चाहिए। जब मैं शराबबंदी की बात रहा हूं तो सारे नशे की बात कह रहा हूं। समाज में हर प्रकार के नशे की बंदी होना चाहिए। नशा न केवल एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि समूचे समाज परिवार को उजाड़ता है। गरीब व्यक्ति जब नशा करते हैं तो वह अपना ही घर बर्बाद करते हैं, नशे की गिरफ्त में आकर कर्ज लेते हैं, जमीन मकान संपत्ति बेच देते हैं, बच्चों और बीवी के साथ मारपीट, गाली गलौज करते हैं, उन्हें भी नशा करना सिखाते हैं और अपने वोट को भी नशे के लिए बेच देते हैं। आज स्थिति यह हो रही है कि गांव-गांव में शराब माफिया और शराब के फुटकर विक्रेताओं की जमात खड़ी हो गई है, गांव के गरीब बेरोजगार बच्चों को नशे के दुकानदार और माफिया मोटर साइकिल दे रहे हैं, वह गांव-गांव में जाकर नशा बेचते हैं, जरूरत होती है तो उधार भी दे देते हैं बाद में मारपीट कर वसूल करते हैं, जमीन गिरवी रखवा लेते हैं इससे गांव के गांव कर्जदार बन गए, नशा करने वाले माफियाओं के बंधक बन गए, यह माफिया राजनैतिक दलों और नेताओं को भारी चंदा देते हैं, गाड़ी घोड़ा की व्यवस्था करवा देते हैं और अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति के नियंत्रक बन जाते हैं। नशे का सबसे ज्यादा प्रभाव घरों की महिलाओं पर पड़ता है, उन्हें कितना अपमान, मारपीट सहना होती है इसकी कल्पना करना भी कठिन है।

मैं जिस पार्टी (लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी) का नेतृत्व करता हूँ जैसे चंद वैचारिक दलों को छोड़ दें अन्यथाः लगभग सभी सत्ताधारी और मुख्य विपक्षी दलों की राजनीति के दिये नशा माफियाओं के चंदे के तेल से जलते हैं। अक्सर सरकार और राजनीति दल यह तर्क देते हैं कि शराब और नशा राजस्व का बड़ा माध्यम है परंतु यह सत्य नहीं है। महात्मा गांधी कहते थे कि शराब अनैतिक है और सरकारों को अनैतिक व्यवसाय नहीं करना चाहिए। क्या सरकार अपने राजस्व के नाम पर वेश्यावृत्ति को भी धंधा मान लेगी और अपने आय के नाम पर चकला घर चलाऐगी?



नशे की गिरफ्त इतनी बढ़ गई है कि बच्चे, छात्र और बेटियां भी इसके प्रभाव में आ चुकी हैं स्कूलों के बच्चों के लिए 10-15 रूपये की कीमत वाले शराब के श्बच्चे पाउच्य बनाए गए और बेचे जा रहे हैं जो स्कूलों के आसपास दुकानों, होटलों पर आसानी से उपलब्ध हैं। छोटे-छोटे बच्चे घर में माता-पिता से एवं बाहर के वातावरण से नशा करना सीख रहे हैं। नगरों और शहरों में भी बेटियां प्रगतिशीलता के नाम पर शराब, सिगरेट, गांजे का सात्विक प्रयोग करने लगी और सारी वर्जनाएं टूट रही हैं। सार्वजनिक पार्कों में बच्चे नशे की सिगरेट लेकर हर प्रकार के नशे करते पाये जाते हैं और सार्वजनिक स्थान सार्वजनिक अपराध के स्थान बन गए हैं। पुलिस और प्रशासन के लिए भी यह भ्रष्टाचार की आय के स्थाई निर्बाध और संस्थागत माध्यम बन गए।

एक पुलिस के थानेदार के पास उत्तर प्रदेश में 100 करोड़ की संपत्ति पाई जाती है, रतलाम में एक नशे के अपराधी को भगाने के लिए पुलिस 50 लाख की रिश्वत लेती है और समूचे देश में न जाने इस प्रकार की कितनी घटनाएं प्रतिदिन अखबारों में छपती हैं। राजनीतिक घात प्रतिघात का मुद्दा तो नशा बनता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने उड़ता पंजाब यानी नशे में उड़ता पंजाब का मुद्दा बनाया और सरकार बना ली थी। भाजपा ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की शराब नीति का मुद्दा विधानसभा चुनाव में बनाया और सत्ता हथियाई। इसका मतलब साफ है कि आम जनमानस ने जहां कहीं भी नशाबंदी, शराबबंदी की घोषणा की गई उन्हें जन समर्थन दिया है। आंध्र प्रदेश में स्वर्गीय रामाराव, हरियाणा में स्व. चौधरी देवीलाल को शराबबंदी की घोषणा के बाद समाज और खासकर महिलाओं का भारी समर्थन मिला था। जो लोग शराब के समर्थन के लिए नकली शराब या जहरीली शराब का तर्क देते हैं वह झूठा तर्क देते हैं और नशे का बचाव करते हैं। 14-15 करोड़ की आबादी के बिहार में 100-50 लोग नकली या जहरीली शराब से मर जाते हैं तो यह कोई उल्लेखनीय घटना नहीं है। जहां दुर्घटनाओं में 80000 लोग रोज मर जाते हैं वहां 8-10 निर्दोष मर जाये, वहां 100-50 लोगों को नकली शराब से मौत हो भी जाए तो इसे घटना नहीं माना जा सकता। यह दुखद है कि जहाँ दुनिया में शराब की खपत घट रही है वहीं भारत में इसकी खपत बढ़ रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका यूरोप और चीन के बाजारों में शराब निर्माता जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 प्रतिशत तक गिर गए हैं और शराब उद्योगों को 74 लाख करोड़ का घाटा हुआ है, यानी भारत के बजट से लगभग दुगना। जबकि भारत को गांधी का देश कहा जाता है। देश में पिछले लगभग बीस वर्षों में शराब की खपत लगभग तीन गुना बढ़ गई है। भारत का बाजार 4800 अरब यानी 5 लाख करोड़ रुपए का हो गया है और प्रमुख शराब निर्माता कंपनियों के दाम 14 गुना तक बढ़ गए हैं। वर्ष 2005 में प्रति व्यक्ति वार्षिक शराब की खपत 2.4 लीटर थी जो अब 6 लीटर से अधिक हो चुकी है। देसी ब्रांड शराब कंपनियों के शेयर 14 गुना तक बढ़ गए हैं, तिलक नगर इंडस्ट्रीज का 2021 में एक शेयर का दाम 34 रुपए 70 पैसे था जो अक्टूबर 25 में 528 रूपये का यानी 15 गुना, रेडको खेतान का शेयर जो 616 रुपए का था वह बढ़कर 3135 का हो गया है और इसी प्रकार अन्य शराब निर्माण कम्पनियों के दाम बढ़ गए। मध्य प्रदेश तो शराब की बिक्री एवं पीने के मामले में शीर्ष पर है। जहां पिछले दो वर्षों में 86 प्रतिशत की वृद्धि शराब बिक्री में हुई है यानी 456 लाख लीटर की खपत हुई। राजस्थान में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई यानी 304 लाख लीटर की शराब पिलाई गई। जो लोग शराब से आय की बात करते हैं वह भूल जाते हैं कि शराब के मालिक विलासता में जीवन गुजारते हैं और बाद में बैंकों से करोड़ों रुपए लेकर भाग जाते हैं, विजय माल्या का उदाहरण आपके सामने है। जहां तक शराब आय का संबंध है तो समूचे देश में शराब से मात्र 19730 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है यानी भारत के कुल बजट का एक प्रतिशत भी नहीं, बल्कि 0.30 प्रतिशत, यानी एक प्रतिशत का एक बटा तीन ही मिलता है। इतने से बजट की आपूर्ति के लिए देश के मूल परिवार, समाज, राजनीति और व्यवस्था, भारत के आदि मूल्य, सत्य और ईमानदारी को नष्ट करना क्या देश को भीतर से नष्ट करना नहीं है।

मुझे खुशी होगी कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें 30 जनवरी बापू के बलिदान दिवस पर यह निर्णय करें कि देश में संपूर्ण शराब बंदी लागू की जाये।

अध्यात्म

## आस्था से बढ़कर नहीं हो सकता लालच

बहुत पुरानी बात है, महात्मा बुद्ध मगध राज्य के एक गांव में ठहरे हुए थे। उसी गांव से थोड़ा बाहर एक मोची अपने परिवार के साथ रहता था, जिसके घर के पास एक बहुत बड़ा तालाब था। एक दिन रोज की तरह सुबह मोची तालाब किनारे पानी लेने गया, जहां उसे एक अद्भुत पुष्प दिखा। वह पुष्प देखने में बहुत ही सुंदर था और चमत्कारिक भी प्रतीत हो रहा था। मोची ने तुरंत अपनी पत्नी को बुलाया और वह पुष्प उसे दिखाया। मोची की पत्नी आध्यात्मिक और धर्म में आस्था रखने वाली थी। वह पुष्प को देखते ही समझ गयी कि जरूर कल यहां से महात्मा बुद्ध गुजरे होंगे, उन्हीं के प्रताप से आज यहां पुष्प खिला है। पुष्प को चमत्कारिक मान कर मोची ने एक योजना बनाई। उसने अपनी योजना के बारे में पत्नी को बताया कि वह इस पुष्प को राजा को देगा और इसके बदले में उनसे खूब सारी स्वर्ण मुद्राएं लेगा। उसकी पत्नी ने भी सोचा कि यह पुष्प उनके किसी काम का नहीं है। इसे राजा को ही दे दो, कम से कम कुछ कमाई तो होगी। पत्नी की सहमति के बाद, मोची राजमहल की ओर निकल गया। राजमहल के रास्ते में उसे एक व्यापारी मिलता है, मोची के हाथ में पुष्प देख कर वह रुक जाता है। वह मोची से पूछता है कि भाई ये पुष्प ले कर कहां जा रहे हो? मोची कहता है कि मैं यह पुष्प ले कर राजा के पास जा रहा हूं। इसे राजा को भेंट कर के मैं उनसे मुंह मांगा ईनाम लूंगा। व्यापारी ने मोची को प्रस्ताव दिया कि तुम ये पुष्प मुझे दे दो बदले में, मैं तुम्हें 100 स्वर्ण मुद्राएं दूंगा। मोची सोच में पड़ गया। उसने सोचा कि जब व्यापारी इस पुष्प के लिए 100 स्वर्ण मुद्राएं दे रहा है, तो राजा तो और ज्यादा देगा। यही सोचते हुए उसने व्यापारी को पुष्प देने से मना कर दिया। वह थोड़ा आगे चला ही था कि उसे रास्ते में राजा आते हुए नजर आए जो गौतम बुद्ध के दर्शन के लिए जा रहे थे। राजा भी मोची के हाथ में वो दिव्य पुष्प देख कर अचंभित हो गये। राजा ने मोची को पुष्प के बदले 1000 स्वर्ण मुद्राएं देने के लिए कहा। यह सुनते ही मोची के मन में एक अजीब सी चेतना आई। और वह राजा को पुष्प न देकर दौड़ता हुआ सीधे महात्मा बुद्ध के पास जा पहुंचा। महात्मा बुद्ध जी मोची को देख कर हैरत में पड़ गये। उन्होंने मोची से पूछा तो मोची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद मोची ने वह पुष्प महात्मा गौतम बुद्ध के चरणों में अर्पित किया और उनसे कहा कि पहले तो मेरे मन में पुष्प को देखकर लालच आ गया था। लेकिन अब मैं समझ गया हूं कि जिसकी छाया पड़ने से ही एक पुष्प इतना दिव्य हो गया हो अगर उसकी शरण में, मैं चला जाऊं तो मेरा जीवन भी कितना धन्य हो जायेगा। इस कहानी ने हमें सिखाया कि हमारी जिंदगी में हमें बहुत से चीजें अपनी तरफ आकर्षित करती हैं, लेकिन हमें उनके लालच में न फंसकर अपने ज्ञान का प्रयोग करके जीवन में सही राह को चुनना चाहिए।

# बदल रही अमीरी को लेकर नई पीढ़ी की सोच

**सामान्य तौर पर जिंदगी में अमीर होने के लिए कुछ बुनियादी चीजों पर भी गौर किया जाता है। मसलन, छोटे मकान की जगह एक बंगला, दो या तीन वाहन तथा नौकर आदि की सुविधा होगी, तभी अमीर कहलाने का गौरव हासिल होगा। यह भाव पिछले एक दशक से शायद कम होने लगा है। मगर गौर से सोचें तो आज ऐसा लगता है कि यह परिपक्व परिभाषा बहुत उजली है और सकारात्मक भी। अच्छी मानसिकता, अच्छी सेहत, आकांक्षाओं और असलियत के बीच एक शानदार तालमेल, परिवार, दोस्ती और समुदाय के साथ समरस और सुदृढ़ रिश्ते, एक शांत मन और अच्छे उद्देश्य से अपना जीवनयापन और सार्थक काम, इसके साथ करुणा का भाव और दूसरों को मदद करना—शायद यही आज अमीरी की असली परिभाषा कही जाएगी। आज अगर कोई सोने-चांदी के बर्तन में भोजन करने के बाद भी बेचैन है, तो उसकी दौलत माटी के ढेर के बराबर है।**

**पूनम पांडे**

इच्छा को अमरबेल कहा जाता है। इसका पार पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी है। इच्छा के दरबार में कभी इस चीज की अहमियत है, तो कभी उस वस्तु की। यह लालसा किसी भी वस्तु की कल्पना को मन के अंधेरे कोने से झाड़ पोंछकर ले आती है और इच्छा की जीभ लपलपाने लग जाती है। इसीलिए अरस्तू कहते हैं कि संसार में जितने मनुष्य हैं, उतनी ही मनःस्थिति और मानसिकता भी विद्यमान है।

जगत की तमाम इच्छाओं में रुपए-पैसे की कामना सबसे अलहदा और बलवती मानी जाती रही है, लेकिन कभी-कभार इससे इतर भी कुछ देखने को मिल जाता है। एक कार्यशाला में सहभागियों से दौलतमंद होने का असली मतलब पूछा गया। हैरानी की बात यह है कि सौ फीसद लोगों ने कहा सादा जीवन और खुशी ही अमीरी का संकेत है।

आभासी मंचों पर भी लगभग हर आयु वर्ग का अंतिम जवाब यही था कि शांति और सुकून ही दौलतमंद होना है। यानी अब लोगों की सोच कुछ तो बदल रही है। इसका मतलब यह हुआ कि हमेशा महंगे लिबास में रहना और मूल्यवान चीजें हासिल करना अमीरी नहीं है।

चार साल पहले की महामारी, उतने समय से युद्ध के भयानक घटाटोप तथा कुदरती कहर और मौसमी असंतुलन के हालात आदि से लोगों की कामना ने करवट ली और लोगों ने सरल जीवन को ही संपन्न जीवन कहना-मानना आरंभ किया। अब शायद सिक्कों की खनक और शाही ठसक काफी लोगों के लिए सही मायने में अमीरी नहीं है। पैसे देकर अपने लिए सुविधा जुटा लेने को भी पूरी तरह से अमीरी नहीं कह सकते हैं। अमीरी है प्रसन्नता के सबसे उम्दा पलों में चेहरे पर खिला संतुष्टि का भाव।

इस परिभाषा पर तंत्रिका वैज्ञानिकों से लेकर मनोचिकित्सकों, व्यवहार अर्थशास्त्रियों, सकारात्मक मनोवैज्ञानिकों और बौद्ध भिक्षुओं की भी आम सहमति थी। दरअसल, संपन्नता पर्याय है अर्थपूर्ण जीवन का, जो सिखाता है वक्त की अहमियत, मंजिल का महत्त्व। यह भी कि यह जीवन सोच और उम्मीदों से भरा हुआ है।

यकीनन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो इसी तरह की वास्तविक विचारधारा से ही फलते-फूलते हैं। आज कुछ पुराने फलसफे बदल भी रहे हैं। उदाहरण के लिए, एक साधारण जीवन में धनवान होने का क्या अर्थ है और वहां तक पहुंचने के लिए लोग क्या कर रहे हैं? क्या दौलतमंद होने की कोई एक परिभाषा हो सकती है? इनका तात्पर्य ताबड़तोड़ धन हासिल करना नहीं है। अब इसको भी जीवन मंत्र माना जाने लगा है कि कम भी हमेशा ज्यादा होता है।

सामान्य तौर पर जिंदगी में अमीर होने के लिए कुछ बुनियादी चीजों पर भी गौर किया जाता है। मसलन, छोटे मकान की जगह एक बंगला, दो या तीन वाहन तथा नौकर आदि की सुविधा होगी, तभी अमीर कहलाने का गौरव हासिल होगा। यह भाव



पिछले एक दशक से शायद कम होने लगा है।

मगर गौर से सोचें तो आज ऐसा लगता है कि यह परिपक्व परिभाषा बहुत उजली है और सकारात्मक भी। अच्छी मानसिकता, अच्छी सेहत, आकांक्षाओं और असलियत के बीच एक शानदार तालमेल, परिवार, दोस्ती और समुदाय के साथ समरस और सुदृढ़ रिश्ते, एक शांत मन और अच्छे उद्देश्य से अपना जीवनयापन और सार्थक काम, इसके साथ करुणा का भाव और दूसरों को मदद करना—शायद यही आज अमीरी की असली परिभाषा कही जाएगी। आज अगर कोई सोने-चांदी के बर्तन में भोजन करने के बाद भी बेचैन है, तो उसकी दौलत माटी के ढेर के बराबर है। और अगर कोई कम जरूरत में आनंद से जी रहा है, तो उसकी सादी रोटी और दाल भी शाही कही जा सकती है।

रेलयात्रा के दौरान एक सज्जन किसी मित्र से बतिया रहे थे। वह सज्जन अपने साथी से कह रहे थे कि मेरी अमीरी तुम ले लो और अपनी सेहत मुझे दे दो। यह सुनकर वह दोस्त कहने लगा कि मैंने तो तुमको सौ बार कहा था कि हर रोज एक घंटा अपने शरीर को दो। तुमने बस बैंक खाता ही समृद्ध किया मेरे मित्र। सचमुच, दौलत का पैरोकार बनने में उतना मजा नहीं है। आज अगर कोई व्यक्ति संतोष से सराबोर है तो उसका मन और भी ज्यादा खुश होगा।

इसी क्रम में अगर उसका अपना कुटुंब भी इसी तरह खुश है, तो उसके इर्द-गिर्द और वातावरण में यों भी हंसी-खुशी तो मौजूद होंगी और इस प्रकार वह व्यक्ति अपने समाज की खुशी का कारण बनेगा। गहरी तथा मीठी नींद, खुशगवार और हवादार मौसम में टहलना और उन लोगों के साथ होना, जिन्हें हम प्यार करते है - यह सब भी वास्तविक अमीरी के लिए बेहद जरूरी है। कुदरत को उसके दिए रूप में देखना और ज्यादा अमीरी से भर देता है। जिंदगी के सच्चे अहसास में ही संपन्नता का रस लबालब भरा हुआ है। उसका तत्त्व जो है, वही जीवन को अमीर महसूस करने का हिस्सा हैं। जिसने यह बात समझ ली वह हर हाल में अमीर है।

उच्च वर्ग के बीच उठना-बैठना, महंगी जीवन शैली का अनुगमन या आरामतलब होने से कोई व्यक्ति न तो अमीरी पा सकता है और न ही आत्मसंतोष। इन सबसे महत्त्वपूर्ण है परिष्कृत व्यक्तित्व। प्रतिभाशील और उन्नतिशील बनने का अवसर इसी आधार पर मिलता है कि हम कुदरत का सामीप्य खोजते है। रुपए से नहीं, जीवन से लगाव रखते हैं। शायद सरल जीवन जीते हुए इंसानियत ऊंच-नीच के सांचे, गोलबंदी, छोटे-बड़े की जंजीर की सीवन उधड़ेगी और असंतोष, घुटन, कुढ़न की कड़वी गोली से निजात पा लेगी। चौतरफा संतोष से हर तरह की कामयाबी हासिल होगी।ड्डु3

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग में धन खर्च कर सकते हैं।

**वृषभ**

आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**मिथुन**

आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े बुजुर्ग लोगों की सलाह आपके लिये अत्यन्त शुभ रहेगी।

**कर्क**

नया कार्य आरम्भ करने में जल्दबाजी न करें। आपके काम समय पर पूरे न होने से नुकसान होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में परेशानी होगी।

**सिंह**

दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। रिश्तेदारों के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। विदेश में रहने वाले लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है।

**कन्या**

आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। काम की अधिकता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

**तुला**

कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। सन्तान की उन्नति से आपका मन प्रसन्न होगा।

**वृश्चिक**

आपको अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखना चाहिये। छात्र पढ़ाई को लेकर थोड़ी लापरवाही कर सकते हैं। अपना व्यवहार किसी के प्रति खराब न करें।

**धनु**

आज आप काफी मेहनत करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप विशेष रुचि लेंगे। आप अपने काम को लेकर समर्पित रहेंगे। जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है।

**मकर**

पारिवारिक सदस्यों के साथ पर्यटन की योजना बनायेंगे। कड़वे शब्दों का प्रयोग न करें। रिश्तेदारों पर धन खर्च करना पड़ सकता है। खर्चीली वृत्ति के कारण आपकी बचत पर बुरा असर पड़ेगा।

**कुंभ**

पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद कम होंगे। रुकी हुयी धनराशि आपको वापस मिल सकती है। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी।

**मीन**

परिजनों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। बेरोजगारों पर का दबाव बढ़ेगा। अति-आत्मविश्वास के कारण परिस्थितियों का आकलन करने में चूक कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नावकोठी थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाने का मंगलवार को एसपी मनीष ने निरीक्षण कर दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान एस पी ने थाने की साफ सफाई, अभिलेखों सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष,हाजत और मालखाने का भी जायजा लिया।एसपी ने न पुलिस कर्मियों से बात कर उनकी समस्याएं लीं। जिले में अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन से विभिन्न लंबित मामलों की जानकारी ली तथा अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। एसपी ने दर्ज कई मामलों की समीक्षा की। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए रणनीतिक गश्ती, नियमित गुण्डा परेड तथा संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। बैंक, पेट्रोल पंप एवं अन्य वित्तीय संस्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।कहा कि इससे आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। मौके पर एसडीपीओ बखरी कुन्दन कुमार, पुलिस निरीक्षक राम कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन,एस आई विश्वजीत कुमार, विपिन कुमार ओझा,पूनम साहु, वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन सभागार में प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय के प्रधानों की बैठक की गई। जिसमें शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विचार विमर्श किया गया।इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने की।बैठक में हाउस होल्ड सर्वे, यू डाइस पोर्टल पर इंट्री करने, ई शिक्षा कोश पर बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने पर जोर दिया गया।इसके साथ ही विद्यालय को मिले कंपोजिट ग्रांट की राशि खर्च करने और एफ एल एन कीट के वितरण की समीक्षा की गई।साथ ही विद्यालय में एमडीएम का संचालन मीनू के अनुसार और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।मौके पर एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद, कमल कुमार मौर्य,एचएम रईस उद्दीन,भारती कुमारी,अवधेश कुमार,मनोज कुमार,प्रकाश रंजन सहित विभिन्न स्कूल के प्रधान मौजूद थे।

### भाकपा नेता रामसागर का निधन

**वीरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के वीरपुर गांव निवासी करीब 80 वर्षीय भाकपा नेता रामसागर सोनी का सोमवार को देर रात लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया।वे वर्ष 1980 से भाकपा से जुड़कर जीवन भर गरीब गुरबों के हक हकुक के लिए संघर्ष किया।वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।उनके निधन की सूचना पाकर भाकपा नेता सह पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह चंद्रप्रकाश नारायण सिंह,रीता चैरसिया,अरुण सिंह,जयजयराम राय,अफरोज आलम सहित कई अन्य लोग उनके पैतृक निवास पर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी।इस दौरान सीपीआई नेताओं व अन्य लोगों ने उनके घर पर से शव यात्रा निकाली।जो वीरपुर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पार्टी के अंचल कार्यालय पर अंतिम दर्शन के लिए कुछ देर तक रखा गया।उसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सिमरिया के लिए प्रस्थान किया।

### बाइक की ठोकर से महिला की मौत

**बीहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौनी थाना क्षेत्र के मृतक की पहचान पिपरा देवस पंचायत वार्ड संख्या-10 निवासी दिनेश यादव की 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी के रूप में किया गया है.वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को रंजू देवी अपने घर से पिपरा चैक अवस्थित किराना दुकान जा रही थी।घर से कुछ ही दूरी पर अज्ञात बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिसके कारण गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गयी.मामले की जानकारी मिलते ही परिजन व स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल इलाज हेतु बरौनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। फुलवरिया थाना अध्यक्ष विजय कुमार साहनी ने मृतक के परिजनों से फर्द व्यान दिया गया एवं बरौनी थाना जानकारी दी गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया।वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गया और आसपास के घरों में मातम पसर गया।

### हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के गाड़ा गांव से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ा गांव निवासी बलराम चैधरी का पुत्र जनार्दन निषाद अपने ही गांव में शराब पीकर उपद्रव मचा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तत्काल हिरासत में ले लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कांड संख्या 342⁄25 दर्ज करते हुए उसे व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जनार्दन निषाद इससे पूर्व भी शराब पीकर हंगामा कर चुका है। उस समय उसे सनहा संख्या 588⁄25 के तहत गिरफ्तार कर प्रथम वार मानते हुए जुमार्ना पर छोड़ दिया गया था। लेकिन बार-बार शराब पीकर शांति भंग करने के कारण इस बार उसके खिलाफ नियमित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी बच्चा व चालक घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**मशरक के यदु मोड़ के पास स्कूली बच्चों से लदी एक वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में वैन चालक और एक छात्र घायल हो गए, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक अरमान अली, पिता हबीबुसा, निवासी पथरा (गोपालगंज), तथा घायल छात्र अजय कुमार (13 वर्ष), पिता राजेंद्र साह हैं। दोनों का इलाज सीएचसी मशरक में कराया गया। बताया गया कि पथरा गांव से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल के 14 छात्र राजगीर घूमने गए थे। वापसी के क्रम में मशरक होते हुए घर लौटते समय सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन से बचने का प्रयास करते हुए वैन पलट गई।

### सेवानिवृत शिक्षिका कुमारी शांति को दी गई भावभीनी विदाई

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मध्य विद्यालय गवन्द्री में पदस्थापित शिक्षिका कुमारी शांति 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके सम्मान में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षिका को बड़ी भावनात्मक विदाई दी गई।अध्यक्ष महेश्वर सिंह ने बताया कि कुमारी शांति की नियुक्ति वर्ष 2006 में नियोजित शिक्षिका के रूप में हुई थी और 30 नवंबर 2025 को उन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद सेवा निवृत्ति प्राप्त की।

# भोजपुर के एक लाख 98 हजार से ज्यादा निष्क्रिय खातों के वास्तविक धारकों को राशि लौटाएगा बैंक

## पांच दिसंबर को आरा के नागरी प्रचारिणी में लगेगा शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के विभिन्न बैंकों में बिना दावे वाले 105.49 करोड़ रुपए उनके वास्तविक धारकों को लौटाई जाएंगी। इसको लेकर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भोजपुर नीरज कुमार ने बताया कि 5 दिसंबर को आरा के नागरी प्रचारिणी में सुबह 11:30 बजे कैंप लगेगा, जहां खाता के वास्तविक धारक अपना दावा कर सकते हैं। दावा के आधार पर जांच करने के बाद वास्तविक धारकों को उनकी राशि लौटाई जाएगी।



एलडीएम ने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों में 198014 खाते निष्क्रिय पड़े हैं। निष्क्रिय पड़े बैंक खातों में 105.49 करोड़ रुपये हैं, जिसका दावा अब तक नहीं किया गया है। ऐसे में उक्त राशि को वास्तविक धारकों को लौटाने को लेकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एलडीएम ने आगे बताया कि बिना दावा वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जागरूकता शिविर आपकी पूंजी, आपका आधार का आयोजन दिनांक 5 दिसंबर को किया जा रहा है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेर्शानुसार राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार के मार्गदर्शन में जिले में आपकी पूंजी, आपका आधार अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के दावा प्रक्रिया में सहायता करना व जागरूकता फैलाना है। शिविर के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक धारकों को लौटाना है, जो बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे के पड़ी हैं। बीते अक्टूबर माह से ही बैंकों को द्वारा लगातार अभियान चलाकर वास्तविक धारकों को सूचना दी जा रही है। इसमें से कई खाता धारकों द्वारा दावा भी किया जा चुका है, जिसके जांचोपरांत प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। अब व्यापक स्तर पर कैंप लगाकर वास्तविक धारकों को उनकी राशि लौटाई जाएगी। इस अवसर पर सभी बैंक अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# ट्रक ने महिला को रौंदा, गई जान, 3 घंटा सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** स्टेट हाइवे 81 के संदेश टोला के समीप मंगलवार सुबह 9:30 बजे एक महिला ट्रक से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक 40 वर्षीय ज्ञांति देवी है। वह संदेश थाना क्षेत्र के सिरकिचक गांव निवासी रंजीत कुमार राम की पत्नी है। सड़क हादसा की सूचना मिलते ही संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार, एस आई अभिमन्यु कुमार अपने दल बल के साथ स्थल पहुंचें। शव का पंचनामा तैयार कर

पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे को 3 घंटा तक जाम कर दिया। जिससे पूरी तरह से यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद सड़क से जाम हटाया। उसके बाद आवागमन बहाल हो सका। सड़क हादसा के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

# ईकिसान भवन में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक ई किसान भवन में मंगलवार को बीडीओ राहुल रंजन कीअध्यक्षता में हुई। बीएओ रौशन कुमार ने उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरकों का मुहैया करने पर बल दिया। वहीं बीडीओ राहुल रंजन ने किसानों को सही समय पर सही मात्रा तथा सही कीमत पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात उर्वरक विक्रेताओं से कही। उन्होंने स्टॉक दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया। उर्वरक बिक्रेताओं ने भी अपनी समस्या रखी।

पूर्व मुखिया मुक्ति नारायण सिंह ने कहा कि डीएपी का मूल्य अधिक लिए जाने के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी, यूरिया उचित मूल्य पर नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि यह बैठक एक माह पूर्व करना चाहिए था। बीएओ रौशन कुमार ने कहा कि लिखित शिकायत पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारी को लिखा जाएगा। लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय ने कहा कि किसान मजबूर हैं। उन्होंने डीएपी, यूरिया आदि सही कीमत पर उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने उच्चाधिकारी को भी इस पर ध्यान देने की बात कही है।धान अधिप्राप्ति को लेकर भी उन्होंने किसानों की समस्या रखी। बिक्रेताओं ने कहा कि डीएपी के साथ एनपीके थोक विक्रेता द्वारा दिया जाता है। यहां किसान सिर्फ डीएपी लेते हैं। बीडीओ राहुल रंजन ने कहा कि भूमि की उर्वरकता कायम रखने के लिए डीएपी के साथ एनपीके देना अनिवार्य है। किसानों को मोटिवेट करने की जरूरत है। बैठक में प्रखंड उद्यान अधिकारी राजा राम कुमार, कृषि समन्वयक सुलेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, किसान सलाहकार मुकेश कुमार,संजय कुमार राय,श्रवण कुमार,मनोज कुमार, राजीव कुमार,शिव राज रजक, उर्वरक विक्रेताओं में से अमर कांत कुमार,कुणाल कुमार,शुभम कुमार, ब्रजेश कुमार, राजा कुमार, गुलशन कुमार, लक्ष्मी देवी, रंजीत कुमार, मनोरंजन कुमार, मनमीत कुमार, अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

# टेलर ट्रक की चपेट में आने से सीएनजी टेंपो में सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब छपरा से एकमा की ओर माल लेकर आ रहे माल वाहक सीएनजी टेंपो ओवरटेक करने के दौरान एक टेलर ट्रक के पिछले हिस्से की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सीएनजी टेंपो सवार एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान राजेश महतो (30), पिता योगेश्वर महतो, निवासी भुईली, थाना एकमा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विजय कुमार गुप्ता (35), पिता स्व. रामदयाल साह, निवासी भुईली बताया गया है। दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से भतुआ पाग (पेठा) व आम का अमावट मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक व सीएनजी टेंपो चालक दोनों अपने-अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। हादसे के बाद नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर कुछ देर तक सड़क जाम कर दिया। जिससे लगभग दो घंटे तक सड़क यातायात प्रभावित रहा। इसके पूर्व एकमा, रसूलपुर व दाउदपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक विजय कुमार गुप्ता को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ कौशलेंद्र कुणाल ने घायल क प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा नाराज लोगों को समझा-बुझाकर सड़क यातायात व्यवस्था सामान्य कराया गया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच व फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

# 41वीं बिहार कलाश्री, पत्रकार श्री व बिहार चिकित्सा रत्न सम्मान समारोह आयोजित

- छपरा के पत्रकार के. के. सिंह सेंगर व सुनील कुमार हुए बिहार पत्रकार श्री सम्मान से सम्मानित
- कला, चिकित्सा व पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े 25 से अधिक प्रतिभाओं को उत्कृष्ट योगदान केकिया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/छपरा।** बिहार कला श्री पुरस्कार परिषद एवं बिहार कला व सांस्कृतिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी पटना के भागवत नगर स्थित राजमहल रिजॉर्ट सभागार में 41वीं वर्ष बिहार कलाश्री/बिहार पत्रकार श्री/बिहार चिकित्सा रत्न अवार्ड समारोह स्वर्गीय गव्य विशेषज्ञ यमुना चौधरी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर अजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण मोहन दास तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मैथिली नाटक अभिनेत्री आशा चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एवं कला प्रेमी व वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी संत जी ने की।

समारोह में विभिन्न कला विधाओं और पत्रकारिता से जुड़े प्रतिभाशाली 25 से अधिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मिथिला चित्रकला में प्रतीक प्रभाकर, कथक नृत्य में संस्कृति कश्यप, गायन में स्वस्तिका कश्यप, शास्त्रीय गायन में सिमी माला, चित्रकला में शिल्पा कुमारी, लोकगीत गायन में सुरेंद्र प्रसाद यादव तथा वादन विधा में सुरेंद्र प्रसाद और धीरेंद्र पांडेय को बिहार कला श्री सम्मान प्रदान किया गया।

वहीं, बिहार पत्रकारश्री अवार्ड से योगेश कुमार शुक्ला योगी, डॉ सत्यार्थ गांधी के अलावा छपरा के पत्रकार के. के. सिंह सेंगर व सुनील कुमार को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा बिहार चिकित्सा रत्न सम्मान डॉ संजीव कुमार सुमन को दिया गया। मैथिली नाटक अभिनय में आशा चौधरी, कथक नृत्य में दिव्या दास, योग एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर मोनालिसा तथा मिथिला लोक चित्रकला में अर्चना कुमारी को भी ट्रॉफी, शॉल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक आलोक चोपड़ा के नेतृत्व में आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। मनीता पाठक, अरुण कुमार गौतम, संस्कृति, स्वस्तिका, सिम्मी माला, संगीता सुप्रिया, एकता झा और कवि पृथ्वीराज ने अपनी प्रस्तुतियों से देर शाम तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

समारोह के अंत में रवि रंजन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# नियोजन कैंप में 16 अभ्यर्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत गवर्नमेंट आईटीआई परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया। उक्त कैंप में निजी कंपनी सबरोस एवं टीवीएस ट्रेनिंग एंड सर्विसेज के प्रतिनिधि कार्तिक एवं विपुल के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयीॅ कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 200 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 64 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 16 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

# सीएचसी मशरक में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सक डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने किया। एएनएम, जीएनएम, आशा कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की तथा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें लोगों को एड्स से बचाव, इसके लक्षण और इससे जुड़े सामाजिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। रैली के बाद स्वास्थ्य केंद्र सभागार में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने एचआईवी संक्रमण के फैलने के कारण, सावधानियाँ, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और इलाज की आवश्यकता पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी बचाव है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लवकुश कुमार, मूल्यांकन सहायक प्रियांशु प्रकाश, जीएनएम पूजामणि, गीता देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सभी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुँचाने और नियमित जांच कराने की जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

# अग्निपीड़ितों के बीच समाजसेवी ने कंबल व साड़ी का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तरैया (सारण)।** प्रखंड के उसरी चांदपुर गांव निवासी व भारतीय जीवन बीमा के वरिष्ठ अभिकर्त्ता समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने गतरात्रि पानापुर प्रखंड के कोंध भगवानपुर गांव स्थित मुसहर टोली में हुए भीषण अग्निकांड के अग्नि पीड़ितों के बीच सोमवार को साड़ी और कमल का वितरण किया।

समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने बताया कि इस ठंड की ठिठुरन और पीड़ितों के उजड़े हुए आशियाने को देखकर उनका कलेजा डहल गया। उन्होंने कहा कि मैं कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हूँ, बल्कि इसी समाज में पढ़ा लिखा और बड़ा हुआ हूँ। मैंने हमेशा सामाजिक रूप से कार्य किया है और इतनी बड़ी मुसीबत झेल चुके इन अग्नि पीड़ितों को अगर इस हाल में छोड़ दूं तो यह उनके साथ नाइंसाफी होगी। भगवान भी हम जैसे इंसानों को इस धरती पर भेज कर कोस्ता रह जाएगा।क्योंकि इंसान ही इंसान के काम आते हैं। हमें सुबह में अखबार के माध्यम से जानकारी हुआ कि भगवानपुर मुसहर टोली में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई और करीब दो दर्जन से अधिक घर इसके चपेट में आ गए।

### विदाई समारोह में शिक्षक मंगलेश्वर मिश्र को किया गया सम्मानित

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखण्ड के सोनबरसा मठिया प्राथमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को शिक्षक मंगलेश्वर मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक मुरलीधर सिंह ने की, जबकि संचालन शिक्षक विजेन्द्र तिवारी ने किया।

शपथ–पत्र

मैं श्वेता कुमारी (SHWETA KUMARI) पिता–स्व0 शशि कान्त कुमार, पति-अंशुमान कुमार, मकान नं0. 285 रोड नं0- 3ई न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, थाना+पोस्ट–पाटलिपुत्र, जिला–पटना बिहार 841438 की स्थायी निवासी हूँ तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करती हूँ यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम श्वेता (SHWETA KUMARI) अंकित है, यह कि, मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्वेता (SHWETA) अंकित है, यह कि मैं अब श्वेता (SHWETA) के जगह पर श्वेता कुमारी (SHWETA KUMARI) के नाम से भविष्य में सभी कार्यों के लिए जानी व पहचानी जाऊँगी शपथ पत्र सं 1162 दिनांक 01.12.2025

AFFIDAVIT

I, KALPANA KUMARI, (कल्पना कुमारी) D/o.-Ajit kumar singh, W/o-Kundan kumar singh, Chakeyaj Hajipur, Mahnar, Vaishali Bihar 844506 do hereby solemnly affirm and declare as follows as per Affidavit No. 729 dated 1.12.2025. That my name is mentioned in matriculation educational certificates KALPANA KUMARI. That my name in my Aadhar and pan Card is written as KALPANA AJIT KUMAR SINGH. That KALPANA AJIT KUMAR SINGH and KALPANA KUMARI both are same and one person. That from now I will be know as KALPANA KUMARI (कल्पना कुमारी) for All future purpose.

Name change

I, Vihaan Ashta S/o Late Sh. Sumit Ashta R/o C/o Parmanand singh, Ground Floor, Ward No.4, Barh- 803213, Distt. Patna,Bihar. My previous name was VANSH ASHTA. Now I have changed my name from VANSH ASHTA to VIHAAN ASHTA.Now I will be known as VIHAAN ASHTA henceforth all purposes in future. Affidavit No. 01 Date 01.12.25.

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**अररिया।** मंगलवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों ने उम्दा खेलभावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस रोमांचक मुकाबले में साकेत हाउस ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि विक्रमशिला हाउस उपविजेता रहा। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

मैच अत्यंत रोमांचक रहा और आखिरी ओवर में साकेत हाउस ने 14 रन डिफेंड कर शानदार जीत दर्ज की। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने बताया कि यह इस सत्र का छठा टूर्नामेंट था, जो पूर्ण रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशार्ती है किस्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद व सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से जोर देता है।



वहीं कुमार आर्यन ने कहा कि खेल से बच्चों में निखार के साथ साथ मानसिक विकास और शारीरिक विकास भी होता है। इसलिए खेल कूद बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे भी ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों का आश्वासन दिया।

# जम्बूरी में ईसीआर ने लहराया परचम

## रेलवे सहित 44 राज्यों के पैतीस हजार सदस्यो ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गरहरा।** अखिल भारतीय स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय हाजीपुर जोन के पांचों मंडलो एवं छह जिला संघो के 281 सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।बताते चले कि ईसीआर टीम का नेतृत्व जीवानंद मिश्र जिला सचिव गरहरा ने किया।जम्बूरी के प्रतियोगिता में स्टेट गेट,प्राथमिक उपचार,स्किलोरामा, हैंडीक्राफ्ट, रंगोली,पीजेंट शो,टू पोल टावर, एक्सिबिशन, फिजीकल डिस्प्ले, कैन भास पैंटीन पेंटिंग के अलावे दर्जनों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें ईसीआर ने भारतीय रेलवे जोनों में तीसरा एवं राज्यो में सातवें पोजिशन लाया है।जीवानंद मिश्रा जिला स्काउट सचिव गरहरा ने बताया कि यह स्काउट एंड गाइड का महा पर्व था।जिसका आयोजन राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा हर पांच वर्षो में किया जाता है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन महामहिम राज्य पाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल ने किया।वही समापन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मू एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने किए थे।बताते चले कि जिला स्काउट सचिव को जिन राज्यो ने सम्मानित किया उसमे दिल्ली,राजस्थान, बिहार,झारखंड, हरियाणा,तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना एवं ,उत्तर प्रदेश ने शॉल, प्रतीक चिन्ह,अंग बस्त्र आदि दिया।वही राष्ट्रीय जम्बूरी में दिए गए अवार्ड को मुख्यालय हाजीपुर में जमा किये जाने है।इसमें भाग लेने वालों में राज्य संगठन आयुक्त स्काउट नीरज चंद्र मिश्रा, अशोक कुमार सिंह,संटू कुमार,मनीष कुमार,पंकज कुमार राकेश,शशिकांत,चंदन कुमार,सुलेखा कुमारी ,निक्की कुमारी के अलावे गरहरा से 40 सदस्यो ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देने वालो में मुख्य राज्य आयुक्त पी एफ ए ,नीरज वर्मा ,राज्य आयुक्त स्काउट अरविंद रजक,राज्य सचिव जितेश कुमार मंडल,सहाय राज्य सचिव प्रभात कुमार,मुख्य जिला आयुक्त सोनपुर तांती, जिला आयुक्त गरहरा डॉ कमल कुमार भगत, सोनपुर, दिलीप पासवान, कुलदीप कुमार, विकाश चंद दत्ता आदि ने दिया।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को लगे पंख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर**। गीता देवी का नाम उन महिलाओं में शुमार है, जिन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्राप्त राशि से अपने लिए नई आजीविका की शुरूआत की है। उन्हें उम्मीद है कि किराना दुकान के रूप में अपने इस नए व्यवसाय से वह अपने परिवार की तरक्की की राह पर अग्रसर कर सकेंगी।

गीता देवी गोपालपुर प्रखंड के गोसाईंगांव की रहने वाली है। ऐसी कई महिलाएं हैं जो आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिली सहायता ने कई महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। महिलाएं अपने मन के मुताबिक कार्य कर रहीं हैं। परिवार के आय में वृद्धि कर रहीं हैं।

कई महिलाएं गांव में दुकान खोल ली है तो कोई सिलाई मशीन खरीदकर कपड़ा सीने का काम कर रहीं हैं। कई महिलाएं सिल्क का धागा खरीदकर खुद से दुपट्टा तैयार कर रहीं हैं। कोई फोटो कॉपी मशीन खरीदकर घर बैठे आमदनी कर रहीं हैं।

जिले के चार लाख 28 हजार 86 महिलाओं के खाते में दस हजार भेजी गई है। दस हजार की राशि से महिलाएं बड़ा रोजगार खड़ा करना चाह रहीं हैं। रोजगार की शुरूआत कर चुकीं महिलाओं का कहना है कि मुख्यमंत्री दो लाख रुपये देने का भरोसा दिया है। अगर दो लाख रुपये मिल जाते हैं तो व्यवसाय का दायरा बड़ा करेंगे।

धांधी बेलारी सुल्तानगंज की रहने वाली नीतू देवी अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनना चाहती थी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिली सहायता ने नीतू के सपने को साकार कर दिया है।

नीतू को 26 सितंबर को दस हजार रुपये प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने अपने गांव में किराना दुकान का व्यवसाय शुरू किया। इससे जहां एक ओर ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुएं सुलभ रूप से मिल रही है, वहीं नीतू के परिवार की आय में वृद्धि हो रही है।

गोपालपुर प्रखंड के गोसाईगांव पंचायत की रूनिया देवी को 26 सितंबर को दस हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इससे

## लक्ष्मी ने खरीदी सिलाई मशीन तो रूनिया ने बकरी पालन को चुना

उन्होंने बकरी पालन का कार्य प्रारंभ किया। इससे गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरणा मिली।

रूनिया देवी बकरी पालन के व्यवसाय को विस्तार करना चाहती है, ताकि और अधिक बकरियों का पालन कर अपनी आमदनी को बढ़ाया जा सके। अपनी योजना को सफल बनाने के लिए निरंतर परिश्रमरत हैं।

जगदीशपुर प्रखंड के खीरीबांध की रहने वाली लक्ष्मी देवी को 26 सितंबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार रुपये प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी है। अब वह कपड़ों की सिलाई से अपने घर की आमदनी बढ़ाएगी।

लक्ष्मी देवी कहती है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मेरे बैंक खाता में दस हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। बहुत पहले से ही वह अपना स्वरोजगार शुरू करना चाहती थी। मुख्यमंत्री की पहल पर उनका यह सपना साकार हो सका है।

विशनपुर जिच्छो गोराडीह की ललिता देवी को तीन अक्टूबर को दस हजार रुपये प्राप्त हेने का संदेश आया। इस राशि से वह मशरूम की खेती प्रारंभ करने जा रही है। मैं मशरूम से आचार बनाकर बेंचुंगी। वह पहले दूसरे के घर जाकर आचार बनाने की काम करती थी।

इसके बदले में उन्हें प्रतिदिन सौ रुपये मजदूरी मिलती थी। इतनी कम राशि से उन्हें अपने घर के खर्चों को पूरा कर पाना मुश्किल हो रहा था। ललिता देवी को अब अपना सपना साकार होता दिख रहा है।

नाथनगर पंचायत के नूरपुर पंचायत की अंजू कुमारी सगुन जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य है। 26 सितंबर को इन्हें दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने फोटो कॉपी मशीन खरीदी है। इससे वह नए व्यवसाय की शुरूआत की है।

वह कहती है कि इस योजना के तहत यदि आगे भी राशि मिली तो उससे वह अपनी दुकान का विस्तार करेगी और फोटो कापी के साथ-साथ अन्य प्रकार की सेवाओं की शुरूआत करेगी। इससे परिवार की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी।

जगदीशपुर प्रखंड के हबीबपुर पंचायत की बीबी शबनम को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार की राशि प्राप्त हुई। इससे वह अपने हैंडलूम के कारोबार में मुनाफे का रंग भर सकेंगी। राशि मिलने से उन्होंने रेशमी धागे की खरीद की है। इससे वह दुपट्टा तैयार कर रहीं हैं।

पहले वह और उसके गांव के रहने वाले अन्य बुनकर परिवार महाजनों से धागा लेकर सिल्क वस्त्रों की बुनाई करती थी। पहले यह कार्य महाजनों के भरोसे चलता था। महाजन धागा देते और शबनम बुनाई करती थी।

# ट्रक में रिसाव होने से अफरातफरी

**गयाजी**। गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर वकीलगंज के पास उस समय अफरातफरी मच गई जब एक सीएनजी ट्रक से अचानक गैस लीक होने लगी। कुछ ही पलों में तेज गैस की गंध फैलते ही इलाके के लोगों में डर का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीण अपने-अपने घरों को छोड़कर बाहर की ओर भागने लगे। लोगों के चेहरे पर भय स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बताया गया कि गैस लीक होते ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल डोभी थाना को दी। सूचना मिलते ही डोभी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और साथ ही अग्निशमन विभाग को सूचना दिया।इस बीच लगभग पंद्रह मिनट तक लगातार सीएनजी लीक होती रही, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत बनी रही। मौके पर कुछ स्थानीय युवकों ने साहस दिखाते हुए ट्रक के पास पहुंचकर लीकेज बिंदु को बंद करने का प्रयास किया।

अपनी जान जोखिम में डालते हुए उन्होंने गैस लीक को सफलतापूर्वक रोक दिया।

# नाबालिग किशोरी को किया आर्केस्ट्रा वालों के हवाले

## आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिवान**। थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने, उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने तथा बाद में आर्केस्ट्रा से जुड़े लोगों के हवाले करने का मामला सामने आया है।

इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित रोहित यादव को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में भेज दी है तथा पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपित रोहित यादव उससे करीब एक माह से मोबाइल पर संपर्क में था। 24 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसने पास के मंदिर के पास किशोरी को बुलाया। उसी समय गांव में शादी समारोह चल रहा था और घर के सभी लोग उक्त समारोह में गए हुए थे।

रात करीब 10 बजे आरोपित उसे बाइक से अपने घर ले गया और एक कमरे में छुपाकर रखकर शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन संबंध बनाया।

बताया गया कि अगले दिन आरोपित उसे जनता बाजार ले गया, जहां आर्केस्ट्रा संचालकों के यहां एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहीं, आरोपित द्वारा भेजे गए दो युवकों द्वारा भी उसके साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। पीड़िता चार दिनों तक वहां रही। 28 नवंबर की रात आरोपित उसे यह कहकर ले गया कि घर छोड़ देगा, लेकिन उसे दूसरे स्थान सतजोरा बाजार पर आर्केस्ट्रा संचालक के यहां छोड़ दिया।

उक्त किशोरी एक दिसंबर को वैजापुर बिशनपुर आर्केस्ट्रा में डांस के लिए गई जहां लोगों ने उसे पहचान लिया और सूचना थाने को दी। इसके बाद उसने पुलिस व लोगों के बीच दास्ता सुनाई, इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपित रोहित यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, वही किशोरी को 164 का बयान एवं मेडिकल जांच के लिए भेजा गया।

# नाव पलटने से अफरातफरी

## दो बच्चियां लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पश्चिम चंपारण**। बैरिया थाना क्षेत्र स्थित कोइरपट्टी घाट के पास सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई, जहां ग्रामीणों से भरी एक छोटी नाव गंडक नदी में अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दैनिक खेत-खलिहान का काम निपटाकर, चारा काटकर और भोजन देकर लौट रहे ग्रामीण बड़ी संख्या में इस नाव पर सवार हो गए थे।

5 से 6 लोगों की क्षमता वाली नाव पर करीब 15 से 20 लोग बैठे थे, जिससे नाव असंतुलित हो गई और सामने से आ रही एक बड़ी नाव से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद गंडक की तेज धारा में कई लोग बह गए। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बचाए गए अधिकांश लोगों की पहचान हो चुकी है, लेकिन दो बच्चियां पुनीता कुमारी (17 वर्ष), पिता धर्म यादव, और रौनक उर्फ सुगी (8 वर्ष), पिता रमेश कुमार अभी भी लापता हैं। दोनों आपस में फुआ-भतीजी बताई जाती हैं, जिनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बिना देरी किए नदी में कूदकर बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पुलिस बल और गोताखोर भी घटनास्थल पर पहुँच गए और सर्च ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। थानाध्यक्ष अंजेश कुमार ने फिलहाल मीडिया को आधिकारिक बयान देने से परहेज किया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस हर संभव संसाधन जुटाकर दोनों बच्चियों की खोज में लगी है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर नावों की नियमित जाँच और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएँ बार-बार होती हैं।

लोग प्रशासन से तत्काल राहत,



लापता बच्चियों की तेजी से तलाश, नाव परिचालन पर निगरानी, और घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग घाट पर जमा हो गए। लापता दोनों बच्चियों के परिवार अब भी नदी किनारे उम्मीद और दहशत के बीच खड़े हैं। पुनीता की मां बेहोशी की हालत में है, जबकि छोटी सुगी का परिवार लगातार नदी में देखने-ढूंढने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चियां परिवार और गांव की सबसे चंचल और होनहार बेटियों में थीं।

# सरकारी स्कूल में बार बालाओं का डांस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। टनकुप्पा प्रखंड के मध्य विद्यालय भदान में आयोजित एक अनुचित कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि स्कूल परिसर में रविवार रात कथित अश्लील गीतों पर बार बालाएं डांस कर रही हैं और बड़ी संख्या में लोग इसे देख रहे हैं। यह कार्यक्रम बारात के स्वागत के दौरान आयोजित आर्केस्ट्रा का बताया जा रहा है। जागरण वायरल वीडियो की पुष्टी नहीं कर रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह के समय बारात को सरकारी स्कूलों में ठहराना आम बात है। लेकिन शिक्षण स्थल पर रातभर अशोभनीय नृत्य का आयोजन होना स्थानीय लोगों और अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

वीडियो में स्कूल भवन, सरस्वती मंदिर और परिसर के भीतर बने हिस्सों के सामने मंच तैयार कर नृत्य कार्यक्रम चलाते स्पष्ट देखा जा सकता है। इससे सरकारी स्कूलों में सुरक्षा और निगरानी की कमी उजागर होती है।

## विभाग की हो रही बदनामी

घटना सामने आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी विद्यालय परिसर में ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जा सकती। मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए जा रहे हैं और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नौशाद ने अपनी तरफ से किसी भी अनुमति से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि रविवार को स्कूल बंद था और उन्हें न तो बारात ठहराने की जानकारी थी, न ही किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम की।

# जल्द मिलेगा नया वेतनमान

**अररिया**। सभी शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। नए वेतन के आधार पर उन्हें नवंबर माह का वेतन भुगतान शीघ्र होगा। वीसी में अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्धारित समय सीमा के भीतर वेतन भुगतान का आदेश दिया है। वीसी में मिले आदेश पर डीईओ संजय कुमार ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी और सभी एचएम, बीईओ व डीपीओ को आदेश पर अमल करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीईओ ने आदेश दिया है कि छह दिसंबर तक सभी शिक्षकों का नए वेतन के आधार पर नवंबर माह का वेतन भुगतान किया जाएगा। विशिष्ट अध्यापकों का एरियर भुगतान छह दिसंबर तक और दस दिसंबर तक वेतन भुगतान सेवा पुस्तिका पर प्रविष्टि कैंप मोड में किया जाएगा। विशिष्ट शिक्षकों को निर्देश मिला है कि वे अपनी सेवा पुस्तिका पर वेतन निर्धारण पांच दिसंबर तक तथा एरियर विपत्र पत्र तैयार कर अपने एचएम से हस्ताक्षर कराकर छह दिसंबर तक बीआरसी के लेखापाल के पास जमा कराएंगे।

# सेंट जेवियर स्कूल में क्रॉस कंट्री का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। सेंट जेवियर स्कूल में 2025-26 का क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। मिडिल स्कूल में यह कार्यक्रम 2 दिसंबर, 2025 को सम्पन्न हुआ। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. द्वारा ध्वज दिखाकर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों और स्वयंसेवकों के सहयोग से पूरा आयोजन बेहद सुचारू और सफल रहा। इस दौड़ मुकाबले में ब्रिटो हाउस विजेता बना। लोयोला हाउस ने प्रथम रनर-अप, जेवियर हाउस ने द्वितीय रनर-अप और गोंजागा हाउस ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन से यह आयोजन पूर्णतः सफल और यादगार बन गया।

# जमीन कारोबारी पर हमला कर लूटपाट, जख्मी

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। मंगलवार को दिनदहाड़े बिहटा थानाक्षेत्र के विशंभरपुर पेट्रोल पंप के निकट बाइक सवार अपराधियों ने जमीन बिक्री करने वाले कारोबारी के स्कॉर्पियो पर हमला किया। इस हमले में जमीन कारोबारी अभिषेक कुमार सिन्हा और उनके साथी जख्मी हो गए, जबकि 11 लाख रुपये नगद और दो सोने की चेन लूट ली गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी व्यक्तियों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में नाकेबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, बिहटा के श्रीरामपुर निवासी अभिषेक कुमार सिन्हा एक जमीन खरीदने के लिए 11 लाख रुपये लेकर अपने तीन दोस्तों के साथ स्कॉर्पियो में दानापुर जा रहे थे। बिहटा-खगौल मुख्य मार्ग पर विष्णुपुरा के समीप चार उचक्कों ने पुरानी अदावत के चलते उनकी गाड़ी का पीछा किया और उसे रोक दिया। अभिषेक ने अपनी गाड़ी को बैक कर पतसा मार्ग से जाने का प्रयास किया। विशम्भरपुर मोड़ के पास पहुंचने पर लगभग एक दर्जन बाइक पर सवार युवाओं ने अचानक गाड़ी पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले के बाद अभिषेक और उनके साथी गाड़ी से कूदकर जान बचाने लगे।

इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें जख्मी कर 11 लाख रुपये और दो सोने की चेन लूट ली। बिहटा थाना प्रभारी ने इस मारपीट की घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और पीड़ित की लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# छत से कूदी युवती, मौत

**पटना**। थाना क्षेत्र के नयाटोला में किराये पर रहने वाली युवती ने छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे प्रेमी ने आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान सारण जिले के एकमा की 20 वर्षीय अनामिका के रूप में की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और प्रेमी अभिराज कुमार आर्य को हिरासत में लेकर मृतका के स्वजनो को सूचना दी।

देर शाम तक मृतका के स्वजन के नही आने व कोई सूचना नही देने पर शव का पोस्टमार्टम करा प्रेमी के हवाले कर दिया गया। बताया जाता है कि सिवान के लक्ष्मण डुमरी निवासी अभिराज कुमार आर्य ने अपने ननिहाल एकमा में रहकर पढ़ाई की थी। वहीं पर उसकी मुलाकात लड़की से हुई। अभिराज ने बताया कि वहीं दोनों के बीच प्रेम हो गया। चार वर्ष पूर्व दोनों घर से निकल भागे। अभिराज ने बताया पिछले कुछ महीने से दोनों नयाटोला में रह रहे थे। पढ़ाई के साथ अभिराज कुछ काम भी करता था। उसने बताया कि चार दिन पूर्व अपने पिता को बुलाया था।

# झारखंड के कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के खिलाफ ब्लू कार्नर नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। विदेश में बैठकर झारखंड में अपने गिरोह का संचालन कर रहे कुख्यात अपराधी राहुल सिह के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। झारखंड सीआइडी के अनुरोध पर सीबीआई की मदद से यह कार्रवाई की गई है। राहुल सिह एनकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमन साहू का बेहद करीबी माना जाता है। अपराध की दुनिया में यह चर्चा है कि राहुल सिह द्वारा ही अब अमन साहू गिरोह का संचालन किया जा रहा है। अपराध की गतिविधियों को झारखंड में संचालित करने के लिए राहुल सिह फिलहाल देश छोड़कर फरार हो चुका है और विदेश में रहकर झारखंड में अपने गुर्गों से आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। झारखंड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल सिह का गिरोह झारखंड के कई जिलों जैसे पलामू, रांची, रामगढ़, बोकारो, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में एक्टिव है। विदेश में बैठकर राहुल सिह अपने गुर्गों को रंगदारी वसूलने के लिए निर्देश देता है जिसके बाद उसके गुर्गे रेलवे साइडिग से लेकर कोयला कारोबारी के साइट पर हमला और गोलीबारी करते हैं। जो लोग रंगदारी नहीं देते हैं उन्हें राहुल सिह विदेश से बैठकर ही धमकाता है। हाल के दिनों में राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए कई अपराधियों गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में यह जानकारी मिली कि राहुल सिह विदेश में बैठकर अपने गैंग का संचालन कर रहा है। झारखंड सीआईडी के अधिकारियों के अनुसार राहुल सिह की जानकारी इकट्ठा करने के लिए सीबीआई की मदद से इंटरपोल को ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने का आग्रह किया गया था जिसे मंजूर कर लिया गया है। ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियां राहुल सिह की पहचान और उसके गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाएंगी ताकि उसकी गिरफ्तारी की राह आसान हो सके।

# फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी कर रहे तीन शिक्षक धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार**। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जारी जांच ने एक बार फिर बड़ी धांधली का पदार्फाश किया है। भले ही सत्यापन प्रक्रिया की रफ्तार धीमी हो, लेकिन कार्रवाई लगातार जारी है।ताजा मामले में कोढ़ा प्रखंड के एक शिक्षक और आजमनगर की दो नियोजित शिक्षिकाओं पर फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी करने का गंभीर आरोप साबित हुआ है।

इतना ही नहीं, आजमनगर का एक सेवानिवृत्त शिक्षक भी जांच में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते पाए गए हैं।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के पुलिस उपाधीक्षक श्रीराम चौधरी ने चारों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया कि कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुरा (कन्या) के शिक्षक रंजन कुमार ने अमरावती विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के सीपीएड प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति पाई थी। जांच में इनका अंकपत्र और प्रमाणपत्र पूर्णतः फर्जी साबित हुआ, जिसके बाद कोढ़ा थाना में केस दर्ज कराया गया।

इधर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मियाटोली, इस्लामनगर की शिक्षिका रुणा खातून और प्राथमिक विद्यालय पैकवाहन की शिक्षिका लैला खातून के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में जन्मतिथि गलत पाई गई, जो गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। सबसे चौंकाने वाला मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय राघोपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक मो. साहिद हुसैन का है। सेवा समाप्त हो जाने के बाद भी उनके प्रमाणपत्र की जांच में फजीर्वाड़े की पुष्टि हुई।

तीनों के विरुद्ध आजमनगर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। निगरानी की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में ऐसे कई और मामले सामने आ सकते हैं।

# प्रशासन की गाड़ी गुजरी, फिर सज गई दुकानें

## न्यू मार्केट रोड को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाना बनी चुनौती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार नगर**। शहर के जाने माने राजेन्द्र प्रसाद रोड में सब्जी मंडी न्यू मार्केट रोड पर अतिक्रमण की समस्या अब एक 'चूहे-बिल्ली का खेल' बन गई है। यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की कार्रवाई का असर चंद घंटों से ज्यादा नहीं टिकता है। आलम यह है कि जैसे ही प्रशासनिक अमला सख्ती दिखा कर निकलता है। सड़क के दोनों ओर सब्जी और फल की दुकानें एक सुनियोजित तरीके से फिर से सज जाती हैं। जिससे यह व्यस्त सड़क हर दिन जाम की भेंट चढ़ जाती है। यातायात पुलिस ने सोमवार को अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की। उसके बावजूद अगले ही दिन मंगलवार को स्थिति जस की तस हो गई। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई अस्थायी दुकानों को हटवाया



था।जिससे लोगों ने राहत की साँस ली थी। लेकिन मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे सड़क पर एक बार फिर से सब्जी की दुकानें पूरी तरह से सज चुकी थीं। ये दुकानें सड़क की आधी से अधिक चौड़ाई को घेर लेती हैं। जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि यह सड़क शहर के मुख्य बाजारों को जोड़ती है। न्यू मार्केट और आस-पास के क्षेत्रों में खरीदारी के लिए लोगों को अपनी गाड़ियाँ दूर खड़ी करनी पड़ती हैं, क्योंकि जाम के कारण यहाँ से निकलना लगभग असंभव हो जाता है। उनलोगो ने बताया कि प्रशासन की गाड़ी आते ही दुकानदार अपना सामान समेट लेते हैं और गाड़ी के ओझल होते ही वे तुरंत अपनी जगह पर वापस आ जाते हैं।

शहर मे वेंडिंग जोन का अभाव है। जब तक इन दुकानदारों को कारोबार करने के लिए कोई स्थायी और वैध स्थान नहीं दिया जाता। तब तक अतिक्रमण की यह समस्या केवल अस्थाई समाधानों से ही जूझती रहेगी। जानकारी हो कि पूर्व मे भी निगम तथा जिला प्रशासन ने शहर मे अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की थी ।

# कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शक्ति प्रदर्शन पर बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। प्रदेश कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। पार्टी ने दावा किया है कि झारखंड से बड़ी संख्या में कार्यकताक्ष और नेता दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस की ताकत का प्रदर्शन करेंगे। बैठक के दौरान यह रणनीति बनाई गई कि राज्य के सभी जिलों से कार्यकताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि यह रैली सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़े जन आंदोलन का हिस्सा है। हालांकि बैठक में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर सवाल भी उठे क्योंकि आधे से ज्यादा पदाधिकारी बैठक से नदारद रहे जिससे अंदरखाने चर्चा तेज है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ मंत्री दीपिका पांडे और तीनों कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो और शाहनवाज आलम सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने जिम्मेदारियों का बंटवारा करते हुए सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित संख्या में कार्यकताओं को दिल्ली रैली तक भेजने की तैयारी तेजी से पूरी करें।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संवैधानिक स्तर पर लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। दिल्ली की रैली में झारखंड से मजबूत उपस्थिति दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि जनता के वोट पर डाका डालने वाली ताकतों के खिलाफ हम मजबूती से खड़े हैं।

# जेपी सेनानी सम्मान पेंशन के लिए 210 आवेदनों पर समिति की बैठक सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व मे 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक के प्रजातंत्र के अस्तित्व को बचाने एवं जनता मे मौलिक अधिकारों संगक्षण हेतु चलाये आंदोलन मे भाग लेने वाले व्यक्तियों को "सम्मान पेंशन" के लिए जिला मे नामित तीन सदस्यीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जेपी सेनानी सम्मान योजना के तहत 210 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसपर गहन समीक्षा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना हेतु प्राप्त 210 आवेदन को स्वीकृति प्रदान करने हेतु विभाग को अनुशंसा पत्र भेज दिया जाए ताकि आगे कि कार्रवाई की जा सके। जिला पदाधिकारी ने बताया कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक के प्रजातंत्र के अस्तित्व को बचाने एवं जनता मे मौलिक अधिकारों संरक्षण हेतु चलाये आंदोलन मे भाग लेने वाले व्यक्तियों के चयन के संबंध में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए चयन की प्रक्रिया अपनाई जाती है-

जिनमें आवेदक द्वारा आन्दोलन के दौरान मीसा / डीआइआर के तहत एक माह से कम कारा निरुद्धता का प्रस्तुत प्रमाण पत्र का होना। थाना में उनके विरूद्ध यदि कोई प्राथमिकी दर्ज है, उससे संबंधित साक्ष्य । न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल करने का साक्ष्य। जिला पदाधिकारी / न्यायालय से संबंधित कोई अन्य अभिलेखीय साक्ष्य जिससे उनका दावा सम्पुष्ट हो रहा हो। जिलाधिकारी ने बताया कि उपर्युक्त में से सभी अथवा कोई एक साक्ष्य के आधार पर यथोचित निर्णय लिया जा सकता है। बशर्ते आवेदनकर्ता का उम्र 18.03.1974 से 21.03.1977 की अवधि में 14 वर्ष से कम न हो।

## प्रखंड कार्यालय सह आवासीय भवन निर्माण हेतु भू अर्जन के लिए रैयतों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर मंगलवार को मोदनगंज प्रखंड में प्रखंड कार्यालय सह आवासीय भवन के लिए भू अर्जन हेतु रैयतों के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान अंचल पदाधिकारी मोदनगंज को अविलंब एलपीसी निर्गत करने के लिए निर्देश दिया गया साथ ही इससे संबद्ध रैयत जिनका एलपीसी पहले से निर्गत है,उनके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी मोदनगंज एक सप्ताह में रजिस्ट्री करवाने की व्यवस्था करें इसके लिए उन्हें निर्देश दिया गया। बताया गया कि वर्तमान में अभी तक लगभग 80 डि. का रजिस्ट्री हुआ है, तथा 65.58 डि. एलपीसी निर्गत हेतु अभिलेख तैयार हो चुका है। अंचल अधिकारी, मोदनगंज को नियमानुसार एलपीसी निर्गत करने का निर्देश दिया गया तथा मोदनगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी को आगे के कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्व नियोजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोदनगंज एवं रैयत उपस्थित थे।

# अवैध निजी क्लिनिकों पर बड़ी कार्रवाई एक क्लिनिक सील, दर्जनों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी क्लीनिकों पर नकेल कसने के लिए रफीगंज पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर छापामारी अभियान चलाया। औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री एवं सिविल सर्जन लालसा सिन्हा के निर्देश पर शहर के दर्जनों क्लीनिक, लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की गई।

सिविल सर्जन, अंचल अधिकारी भारतेंदु सिंह, एसआई उमेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ए.के. केसरी सहित पुलिस टीम ने बाबूगंज शिक्षक कॉलोनी स्थित एक निजी क्लीनिक को आवश्यक कागजात न मिलने पर तुरंत सील कर दिया। जांच के दौरान क्लीनिक से जुड़े दस्तावेज भी मांगे गए। इसके बाद टीम ने पूरे शहर में अभियान चलाते हुए कई निजी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। अधिकांश क्लीनिक मौके पर खाली मिले। जहां भी स्टाफ या




चिकित्सक मौजूद थे, उनसे संबंधित सभी लाइसेंस और कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि कई संचालकों से दस्तावेज लिए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है। फर्जी या अनुचित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 29 अक्टूबर को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 20 मीटर दूर स्थित एक निजी क्लीनिक में एक महिला और नवजात की मौत के बाद मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद से प्रशासन लगातार छापामारी कर रहा है।

**डर से क्लीनिक छोड़कर भागे कई डॉक्टर और स्टाफ**

लगातार कार्रवाई से घबराए कई अवैध क्लीनिक संचालक अपने संस्थान छोड़कर फरार हो गए। कई जगहों पर डॉक्टर और कर्मचारी तालेबंदी कर सामान तक हटाकर चले गए, जिस कारण प्रशासन को कई क्लीनिकों में कुछ भी नहीं मिल सका।

# स्वास्थ्य विभाग ने निजी क्लिनिकों में की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। जिले के विभिन्न इलाकों में निजी क्लीनिकों में हो रही संदिग्ध मौतों की शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हसपुरा प्रखंड मुख्यालय के कई निजी क्लीनिकों पर छापेमारी कर जांच की। कनाप रोड स्थित ग्रीन हाउस परिसर में संचालित आस्था अस्पताल तथा डॉ. लीला शर्मा के आवास पर चल रहे डॉ. रंजीत कुमार क्लिनिक की जांच जिला से आए सीएस प्रतिनिधि डॉ. सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में की गई। दल में हसपुरा सीओ कौशल्या कुमारी, हेल्थ मैनेजर हेमंत रंजन, एलओ रवि रंजन और के.पी. वर्मा शामिल थे।

जांच के दौरान अधिकारियों ने आस्था अस्पताल में भर्ती तीन मरीजों से बात करने की कोशिश की, लेकिन सभी मरीज उपचार संबंधी जानकारी साझा करने से इनकार करते रहे। मौके पर अस्पताल का कोई स्टाफ मौजूद नहीं पाया गया, जिससे टीम ने स्थिति को गंभीर मानते हुए तीनों मरीजों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसके साथ ही आस्था अस्पताल को सील कर दिया गया। वहीं डॉ. रंजीत कुमार के क्लिनिक में भी कई अनियमितताएं मिलने पर उसे बंद करा दिया गया। टीम ने आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी हसपुरा बाजार स्थित गायत्री अल्ट्रासाउंड सहित कई निजी क्लिनिक जांच के दौरान बंद पाए गए थे। लगातार हो रही छापेमारी और कार्रवाई से क्षेत्र के निजी क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विद्यालय में छात्रा से छेड़खानी का आरोप, प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा थाना क्षेत्र के राजकृत मध्य विद्यालय चिरैला में 12 वर्षीय छात्रा के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कथित छेड़खानी का गंभीर मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण विद्यालय पहुँचे और आक्रोश व्यक्त करते हुए हंगामा करने लगे। भीड़ ने प्रधानाध्यापक की पिटाई भी कर दी, हालांकि विद्यालय में कार्यरत अन्य शिक्षकों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। परिजन विद्यालय का घेराव किए रहे और प्रधानाध्यापक को वहीं बंधक बनाए रखते हुए कासमा थाना को सूचना दी। खबर मिलते ही एसआई नेहा रंजन, एएसआई नवीन कुमार तथा सशस्त्र बल के साथ पुलिस



दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने समझा-बुझाकर प्रधानाध्यापक को भीड़ से मुक्त कराया और उन्हें थाना लाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया। पीड़ित छात्रा के पिता ने प्रधानाध्यापक रामस्वरूप गुप्ता के खिलाफ कासमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री सातवीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप है कि सुबह विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक ने उसे झाड़ू लगाने के लिए बुलाया, जबकि वहां पहले से सफाई कर्मी मौजूद है। बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर उन्होंने कथित रूप से छेड़खानी की, जिसके बाद बच्ची रोते हुए विद्यालय के एक शिक्षिका और अन्य शिक्षक को घटना की जानकारी देने गई। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार प्रधानाध्यापक को इलाज के बाद हिरासत में ले लिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी होते ही उन्हें जेल भेजा जाएगा। घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश है और ग्रामीणों ने विद्यालय प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं।

# जम्होर बालिका उच्च विद्यालय में भवन के अभाव से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड के जम्होर बालिका उच्च विद्यालय में वर्ग कक्ष की कमी है। पांच कमरों में नवम से लेकर 12वीं तक की शिक्षण कार्य होता है। कमरों के अभाव के कारण शिक्षकों को वर्ग कक्ष का संचालन करने से लेकर छात्राओं को बैठने में परेशानी होती है। ग्रामीण कहते हैं कि यह इंटर विद्यालय है पर सुविधाएं नदारद है। छात्राओं की संख्या बढ़ रही है परंतु वर्ग कक्ष का निर्माण नहीं कराया गया है। विद्यालय में कई विषयों के शिक्षक भी नहीं है। इंटर विद्यालय में गणित, भूगोल, फिजिक्स और कला में राजनीतिक शास्त्र एवं मनोविज्ञान के शिक्षक नहीं है। शिक्षक नहीं होने छात्राओं को इस विषय की पढ़ाई कोचिंग के सहारे होती है। नवम वर्ग की छात्रा रिंकी कुमारी, अर्चना कुमरी, जूही कुमारी ने बताया कि हिंदी अपनी मातृभाषा है परंतु पढ़ाने के लिए एक भी शिक्षक नहीं हैं। अन्य विषय के शिक्षक द्वारा इस विषय की



पढ़ाई कराई जाती है। विद्यालय के शिक्षक राजीव पांडेय ने कहा कि इस विद्यालय में 600 छात्राएं नामांकित हैं। छात्राओं की उपस्थिति भी प्रत्येक दिन 80 प्रतिशत से अधिक होती है। वर्ग कक्ष की कमी से एक-एक वर्ग में दो से तीन कंबाइंड वर्ग चलाया जाता है। स्मार्ट क्लास और प्रयोगशाला का भी संचालन किया जाता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पाठक ने बताया कि भवन की कमी से परेशानी होती है। भवन का निर्माण में कुछ बाधा है। कुछ कमरे ऐसे भी हैं जो वर्षा होने पर पानी का रिसाव होने लगता है। विद्यालय में विषयवार शिक्षक नहीं रहने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। किसी तरह छात्राओं को कंबाइंड क्लास के माध्यम से पढ़ाया जाता है। बताया कि इसकी सूचना विभाग के पदाधिकारियों को दी गई है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं॰ दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :—

**AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 10.12.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन का पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 10.12.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AB/2,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन का पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई—नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-Gaya-RW-18-25-1, ई—नीलामी की तिथि एवं समय : ई—नीलामी दिनांक 10.12.2025 को 12:20 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या : Parking-Mix-28, वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं॰ दीन दयाल उपध्याय

पीआर/1348/डीडीयू/वा./एन/25—26/48


# झरही नदी पुल पर रेलिंग न होने से कभी भी हो सकता है हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित झरही नदी पर बिना रेलिंग का पुल इन दिनों हादसे को आमंत्रण दे रहा है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से बिना रेलिंग के बने पुल पर रेलिंग का निर्माण कराए जाने की मांग की है परंतु अबतक रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण झरही नदी पुल पर 15 वर्षों पूर्व सिचाई विभाग के द्वारा बड़ी लागत से पुल का निर्माण कराया गया था। पुल तो बनाई गई परंतु रेलिग नहीं लगाया गया। बता दें कि इस पुल से होकर दरभंगा, रसलपुर, शिवगंज सहित कई गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं परंतु जर्जर पुल वर्षों से रेलिंग विहीन है। सबसे अधिक परेशानी दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को



होती है। सबसे अधिक परेशानी रात्रि में होती है। रात्रि के अंधेरे में ग्रामीण पुल से होकर गुजरते हैं। नदी से पुल की ऊंचाई काफी कम है। जब कभी भी नदी में बाढ़ आती है तो पानी पुल के ऊपर से होकर गुजरता है। ऐसे में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल रेलिंग विहीन होने के कारण कई बच्चे व अन्य व्यक्ति इस पुल से गिरकर घायल हो चुके हैं। शिवगंज के विनोद सिह, उदय सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि पुल में रेलिंग लगाने अथवा नए सिरे से इसके निर्माण को लेकर लोगों ने मांग की थी लेकिन इस ओर किसी का ध्यान जाता ही नहीं है। पुल स्थिति इतनी दयनीय है कि कभी भी हादसा हो सकता है। अगर समय रहते पुल पर रेलिग का निर्माण नहीं कराया गया और कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीण अब यहीं क्यास लगाए बैठे है कि आखिरकार पुल पर रेलिंग का निर्माण कब होती है।

# फाइलेरिया जांच के लिए लिए जा रहे नाइट ब्लड सर्वे का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिला में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में नाइट ब्लड सर्वे के तहत माइक्रोफाइलेरिया परजीवी से ग्रसित मरीजों की पहचान की जा रही है। नाइट ब्लड सर्वे में विभिन्न स्थानों पर कैंप लगा कर आमजन के रक्त के नमूने लिये गये हैं। इसका अनुश्रवण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार रात्रि राज्य फाइलेरिया विभाग के राज्य सलाहकार डॉ अनुज सिंह रावत ने जिला के ओकरी पंचायत के गंधरा गांव में लगे एनबीएस कैंप का भ्रमण किया और लैब टैक्निशियनों द्वारा रक्त के नमूने लेने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ वेक्टर जनित रोग सलाहकार निशिकांत कुमार भी



मौजूद रहे। डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि इस क्रम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को गति देने संबंधित कार्यक्रमों तथा सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान दवा सेवन कराने संबंधी रणनीति पर चर्चा की गयी। राज्य फाइलेरिया विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा निर्देशित प्रतिवेदित फाइलेरिया मरीजों के आंकड़ा को एक रजिस्टर में पंजीकृत करने की बात कही। बताया कि सभी हाथीपांव मरीजों को मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएब्लिटी प्रीवेंशन—एमएमडीपी किट प्रदान किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही फाइलेरिया संबंधी गतिविधियों एवं बजट प्रावधानों पर बात की गयी।बताया कि जिला स्तर से सभी कॉम्यूनिटी हेल्थ अफसरों के लि सर्वजन दवा सेवन अभियान तथा एमएमडीपी कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। नाइट ब्लड सर्वे में माइक्रोफाइलेरिया पॉजिटिव आए मरीजों की सूची तैयार आवश्यक रूप से करें। इनकी मॉनिटरिंग पर बल देते हुए कहा कि संपूर्ण विवरण को आइएचआइपी पोर्टल पर भेजना आवश्यक है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में सुविधाएं हैं नदारद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सरकार बाल विकास परियोजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सुविधा बच्चों, महिलाओं एवं कुपोषण के शिकार लोगों के लिए दे रही है परंतु सिस्टम की लापरवाही से उसका लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार हीं नहीं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से महिलाओं बच्चों एवं कुपोषित लोगों के लिए बड़ी मात्रा में सामाग्री भेजी जाती है। सरकार निरंतर आइसीडीएस को मजबूत और जनहितकारी बनाने का दावा करती है पर इनके अंदर के काला सच को कभी स्वीकार नहीं करती है। सिस्टम के अंदर बैठे लोग हर दिन क्या गुल खिलाते हैं इस बात से जनता पूरी तरह से अवगत हैं पर सरकार इससे अनभिज्ञ दिखती है। अंबा प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र सं-134 चिल्हकी बिगहा पर बच्चों को पीने का पानी नसीब नहीं है। केंद्र पर लगाए गए चापाकल का बोर इतना नीचे डाला गया कि केवल बरसात में उससे पानी निकले। यहां चापाकल भी खराब पड़ा है। बच्चों को पानी पीने के लिए सेविका बाहर से लाकर देती है। केंद्र का भवन बन गया परंतु उसका रंग रोगन वर्षों से नहीं किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 113 अंबा उत्तर एक छोटे से कमरे में संचालित है। सेविका मीना देवी बच्चों को पढ़ाती है। सेविका ने बताया कि 30 बच्चों को यहां सुविधाएं दी जा रही है। अपना भवन न रहने के कारण निजी भवन में केंद्र संचालित है। बच्चों को पोषाहार और अन्य सुविधाएं दी जाती है। महिलाओं को भी समय समय पर जारी निर्देश के अनुसार सरकार प्रदत्त सुविधा दी जाती है। कुटुंबा सीडीपीओ श्वेता कुमारी ने बताया कि केंद्र सं-134 चिल्हकी बिगहा में बच्चे को पानी उपलब्ध कराने के लिए पीएचइडी विभाग को नल-जल से जोड़ने और खराब पड़े चापाकल को बनाने के लिए सूचना दी गई है परंतु अबतक विभाग उक्त कार्य को नहीं कर सका है। उन्होंने केंद्र सं-113 को अपना भवन न होने के बारे में बताया कि अबतक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो सकी है। भूमि उपलब्धता तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब उसका अंचन अधिकारी से एनओसी दे दिया जाएगा। एनओसी मिलते ही भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्य शुरू कराएं जाएंगे।

# पल्स पोलियो अभियान हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल आयोजन हेतु जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सिविल सर्जन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी संचारी रोग पदाधिकारी, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं सभी पार्टनर एजेंसी ने भाग लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सिविल सर्जन ने आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान का संचालन दिनांक 14 दिसंबर से 18 दिसंबर तक किया जाएगा। अभियान के दौरान छूटे हुए अप्रतिरक्षित बच्चों को 19 दिसंबर को बी टीम अभियान में टीकाकृत किया जाएगा। अभियान में कुल 214650 घरों का भ्रमण कर 0-5 वर्ष आयु के कुल 157835 बच्चों को पोलियो की खुराक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में माइक्रो प्लान का पुनरीक्षण पर सभी पीएससी स्तर पर माइक्रो प्लान की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों—ईंट भट्ठा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, फुटपाथ, झुग्गी-झोपड़ी, प्रवासी आबादी—पर विशेष फोकस करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 508 टीम एवं 1213 मानव बल कार्य करेंगे। सिविल सर्जन ने टीकाकरण के योजना साझा करते हुए कहा कि अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर टीम द्वारा छूटे हुए बच्चों को टीका दिया जाएगा। पर्यवेक्षण एवं निगरानी जिले में अभियान के दौरान ब्लॉक एवं जिला स्तरीय सुपरविजन टीमों का गठन किया गया है।

# शराब कारोबारियों का विरोध करना पड़ा महंगा, मारपीट में तीन ज़ख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिक्री के लिए शराब की खेप ले जाने से मना करने पर शराब माफियाओं ने कुछ लोगों के साथ मारपीट की। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुंडा टोले महावीर बिगहा का है। इस घटना में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी सुखाड़ी पासवान के पुत्र लवकुश कुमार, कईल पासवान के पुत्र पिंटू कुमार व सुनील पासवान के पुत्र विक्की कुमार शामिल है। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों ने बताया कि पड़ोसी गांव लाल बिगहा के शराब माफियाओं द्वारा महावीर बिगहा गांव के रास्ते से शराब की खेप ले जाया जाता था। इससे महावीर बिगहा की बदनामी हो रही थी। आज शराब की खेप ले जाते समय कुछ लोगों को मना किया गया तो बहसबाजी हुई। हालांकि उस समय मामले को सुलझा दिया गया था। इसके बाद शराब माफियाओं ने शराब की बिक्री के बाद तीन बाइक पर सवार आठ शराब माफिया पहुंचे और मारपीट की घटना को अंजाम दिया, जिससे लव कुश, पिंटू और विक्की गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस पहुंची तो शराब माफिया मौके से फरार हो गए। हालांकि भागने के दौरान शराब माफियाओं ने एक बाइक घटनास्थल पर ही छोड़ दी, जिसे ग्रामीणों ने जब्त कर पुलिस को सौंप दिया है। इसके बाद सभी लोग मुफस्सिल थाना पहुंचे। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा तीनों जख्मियों का इलाज किया जा रहा है। जख्मियों ने आठ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इधर, थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय होगा सीता थापा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। सीता थापा महोत्सव सात और आठ दिसंबर को शिवगंज राम जानकी उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। यह जानकारी आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह अधिवक्ता सिद्धेश्वर विधार्थी ने दी है। उन्होंने बताया कि सीता थापा महोत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि सीता थापा को पर्यटक का दर्जा दिलाने, यहां के अपेक्षित विकास कराने, सुरक्षित संरक्षित करने , सौन्दर्यीकरण करने, सीता थापा की धार्मिक अध्यात्मिक ज्ञान, ऐतिहासिक महत्वों का जन जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर लाने आदि है। सीता थापा महोत्सव आयोजन समिति सरकार से मांग करती है कि पर्यटन विभाग सीता थापा को अधिग्रहित कर राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करें।

# किसानों को नहीं मिला अधिग्रहित जमीन का मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के एनएच - 19 का चौड़ीकरण और बाईपास रोड़ निर्माण को लेकर एनएचआई के द्वारा किसानों का जमीन अधिग्रहण कर लिया गया पर मुआवजा की राशि नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

किसान राकेश कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा एवं लड्डू कुमार शर्मा ने बताया कि 40 से अधिक किसान ऐसे हैं जिनके जमीन का मुआवजा के प्रथम किस्त कृषि आधारित भुगतान हुआ है। जबकि सरकारी मुलाजिमों के द्वारा आश्वासन दी गई थी कि दुसरे किस्त की राशि आवासीय भूमि के साथ मुआवजा भुगतान किया



जाएगा। जमीन अधिग्रहण करीब सात आठ साल गुजर गए, लेकिन आज तक मुआवजा की राशि भुगतान नहीं हुआ है। एनएचआई प्राधिकरण के अधिकारी व जिला प्रशासन के द्वारा किसानों को नजर अंदाज किया जा रहा है। किसान कार्यालयों का चक्कर काटते हार कर निराश हो गए हैं। जबकि सरकार का आदेश है कि किसानों का जमीन अधिग्रहण किया गया है तो जमीन का मुआवजा का भुगतान जल्द हो जाना चाहिए। जिला प्रशासन के उदासीनता की वजह से मुआवजा का भुगतान नहीं हो पा रहा है। किसान राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मेरी मां के नाम से 12 डिसमिल जमीन जमीन है जिसमें 2 डिसमिल जमीन अधिक अधिग्रहण कर लिया गया है। मुआवजे की राशि एक रूपये का भी भुगतना नहीं किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-13, दिनांक 28.11.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-13, कार्य का नामः (क)** एईएन/बीआरएल/एएसएन के अधीन पुल सं. 12, 17 एवं 18 (एमडीपी-जीआरडी) की री-गर्डरिंग एवं जैकेटिंग के साथ सब-बैंक का प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **(ख)** आसनसोल मंडल - एईएन/बीआरएल/एएसएन के अधीन केएएन-एएसएन एमएल लाइन अनुभाग के बीच पुल सं. 520/बी की री-गर्डरिंग तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **(ग)** आसनसोल मंडल - यूडीएल-एएसएन अनुभाग में आरएनजी-केपीके के बीच पुल सं. 509 (अप/2) की री-गर्डरिंग तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **(घ)** आसनसोल मंडल - एसटीएन-जेएजे अनुभाग में पुल सं. 643/अप एवं डाउन के बीजीएमएल स्टैड. गर्डर के प्रतिस्थापन के साथ पायरों एवं अब्टमेंटों की जैकेटिंग सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **(ङ)** आसनसोल मंडल - विद्यासागर में फूट ओवर ब्रिज के प्रावधान के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। **(च)** आसनसोल मंडल - मुगमा स्टेशन यार्ड की रीमॉडलिंग। **(छ)** आसनसोल मंडल - पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के दुर्गापुर में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान। **(ज)** टीओपी-बीबीआई कॉर्ड लाइन अनुभाग में एल.सी. गेट 3सी/ई की इंटरलॉकिंग तथा उन्नयन। **(झ)** यूडीएल-एसएनटी अनुभाग में एल.सी. गेट 27/सी/ई की इंटरलॉकिंग तथा उन्नयन। **(ञ)** टीओपी-बीबीआई मेन लाइन अनुभाग में एल.सी. गेट 6एबी/ई की इंटरलॉकिंग तथा उन्नयन। **(ट)** एसएनक्यू-जेएसएमई के बीच किमी. 318/1-3 (किमी. 318.059) पर एल.सी. गेट 28 एसपीएल/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। **निविदा मूल्यः** रु. 1,81,83,314.82; **बयाना राशिः** रु. 2,40,900; **कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तीरीख से 12 (बारह) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 45 दिन। **खुलने की तारीख एवं समयः** 30.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-260/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने बराबर में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के द्वारा ऐतिहासिक बराबर पहाड़ पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकास एवं पर्यटन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बराबर पहाड़ पर सीढ़ी मार्ग का निर्माणः शेड संख्या-1 से शेड संख्या-6 तक सीढ़ी बनाने के लिए बड़े पत्थरों की कटाई का कार्य संपन्न किया गया है। इसके



परिणामस्वरूप 10.30 फीट चौड़ा सुगम रास्ता तैयार किया जा रहा है।सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा के मद्देनजर चल रहे विकास कार्यों में शेड संख्या-1 से शेड संख्या-6 तक सीढ़ी मार्ग पर लाल बालुपत्थर लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है।जिलाधिकारी ने सभी कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्चतम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री की यह योजना बराबर पहाड़ को एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने और स्थानीय लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा बराबर पहाड़ी स्थित रोपवे के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्य मे प्रगति लाते हुए 31 जनवरी, 2026 तक रोपवे का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण निगम को दिया गया साथ ही निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी के द्वारा भ्रमण में आए स्कूल के बच्चों को बराबर की गुफाओं से संबंधित ऐतिहासिक जानकारी भी दिया गया।

## विभिन्न मामलों में फरार दो महिला समेत तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। फरार वारंटियों के खिलाफ चल रहे धर पकड़ अभियान के तहत केवड़ा ओपी की पुलिस ने पोठही गांव से एक दो महिला समेत तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि पोठही गांव में 2016 में आपसी विवाद में मारपीट के मामले में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में थाने में हुए प्राथमिकी के दर्ज की आलोक में मामला चल रहा है जिसको लेकर न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर दो महिला समेत लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही हैं। गिरफ्तार वारंटियों में नाजनी खातुन पति सदरे आलम (2)खातीजा खातुन पति जुमुन साह (3) सरफराज आलम पिता सदरे आलम तीनो सापोठही थाना केवड़ा ओ पीपुनपुन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मुजफ्फरपुर प्रमंडल में नये आयुक्त कौशल किशोर ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में मंगलवार को आयोजित एक औपचारिक समारोह में नव पदस्थापित आयुक्त कौशल किशोर ने पूर्व आयुक्त राजकुमार से पदभार ग्रहण किया। गरिमामय माहौल में सम्पन्न इस कार्यक्रम में प्रमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण के बाद नये आयुक्त ने सबसे पहले प्रमंडलीय कार्यालय के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागवार कार्यों की स्थिति, प्रगति और चुनौतियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से कार्य सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। कौशल किशोर ने




स्पष्ट किया कि उनका प्राथमिक लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की गति बढ़ाने और तकनीक आधारित कार्यशैली को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने टीम वर्क, बेहतर समन्वय, लंबित मामलों के त्वरित निपटारे और फील्ड विजिट के माध्यम से जमीनी स्थिति के आकलन पर विशेष जोर दिया। पदभार हस्तांतरण के दौरान पूर्व आयुक्त राजकुमार ने नये आयुक्त को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मुजफ्फरपुर प्रमंडल विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

# ऑपरेशन नशे का सौदागर के खिलाफ विभिन्न थानों की पुलिस ने की सघन छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के आदेश के आलोक में मसौढ़ी समेत सभी थानाक्षेत्रों में नशीले पदार्थों के बिक्री वाले संभावित स्थानों एवं नशा करने वालों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की कारवाई की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर दुकानों में नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री की आशंका पर मंगलवार देर शाम छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से नशीले उत्पादों का कारोबार चलता है। टीम गठित कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस



ने दुकान की पूरी तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध सामग्री बरामद होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि पुलिस ने बरामद नशीला पदार्थों के बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या दुकान से नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही थी या किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा मामला है। दरअसल आए दिन बंद घरों को कुछ नशा करने वाले युवक निशाना बना रहे है। नशे के सौदागरों ने नाबालिग युवकों को अपने चंगुल में रखा है। जिससे उनके व्यापार तेजी से चल रही हैं। साथ ही नशीले पदार्थों को अधिक मूल्यों पर बेच सके। हाल के दिनों में चोरी की घटना सामने आई ऐसे में नशे के सौदागर और नशाखोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस अलर्ट है और लगातार छापेमारी कर रही है।

## जटिल सर्जरी सफल 42 साल की महिला को मिली नई जिंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने 42 वर्षीया महिला की पित्त की नली के कैंसर की जटिल सर्जरी (व्हिपल सर्जरी) कर उसकी जान बचा ली। भागलपुर निवासी ममता देवी पेरिअम्पुलरी कार्सिनोमा से पीड़ित थीं। जांच में ऑब्स्ट्रक्टिव जॉन्डिस की स्थिति सामने आई थी। पहले चरण में उनका ईआरसीपी और स्टेंटिंग कर पीलिया को नियंत्रित किया गया। स्थिति स्थिर होने के बाद वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. वेद प्रकाश के नेतृत्व में डॉ. श्रीनारायण (एनेस्थीसिया), डॉ. डिंपल प्रसाद और ओटी टीम ने जटिल व्हिपल्स पैंक्रियाटोडुओडेनक्टॉमी (व्हिपल्स सर्जरी) को अंजाम दिया।

# सरकारी स्कूलों के बच्चे भी बन रहे 'स्मार्ट, प्रोजेक्टर से हो रही स्मार्ट क्लासेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। सरकारी स्कूलों के पठन-पाठन आधुनिक तकनीक से स्मार्ट बनाने के सरकारी प्रयास धरातल पर उतरने लगे हैं। जहाँ सरकारी स्कूलों में पढ़ाई अब टेक्नोलॉजी की मदद से और ज्यादा रोचक और असरदार बन गई है। ऐसें में मसौढ़ी के ऊर्दू उत्क्रमित मध्य विध्यालय मलिकाना में स्मार्ट क्लास की शुरुआत हो चुकी है। यहां अब बच्चे पुराने तरीके से सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि प्रोजेक्टर, और ऑडियो-वीडियो सामग्री की मदद से पढ़ाई कर रहे हैं। स्मार्ट क्लास से विद्यालयों के बच्चे भी कांवेंट स्कूलों की तरह स्मार्ट बन रहे हैं। मनोरंजन के साथ ही उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ रही



है। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई आसान बन चुकी है। स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर पर सभी कक्षाओं के बच्चों को गणित व विज्ञान जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। यूट्यूब चैनल पर मौजूद इन विषयों से जुड़े आकर्षक वीडियो प्रोजेक्टर पर दिखाए जाते हैं। बड़ी स्क्रीन पर कार्टून फिल्म के रूप में वीडियो देखना बच्चों को काफी भाता है और उससे वे काफी कुछ सीखते भी हैं। वीडियो एनसीइआरटी व एससीइआरटी द्वारा तैयार किए जाते हैं, उसे भी बच्चों को दिखाया जाता है। इसके साथ ही शिक्षक अपने प्रोजेक्ट बनाकर भी बच्चों को पढ़ाते हैं। प्रधानाध्यापक अशरफ परवेज का कहना है कि वर्ष 2022 से हमारे स्कूल मे इसकी शुरुआत हुई है। जो स्मार्ट क्लास से बच्चों का काफी फायदा हो रहा है। बच्चों को पठन-पाठन की आधुनिक तकनीक से जोड़कर, भविष्य की स्पर्धा के लिए मजबूत करना है सरकार का लक्ष्य है। वहीं उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालिकाना में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं में सातवीं कक्षा के रानी परवीन, रामिया परवीन, इस्मत परवीन, आठवीं कक्षा की छात्रा आलिया परवीन, जैस्मिन परवीन, सायना परवीन एवं छठी क्लास का मलीहा परवीन समेत कई छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्मार्ट क्लासेस में काफी रोमांचक पढ़ाई हो रही है।

# एनएच-139 पर मरम्मति की लापरवाही से हालात बदतर पहाड़पुर मोड़ जाम और दुर्घटनाओं का नया हॉटस्पॉट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। राजधानी पटना को पटना पश्चिम फुलवारी, नौबतपुर, बिहटा अनुमंडल और झारखंड के हरिहरगंज तक जोड़ने वाला नेशनल हाईवे-139 इन दिनों गंभीर अव्यवस्था का शिकार है। फुलवारी–पटना–खगौल मुख्य मार्ग पर पहाड़पुर मोड़ पुलिस कॉलोनी कट के पा स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति पाइप पहाड़पुर मोड़ के पास फटा हुआ था जिसको मरम्मत करने में 4 दिन का समय लगा बावजूद मरम्मत करने के बाद सही ढंग से उसे गड्ढा को मजबूती से नहीं भरा गया जो वहां जाम लगने का कारण बन रहा है। दरअसल, फटा जलापूर्ति पाइप मरम्मत के बाद सही ढंग से नहीं भरे गए गड्ढे ने हाईवे को दलदली, धंसान और दुर्घटना क्षेत्र में बदल दिया है। चार दिन तक पाइप मरम्मत चलने के बाद गड्ढा को बिना मानक के मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। भारी वाहनों के दबाव में यह हिस्सा धंस रहा है। कई ऑटो पलटते-पलटते बचे, मोटरसाइकिल सवार




गिर चुके हैं और बड़े वाहनों के चक्के धंसकर फंस जा रहे हैं। इस गड्ढे की सबसे बड़ी मार सुबह और दोपहर के पीक आवर में पड़ रही है। सुबह-सुबह स्कूल बस, ड्यूटी जाने वाले कर्मचारी और ऑफिस रूटिन में चलने वाले लोग यहां जाम में बुरी तरह फंस जा रहे हैं. दोपहर में स्कूल की छुट्टी के वक़्त जाम और बढ़ जाता है। शाम में ड्यूटी खत्म कर लौटने वालों को भी धीमी रफ्तार ट्रैफिक और लगातार फिसलन से घंटों परेशान होना पड़ रहा है. देर रात में जाकर कहीं स्थिति सामान्य होती है। पहले बालमिचक मोड़ पर जाम लगता था, इसलिए पहाड़पुर मोड़ के पास वैकल्पिक कट बनाया गया था लेकिन अब यही कट गड्ढे और खराब मरम्मती के कारण जाम का नया हॉटस्पॉट बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मार्ग पर इस तरह की लापरवाही से रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने तक नहीं पहुंच रहा है। लोगों की मांग है कि गड्ढे को तुरंत पक्का कर कम्पैक्शन और ठोस बेस के साथ स्थायी मरम्मत की जाए, ताकि हाईवे पर रोज-रोज की दुर्घटनाओं और जाम से राहत मिल सके।

# प्रबंधक ने ग्राहक सेवा प्रतिनिधि पर राशि गबन करने की कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी हॉस्पिटल रोड स्थित एक आरोहण माइक्रोफाइनेंस कंपनी के क्षेत्र प्रबंधक विवेक कुमार पिता स्वर्गीय आनंद कुमार फूटहा धोबनी धनबाद निवासी ने अपने फाइनेंस कंपनी में ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के पद पर काम करने वाले पंकज कुमार पिता महेंद्र कुमार एकंगरसराय इस्लामपुर नालंदा निवासी पर 1 लाख 54 हजार 827 रुपए गबन करने का मामला मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। दरअसल क्षेत्र प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि आरोपित पंकज कुमार हमारे माइक्रोफाइनेंस कंपनी में ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के पद पर कार्यरत है। जिन्होंने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 तक ग्राहकों के दिय गये लोन के पैसे को रिकवरी कर किस्त के रूप में इन्होंने जमा किया, लेकिन बैंक में इन्होंने जमा नहीं किया बल्कि अपने निजी कार्य में इसे लगा दिया है। जिसकी राशि 1,54,827 रुपया है जो माइक्रोफाइनेंस बैंक के नियम




के अनुकूल नहीं है जो गैरकानूनी है और यह माइक्रोफाइनेंस बैंक के छवि को धूमिल और बदनाम करने की कोशिश की गई है। हमारा माइक्रोफाइनेंस कंपनी छोटे-छोटे बिजनेसमैन को लोन मुहैया करती है, इसके अलावा फिक्स्ड डिपॉजिट भी होती है। एवं जमा खाता भी चलता है। लेकिन आरोपी पंकज कुमार ने सबसे पैसा संग्रह कर अपने निजी खर्चे में लगा दिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# जेपी नड्डा के जन्म दिवस पर मसौढ़ी में भाजपाइयों ने भेजा शुभकामना संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का मंगलवार को जन्मदिन के मौके पर मसौढ़ी से बीजेपी के नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव के नेतृत्व में सभी समर्थकों ने दो दर्जन से अधिक लोगों ने शुभकामनाएं पत्र भेजा है। इसके साथ ही सभी मंडल के



अध्यक्षों ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने कहा की जेपी नड्डा के संगठनात्मक कार्य उनकी विनम्र और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए सब उनका सम्मान करते हैं। वे अपनी "संगठनात्मक कौशल और सुशासन के प्रति जुनून के लिए जाने जाते हैं। भाजपा को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका तारीफ के काबिल है। भारत के स्वास्थ्य अवसंरचना को बेहतर बनाने के साथ-साथ रसायन और फर्टिलाइजर सेक्टर में हमारी तरक्की के लिए उनकी कोशिशें भी उतनी ही खास हैं। भगवान उन्हें लंबी और हेल्दी जिंदगी दे।" मोदी के हर एक व्यक्ति तक किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आप निरंतर कार्यरत हैं। भाजपा नेत्री आशा किरण सिंह, शोभा कुमारी, अजय कुमार, माधुरी सिन्हा, विजय यादव, राकेश कुमार आदि ने शुभकामना दी।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **(एक्सईएन/बीआरएल/हावड़ा): क्रमांक 1, ई-निविदा सं.:** 168 _2025-26, **दिनांक** 01.12.2025; **कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के एचबीसी में मधुसूदनपुर-चंदनपुर स्टेशनों के बीच पीएससी स्लैब द्वारा अप-1/एचबीसी एवं डाउन-1/एचबीसी के पुल सं. 62 (3x12.2 मी, वेल्डेड प्लेट गर्डर) के वर्तमान स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन; **अनुमानित लागत:** रु. 1,96,07,176.10; **बयाना राशि:** रु. 2,48,000; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.:** 169 _2025-26, **दिनांक** 01.12.2025; **कार्य का विवरण:** बी.बी. लूप में पुल सं. 51 डाउन, 230 एवं मेन लाइन में पुल सं. 17 डाउन, 42 डाउन, 166ए अप एवं रेव के गर्डरों का प्रतिस्थापन; **अनुमानित लागत:** रु. 5,61,18,857.19; **बयाना राशि:** रु. 4,30,600; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 18 (अठारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान -** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-428/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कई पंचायतों को जोड़ने वाली 10 किलोमीटर लंबी इसापुर मिशन रोड पूरी तरह बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। राजधानी पटना के फुलवारीशरीफ थाना गोलंबर से चुनौती कुआं, गुलिस्तान मोहल्ला होते हुए सीधे ईसापुर मिशन रोड से राय चौक, बहादुरपुर, हिंदूनी, गोणपुरा, आलमपुर गोणपुरा, ढिबड़ा, हसनपुरा, माधोपुर, निहोरा होकर पुनपुन पटना सुरक्षा बांध तक जाने वाली करीब 10 किलोमीटर लंबी सड़क पिछले एक साल से पूरी तरह जर्जर और खस्ताहाल पड़ी है। ईसापुर मिशन रोड की हालत इतनी भयावह हो चुकी है कि पूरा मार्ग बड़े–बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है और हर कदम पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जबकि इसी सड़क से कई पंचायतों के हजारों ग्रामीण रोजाना पटना की ओर आवाजाही करते हैं। मसौढ़ी और जहानाबाद की ओर से आने वाले भारी वाहन भी यही मुख्य शॉर्टकट मार्ग इस्तेमाल करते हैं, जिससे सड़क और तेजी से टूटकर खतरनाक बन गई है। राय चौक से कुरकुरी तक की करीब एक किलोमीटर की सड़क भी



पूरी तरह उखड़ चुकी है और आए दिन वाहन पलटने, बाइक सवारों के घायल होने और कई दुर्घटनाओं में जानें जाने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, फिर भी विभागीय अधिकारियों की नजर अब तक इस महत्वपूर्ण मिशन रोड की मरम्मत की ओर नहीं गई है। ईसापुर मिशन रोड के दोनों ओर इस्लामिया टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज, तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मौलाना सत्तार मेमोरियल बीएड कॉलेज, पाटलिपुत्र बीएड कॉलेज, बीबी आसिया बेगम बीएड कॉलेज, फातिमा डिग्री एवं बीएड कॉलेज, डॉक्टर डीवाई पाटिल स्कूल, कई आइटीआइ संस्थान, लघु औद्योगिक इकाइयां, गैस एजेंसियों के गोदाम और आइटीबीपी बिहार–झारखंड हेडक्वार्टर तक स्थित हैं, जहां रोज़ भारी ट्रकों और लोडेड वाहनों की आवाजाही होती है, पर इसके बावजूद ईसापुर मिशन रोड का निर्माण और मरम्मत दोनों ही सरकार की प्राथमिकता से बाहर दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लाखों लोगों की जीवनरेखा है, लेकिन पिछले एक साल से इसके बदहाल रहने से लोग लगातार मुश्किल में हैं, वाहन टूट रहे हैं, लोग घायल हो रहे हैं और सड़क से गुजरना रोज़ाना खतरा उठाने जैसा हो गया है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन देकर चुप बैठे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी साइकिल मोटरसाइकिल चलाने वालों लोगों को हो रहा है। सवारी लेकर जा रहा ऑटो-टोटो कई बार पलट जाते हैं कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं बावजूद लोग जान हथेली पर लेकर इस मार्ग से आना-जाना करते हैं।

# बिहार में चल रहे बुलडोजर के खिलाफ भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध, तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में फुटपाथी दुकानदारों पर चल रहे बुलडोजर की कार्रवाई के खिलाफ भाकपा माले की ओर से 3 दिसंबर को राजव्यापी आहवान के तहत विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन की तैयारी में भाकपा माले ने मंगलवार को पुनपुन प्रखंड कमेटी की एक दिवसीय बैठक लखना माले कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव कामरेड मोहन ने इस बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने कहा




कि चुनाव सम्पन्न होते ही दलित, गरीबों, व्यवसाईयों व फुटपाथी दुकानदारों पर बुलडोजर की कार्रवाई तेज कर रोजी-रोटी पर हमला किया जा रहा है बिना वैकल्पिक व्यवस्था के लोगों को उजाड़े जा रहे है। ऐसें में पुनपुन प्रखंड से सैकड़ों लोग बिहार विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन में भागीदारी करेगे इस बैठक में विधानसभा चुनाव की समीक्षा व आगामी कार्यभार तय किए गए और बुथ स्तर पर सघन जांच पड़ताल करते हुए जनता के मूलभूत सवालों पर आंदोलन तेज करने सदस्यता नवीकरण और भर्ती पत्रिका के ग्राहक बनाने ब्राच व लोकल कमेटियों के पुनर्गठन करने और 18 दिसंबर को कामरेड विनोद मिश्रा की बरसी पर संकल्प दिवस के मौके पर बेहतर तरीके से कार्यक्रम संपन्न करने के सवाल पर बातचीत हुई। उक्त बैठक में आनंदी पासवान, मदन पासवान, विद्या पासवान, मिथिलेश कुमार, छोटे जी, विजय केवट, मुन्ना चौहान, रेखा देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।


## पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-396, दिनांक 28.11.2025। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** मालदा मंडल के टीएल कोचों (आईसीएफ एवं एलएचबी) में गौण कार्यकलापों के विद्युतीय रखरखाव अनुबंध हेतु तीन वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 2,46,48,996.54; **बयाना राशि:** रु. 2,73,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 15.12.2025 से 29.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** तथा सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-249/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दिव्यांगों ने खेलकूद में दिखायी अपनी प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को बुनियाद केंद्र मसौढी में विभिन्न खेल व कौशल आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर ट्राइसाइकिल दौड़, मेंढक दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए। गौरतलब है की अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यागजनों के व्यक्तिगत, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं अन्य आवश्यक क्षमताओ को सशक्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को बुनियाद केंद्र मसौढ़ी द्वारा खेल -कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिव्यांगजनों द्वारा बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया गया। खेलकूद में शामिल हुए सभी जिते हुए प्रतिभागी को बुधवार के दिन जीते हुए टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के आयोजन के बुनियाद केंद्र की प्रबंधक श्रद्धा सिंहा एवं अन्य बुनियादकर्मी अनुपमा, सिमरन, प्रियांशु, कुमार राकेश, रौशन, बिननंजय, विनोद कुमार का आदि शामिल है। बुनियाद केंद्र की प्रबंधक ने कहा कि ये बच्चे सामान्य बच्चों की तरह ही खेलना और पढ़ना पसंद करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन बच्चों में भी प्रतिभा होती है और हमें उन्हें समान अवसर प्रदान करने चाहिए।

# जिलाधिकारी ने की विद्युत संबंधित कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा जिले के विद्युत आपूर्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें जिले के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता सम्मिलित हुए। जिले में विद्युत संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वर्तमान में आर.डी.एस.एस. प्रोजेक्ट के तहत बदले जा रहे तारों, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना हेतु लगाए जा रहे ट्रांसफार्मर, लालसी बीघा एवं सिकरिया में बनाएं जा रहे पावर सबस्टेशन, राजस्व वसूली की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा किसानों को फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के अनुसार किसानों को यथाशीघ्र बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी कार्यों में गुणवत्ता पूर्वक ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। राजस्व वृद्धि हेतु व्यापक स्तर पर लाइन डिस्कनेक्शन करने एवं विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने हेतु व्यापक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस दौरान झुके हुए विद्युत पोलो को ठीक करने एवं पोल पर विद्युत तारों के अलावे अन्य केबल के तारों को ठीक करने हेतु केबल ऑपरेटर को नोटिस देकर प्रक्रिया के तहत लगाने हेतु निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी को कार्यपालक अभियंता ने विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के अंतर्गत राजस्व संग्रह और लाइन डिस्कनेक्शन के लिए 10 अलग से टीमें बनाकर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पिछले 15 दिनों में 48 कृषि ट्रांसफार्मर लगाकर 360 उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराई गई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कुल 1245 डिस्कनेक्शन एवं विद्युत ऊर्जा चोरी के संबंध में 76 प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# जनहित से जुड़े मामलों के निपटारे में वार्ड पार्षदों की भूमिका अहम : अशोक राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जनहित से संबधित मामलों के निस्तारण में गति लाने तथा जिले के आमजन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने हेतु नगर परिषद औरंगाबाद के वार्ड पार्षदों के साथ सेवा निवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक राज द्वारा बैठक आयोजित किया गया जिसमें स्थायी लोक अदालत के सदस्य हृषिकेष तथा नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता सहित कई वार्ड पार्षदों की उपस्थित रहीं। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकारण अधिनियम की धारा-22 बी के तहत स्थायी लोक अदालत (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं) औरंगाबाद जिला में स्थापित है, जिसके अंतर्गत वायु, सडक, या जल द्वारा यात्रियों या माल के परिवहन सेवा, डाक, टेलीग्राफ, या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापना द्वारा जनता को शक्ति, रौशनी या पानी की आपूर्ति, लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा की प्रणाली, अस्पताल या डिस्पेंसरी में सेवा, बीमा सेवा, मनरेगा, शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थान, आवास और भू-'सम्पदा सेवा और किसी ऐसी सेवा को शामिल किया गया है जिसे केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार जो भी स्थिति हो, लोकहित में अधिसूचना द्वारा इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगिता सेवा में घोषित किया गया है से सम्बन्धित मामलें को प्रमुखता से देखा जा रहा है। उन्होंने उपस्थित नगर परिषद के अध्यक्ष के साथ-साथ उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों से कहा कि अपने-अपने वार्ड से संबधित आमजन को उपरोक्त सेवाओं का लाभ प्राप्त कराने के लिए सभी को सामूहिक रूप से पहल करने की आवष्यकता है। स्थायी लोक अदालत का और प्रभावी क्रियान्वयन तथा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाऐं में इसकी भूमिका से अधिक से अधिक लोगो को आप सभी मिलकर फायदा पहुंचाए। इस हेतु अधिक से अधिक सभी स्तरों से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया और इस हेतु सभी से सहयोग मांगा गया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष तथा सेवा निवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने बैठक में कहा कि प्रारंभिक स्तर पर ही कई प्रकार के मामलों को स्थायी लोक अदालत के तहत देखा जा रहा है परंतु जन जागरूकता तथा जानकारी के अभाव में कई लोग इस प्रकार की सेवाओं से वंचित है जिन्हें स्थायी लोक अदालत के तहत लाना आवश्यक है और इसके लिए आप सभी का प्रयास हो और जनहितकारी मामलो के निस्तारण में आपकी भूमिका से लोगो को सहायता प्राप्त होता है तो आप अपने वार्ड से संबधित कई समस्याओं को सफल कराने में सहभागी होंगें। इस बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि नगर परिषद अंतर्गत स्थायी लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण होने वाले कई मामलों में उनके द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा द्वारा जिला वासियों से अपील भी किया गया कि जनोपयोगी सेवाओं के लाभ हेतु स्थायी लोक अदालत सर्व सुलभ है और जिलावासी इसका लाभ उठायें।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार चार छात्र जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दाउदनगर शहर के हॉस्पिटल रोड स्थित सूर्य मंदिर के समीप की है। घायलों में अरवल जिले के बैदराबाद के खोखरी गांव निवासी बिरजू साव के पुत्र संजीव कुमार, सुदर्शन साव के पुत्र सुजीत कुमार व बिजेंद्र यादव के पुत्र संजीत कुमार, शिव कुमार के पुत्र दीपू कुमार शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा तीनों घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया तथा घायलों की पहचान होने के बाद घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी गई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने सुजीत और संजीत की हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन में सदर अस्पताल पहुंचे तथा आगे की इलाज की प्रक्रिया में जुट गए। दुर्घटना में घायल संजीव ने बताया कि चारों घायल कलेर स्थित शिवदेनी साव महाविद्यालय में पार्ट टू के छात्र हैं। वह अपने पड़ोस के ही रहने वाले दो चचेरे भाईयों तथा एक अन्य युवक के साथ दाउदनगर महिला महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने गया था। दो बाइक पर दो-दो लोग सवार थे। एक बाइक पर सुजीत और संजीत सवार थे, जबकि दूसरे बाइक पर दीपू और संजीव सवार था। परीक्षा देकर घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने सुजीत और संजीत की बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गया और चारों घायल हो गए। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सुजीत व संजीत की हालत गंभीर बनी हुई है, उनके नाक कान और मुंह से खून आ रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार विधानसभा के निर्विरोध...

निर्वहन करेंगे। सबका सम्मान होगा। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों को साथ लेकर नियमावली के तहत काम किया जाएगा। अपने प्रथम संबोधन में प्रेम कुमार ने गीता के श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता ने जिस ऐतिहासिक जनमत से सरकार और जनप्रतिनिधियों पर विश्वास जताया है उसकी रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से चयनित होना उनके लिए गर्व की बात है लेकिन इसके साथ ही जिम्मेदारी भी पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि वे पूरी निष्पक्षता और मर्यादा के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे। प्रेम कुमार ने कहा कि जनता की सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य है। गया जी की धरती और अपने क्षेत्र की जनता के प्रति उन्होंने विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संसद और विधानसभाएं विचारों के आदान-प्रदान का सर्वोच्च मंच हैं, इसलिए मर्यादा और संवाद की परंपरा को आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। विजय कुमार सिन्हा और नंदकिशोर यादव के बाद प्रेम कुमार भाजपा कोटे से तीसरे स्पीकर होंगे। इसके पहले जदयू के दो स्पीकर उदय नारायण चौधरी और विजय कुमार चौधरी रह चुके हैं। नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रेम कुमार ने सोमवार को कहा था कि वे प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली के अनुसार सदन का संचालन करेंगे। इसमें सभी दलों का सहयोग लेंगे। उनको साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार 100 से अधिक नए सदस्य निर्वाचित होकर आए हैं और उन्हें सदन की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए विशेष कार्यशाला होगी। प्रथम बार चुने गए विधायकों को प्रश्नकाल, शून्यकाल, तारांकित और अतारांकित प्रश्न आदि की जानकारी दी जाएगी।

### नये विधानसभा अध्यक्ष...

तब पार्टी नेतृत्व ने विधानसभा में विपक्ष की आवाज बनने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी। विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनहित के मुद्दों पर सधा हुआ और मुखर नेतृत्व दिया। विपक्ष के नेता के रूप में भी उनकी उपलब्धियां शानदार रही और उन्होंने जनता के हित के किसी भी मुद्दे पर सरकार को घेरने में कोई कोताही नहीं बरती। अब जब बिहार की राजनीति एक जटिल, चुनौतीपूर्ण और कई बार तल्ख़ मोड़ पर खड़ी है, ऐसे समय में डॉ प्रेम कुमार जैसे अनुभवी और शालीन व्यक्तित्व का विधानसभा अध्यक्ष बनना व्यापक रूप से एक संतुलित, गरिमापूर्ण और संसदीय मर्यादाओं पर केंद्रित राजनीति की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। उनका अनुभव और सदन संचालन की समझ आने वाले समय में बिहार विधानसभा को अधिक प्रभावी, गंभीर और जनहितकारी संवाद का मंच बनाएगी। डॉ प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष बनना न केवल उनके व्यक्तिगत राजनीतिक सफर का शिखर है, बल्कि यह विश्वास का वह मुक़ाम है, जिसे जनता, संगठन और लोकतांत्रिक मूल्यों ने मिलकर गढ़ा है।

### घूसखोर राजस्व...

ही राजस्व कर्मचारी ने 2 लाख 50 हजार रुपए नगद घूस के रूप में लिया और जाने लगा तभी निगरानी विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। निगरानी डीएसपी वनोद कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़ा गया है। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे पटना ले जाया जा रहा है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का...

कामों के लिए राज्यपाल और लेफ्टिनेंट गवर्नर के कार्यालयों का नाम 'लोकभवन' और 'लोक निवास' रखा जाए। गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने कार्यालयों से 'राज' शब्द हटाना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात और त्रिपुरा ने 'राजभवन' का नाम बदलकर 'लोकभवन' कर दिया है। लद्दाख के राज निवास का नाम बदलकर 'लोक निवास' कर दिया गया है। इस सूची में एक और राज्य जुड़ गया है। राजस्थान ने भी राजभवन का नाम बदलने का एलान कर दिया है।

# बिना पर्ची के एक्स-रे नहीं करने पर किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड स्थित एक्सरे विभाग में बिना पर्ची के एक्स-रे न करने पर एक युवक ने मारपीट व गोलीबारी की धमकी दी। इस दौरान काफी देर तक बहसबाजी भी हुई। हालांकि, पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से मामला को शांत कराया गया। जानकारी के अनुसार शहर के ही पठान टोली का रहनेवाला इनाम खान नामक युवक मोबाइल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद बिना पर्ची लिए ही इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक के पास इलाज कराने गया और उनसे इलाज करने को कहा। जब चिकित्सक ने उससे पर्ची मांगी तो युवक ने अपने मोबाइल में रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाया और समस्या बताई। इसके बाद चिकित्सक ने कहा कि पर्ची नहीं है तो एक्स-रे कराकर लाओ। इसके बाद युवक सबंधित विभाग में गया और एक्स-रे करने को कहा। इस क्रम में एक्स-रे टेक्नीशियन सचिन कुमार ने उससे पर्ची मांगा तो वह नहीं दिया। सचिन ने कहा कि भव्या पोर्टल से ऑनलाइन होने के बाद यहां मरीज का विवरण आता है। इसी बात को लेकर युवक टेक्नीशियन से बहसबाजी करने लगा। इसी दौरान इनाम खान नामक युवक ने टेक्नीशियन को गोली मारने की धमकी दी। धमकी की बात पर मामला और भी तूल पकड़ लिया। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। अस्पताल में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी पहुंचे और मामले को शांत कराया। बावजूद विवाद कायम रहा। अंततः एक्सरे संचालक हरेंद्र कुमार सिंह पहुंचे और हंगामा कर रहे युवक को समझाया। स्थानीय लोगों व पुलिस के आपसी तालमेल के बाद मामला शांत हुआ और इमरजेंसी वार्ड से भिड़ हटी। सदर अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्लकांत निराला ने बताया कि मामला संज्ञान में है, फिलहाल हंगामा कर रहे युवक को समझा-बुझाकर शांत कराया गया है। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जाएगा।

# स्टेटस पर नवनिर्वाचित विधायक का फोटो लगाने पर मारी गोली

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजनीतिक प्रतिद्वंदिता और आक्रोश में आकर युवकों ने सोमवार की रात एक युवक को गोली मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना शहर के अहरी मोहल्ला वार्ड नंबर 8 का है। घटना में जख्मी युवक ओबरा थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी अनिल शर्मा का पुत्र राहुल शर्मा है। घायल राहुल शर्मा ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि उसने ओबरा के नव-निर्वाचित विधायक प्रकाश चंद्रा के शपथ ग्रहण समारोह का फोटो अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर लगाया था। इसी बात को लेकर कुछ लोग उसके घर पहुंचे और स्टेटस को लेकर बहस करने लगे। राहुल के अनुसार बहस के दौरान माहौल उग्र हो गया और इसी बीच दो लोगों ने उसके ऊपर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने कुल चार गोलियां चलाईं जिसमें दो गोली उसके जांघ में और एक गोली उसके घुटने में लगी। गोली लगते ही वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। वह घटनास्थल से भागते हुए चिकित्सक नागेंद्र शर्मा के पास पहुंचा जहां पहले से मौजूद उसके रिश्तेदार सुबोध पांडेय अपनी कार से उसे सदर अस्पताल ले गये।घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय सदर अस्पताल पहुंचे और गोली लगने से घायल हुए युवक से बात कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में घायल का फर्द बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बी एवं एम फार्मेसी की डिग्री को भी अनिवार्य या वैकल्पिक योग्यता के रूप में किया जाए सम्मिलित : विकास सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य फार्मेसी परिषद पटना के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न पदों (जैसे- फार्मासिस्ट, अस्पताल प्रबंधक, ब्लॉक अस्पताल प्रबंधक, कम्युनिटी प्रोसेस कोऑर्डिनेटर, काउंसलर, मेडिकल रिकॉर्ड तकनीशियन आदि) के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की जा रही है। इस संदर्भ में निवेदन है कि बी फार्मेसी और एम फार्मेसी की डिग्री को भी अनिवार्य/वैकल्पिक योग्यता के रूप में सम्मिलित किया जाए। श्री सिंह ने कहा है कि व्यावसायिक दक्षता के अंतर्गत बी फार्मेसी और एम फार्मेसी स्नातक औषधियों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, क्लिनिकल फार्मेसी, रिसर्च, वितरण एवं भंडारण की गहन वैज्ञानिक जानकारी रखते हैं। दोनों डिग्रियाँ फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त हैं तथा समूचे भारत में फार्मासिस्ट पंजीकरण एवं उच्च स्तरीय पदों के लिए मान्य हैं। बी फार्मेसी और एम फार्मेसी स्नातकों की नियुक्ति से दवा वितरण प्रणाली, अनुसंधान आधारित निर्णय एवं रोगी देखभाल और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं तकनीकी दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलते परिदृश्य, नई दवाओं, क्लिनिकल ट्रायल्स व प्रौद्योगिकियों के उपयोग हेतु एम फार्मेसी स्नातक और भी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। वहीं बी फार्मेसी और एम फार्मेसी के पाठ्यक्रम में मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशन, हॉस्पिटल एंड क्लिनिकल फार्मेसी मैनेजमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन आदि विषय भी शामिल होते हैं। ऐसे में इन डिग्रियों के स्नातक दवा आपूर्ति श्रृंखला, अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े पदों पर एमबीए डिग्रीधारकों के साथ-साथ समान रूप से दक्ष एवं सक्षम हैं।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शुभमन गिल के खेलने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हुए थे, जिसके बाद वह अगला टेस्ट नहीं खेल सके। गिल मेहमान टीम के खिलाफ वनडे सीरीज का भी हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अब उनके टी20 सीरीज में खेलने की उम्मीद है। शुभमन गिल के सोमवार से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में होने की उम्मीद है। गिल अपनी गर्दन की चोट की रिकवरी के लिए तुरंत रिहैब शुरू करेंगे। उम्मीद है कि सीओई टी20 फॉर्मेट के उपकप्तान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट फिर से शुरू करने की इजाजत दे सकता है। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में चौका लगाने के दौरान चोटिल हुए थे। इसके बाद गिल दोबारा इस सीरीज में नहीं खेल सके। इसके बाद गिल अपनी गर्दन की चोट को लेकर सलाह लेने के लिए मुंबई में स्पेशलिस्ट के पास गए। उन्होंने अपने घर लौटने से पहले तीन दिन वहीं बिताए। उस बीच गिल ने अपना पर्सनल रिहैब जारी रखा। सोमवार को वह बेंगलुरु के लिए निकले।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। अगले कुछ दिनों में इसके लिए भारतीय टीम के चुने जाने की उम्मीद है। शुभमन गिल ने अपनी रिकवरी पर कड़ी मेहनत की है। वह जल्द से जल्द मैदान पर लौटने के लिए बहुत उत्सुक हैं। सूत्रों ने क्रिकबज से कहा, 'गिल ने रिहैब प्रोसेस के दौरान बहुत मेहनत की है। अब वह सीओई में है। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक रहा, तो गिल 6-7 दिसंबर तक कटक में होंगे, जब टी20 टीम के इकट्ठा होने की उम्मीद है।' ऐसी उम्मीद की जा रही है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में खेलते नजर आ सकते हैं। बुमराह को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर को कटक में पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा, जिसके बाद 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में अगले मैच का आयोजन होगा। दोनों देश धर्मशाला में 14 दिसंबर को सीरीज का तीसरा मैच खेलेंगे। लखनऊ में 17 दिसंबर को सीरीज का चौथा मैच खेला जाएगा, जबकि 19 दिसंबर को अहमदाबाद में सीरीज के पांचवें मैच का आयोजन होगा।

## मेरा करियर एक फॉर्मेट तक सीमित है : विराट कोहली

**रांची, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद विराट कोहली की टेस्ट फॉर्मेट में फिर से वापसी की चर्चा शुरू हो गई थी। रांची वनडे में विराट के शतक के बाद उनकी टेस्ट वापसी की चर्चा और जोर-शोर से शुरू हुई, लेकिन विराट ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। विराट कोहली ने रांची वनडे के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर अब सिर्फ एक फॉर्मेट, वनडे, तक सीमित है, उससे आगे कुछ नहीं। विराट से पूछा गया कि क्या उनका इरादा सिर्फ वनडे में ही खेलना है, तो उन्होंने कहा, 'हां, और हमेशा ऐसा ही रहेगा। मैं सिर्फ एक तरह का गेम खेल रहा हूं। कोहली ने समझाया, 'अगर आपने 300 के आस-पास गेम खेले हैं, तो आपको पता होता है कि लंबे समय तक बैटिंग करने की फिजिकल क्षमता कब होती है। जब तक आप बॉल को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं, यह फिजिकली फिट, मेंटली तैयार और एक्साइटेड होने के बारे में है। कोहली के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि उनका ध्यान वनडे विश्व कप 2027 पर है।




## कोहली-रोहित के बिना 2027 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकते...

### इस भारतीय दिग्गज ने चयनकर्ताओं को दी नसीहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तानों विराट कोहली और रोहित शर्मा के ओडीआई फ्यचूर को लेकर हालिया समय में काफी अटकलें लगी हैं. दोनों टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में कई क्रिकेट विशेषज्ञ यह सवाल उठा रहे थे कि क्या कोहली और रोहित 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक खेल पाएंगे. तब तक कोहली की उम्र करीब 39 साल जाएगी. वहीं रोहित शर्मा तब तक 40 साल से ज्यादा के हो जाएंगे. अब रांची वनडे में दोनों की शानदार बल्लेबाजी ने यह बहस खत्म कर दी है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची वनडे में विराट कोहली ने शानदार 135 रन बनाए. वहीं रोहित शर्मा के बल्ले से 57 रन निकले. रोहित-कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की पार्टनरशिप की, जिसके दम पर भारत ने 349 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. भारत ने इस मैच को 17 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली. इस एक साझेदारी ने दिखा दिया कि रोहित-कोहली अभी भी पहले जैसे ही खतरनाक हैं. अब टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व चीफ सेलेक्टर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने इन दोनों स्टार बल्लेबाजों की जमक तारीफ की है. श्रीकांत का कहना है कि 2027 का वनडे वर्ल्ड कप रोहित और कोहली के बिना भारतीय टीम जीत ही नहीं सकती ।

### दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार...

कृष्णमाचारी श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'रोहित और कोहली अलग ही लेवल पर खेल रहे हैं. क्रिकेट के इस दौर में इतने कठिन मैच खेलना आसान नहीं है. लेकिन वे दोनों सिर्फ एक फॉर्मेट खेलकर भी अपनी फिटनेस और मानसिकता बेहतरीन बनाए हुए हैं. इन दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार है. 2027 वर्ल्ड कप जीतना है तो रोहित और विराट टीम में होने ही चाहिए ।

# शिक्षा के साथ-साथ पोषण की गुणवत्ता पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय उन्थू एवं प्लस टू उच्च विद्यालय बसडीहा कलां का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं विद्यालयों में अनुशासन की समग्र स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों के अटेंडेंस रजिस्टर, नामांकन विवरण, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं में चल रहे शिक्षण कार्य, तथा विद्यालय प्रशासन से संबंधित कई अभिलेखों की बारीकी से जांच की। उन्होंने पाया कि कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, जिसपर प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की अध्ययन स्थिति का अवलोकन किया, बच्चों से सवाल पूछे और उनकी समझ का मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि सभी विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्रों की वास्तविक उपस्थिति बढ़े तथा उपस्थिति का सही-सही अनुश्रवण प्रतिदिन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पूरे विद्यालय परिसर की लाइट व्यवस्था सुधारी जाए ताकि बच्चों के अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने राजकीय मध्य विद्यालय उन्थू के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता, केंद्र की साफ-सफाई तथा गतिविधियों के रखरखाव का मूल्यांकन किया और कार्यकर्ता से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले की शिक्षण व्यवस्था में सुधार, छात्र उपस्थिति में वृद्धि, आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता तथा अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



# एसटीपी के तरारी प्लांट का निर्माण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर के तरारी में आखिरकार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एसटीपी प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हो गया। पेड़ कटवाने का कार्य किया जा रहा है। पेड़ों को कटवाकर वन विभाग परिसर औरंगाबाद भेजा जा रहा है। मंगलवार को पेड़ कटवाने की शुरुआत की गई। जिस स्थान पर एसटीपी प्लांट का निर्माण कराया जाना है, उस स्थान पर 120 पेड़ लगे हुए हैं, जिनमें से 57 पेड़ों को कटवाया जाना है। अब तक 15 पेड़ कटवाए जा चुके हैं। इससे पहले भी पेड़ कटवाने की शुरुआत की गई थी, लेकिन स्थल चयन को लेकर ग्रामीणों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद कार्य को रोक दिया गया था। पिछले दिनों प्रशासनिक स्तर पर पहल करते हुए ग्रामीणों के साथ वार्ता की गई और गतिरोध को सुलझा लिया गया। ग्रामीणों के साथ वार्ता में सीओ द्वारा यह आश्वासन दिया गया गोरैया बाबा के मंदिर से 12 फीट और कब्रिस्तान की चहारदीवारी से 15 फीट जगह छोड़कर एसटीपी प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद कार्य की शुरुआत कराई गई है। एहतियात के तौर पर दाउदनगर थाने के सब इंस्पेक्टर अशर्फीलाल पासवान के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही है। वन विभाग के वनरक्षी सुषमा कुमारी की देख-रेख में पेड़ों को कटवाया जा रहा था। बुडको के जेई उज्जवल कुमार कार्यस्थल पर मौजूद थे। नगर पर्षद के ईओ ऋषिकेश अवस्थी भी कार्य स्थल पर पहुंचे। सीओ शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वार्ता के बाद मामले को सुलझा लिया गया है।



## प्रधानमंत्री ने किया था शिलान्यास

दाउदनगर में एसटीपी और इ एंड डी प्लांट का शिलान्यास 22 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गयाजी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया है। नमामि गंगे के अंतर्गत 44 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण होना है। इसका निर्माण बुडको के माध्यम से कराया जा रहा है। इस प्लांट के निर्माण के लिए एक एकड़ जमीन चयनित किया गया है। इसमें एडमिन बिल्डिंग, कचरा स्टोर, क्यूरीफाइन आदि का निर्माण कराया जाएगा। जल को शोधन को करके नहर में गिराए जाने की योजना है।इस जमीन पर 120 पेड़ लगे हैं जिनमें से 57 को काटा जाना है और 63 का पुनर्स्थापन कराया जाना है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के पोक्सो कोर्ट ने टंडवा थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त राकेश कुमार को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त थाना क्षेत्र के परसिया-रामपुर निवासी राकेश कुमार को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई की तिथि 08 दिसंबर निर्धारित किया गया है। अभियोजन की ओर से तेज़ी से वाद की सुनवाई करते हुए सात गवाही हुई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पीड़िता ने 26 अप्रैल 2024 को अपने प्राथमिकी में बताया कि तीन साल से अभियुक्त के साथ प्रेम प्रसंग था। 03 जनवरी 2024 को अभियुक्त ने बहला फुसलाकर अपने साथ पंजाब ले गया और वहां शादी कर ली। दो माह तक पति-पत्नी के तरह रहे, फिर एक दिन अभियुक्त लुधियाना में छोड़कर भाग गया। मामले में शादी की प्रमाण पत्र एवं फोटो उपलब्ध करवाई थी। अभियुक्त से फोन पर संपर्क किया तो उसने पत्नी मानने और रखने से यह कहते हुए इंकार किया कि हमारे माता-पिता तुमको रखने को तैयार नहीं है। इसके बाद पीड़िता ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया और न्याय की गुहार लगाई।

# आमजन को मिल रहा केंद्रीय योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मेरा युवा भारत औरंगाबाद के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शाहपुर मोहल्ला स्थित एक शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के सचिव दीपक कुमार, निदेशक अमित कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता, विशु तिवारी, युवा मोर्चा के जिला मंत्री सौरभ कुमार सिंह शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना, आयुष्मान योजना और जन आरोग्य योजना काफी महत्वपूर्ण है जिससे आम लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकार की योजना लोगों तक आसानी से पहुंचे इसलिए यह जागरूकता आयोजित की गई है। मुद्रा योजना से छोटे रोजगार करने वालों को लोन लेकर अपना रोजगार करने में सहूलियत हुई। इस योजना से काफी लोगों को लाभ पहुंचा है। आयुष्मान भारत योजना मेडिकल के क्षेत्र में काफी सराहनीय कदम है। गरीब व्यक्ति को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। अगर किसी को कोई बड़ा बीमारी है तो वह आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से बड़े से बड़े निजी अस्पतालों में भी अपना इलाज फ्री में करवा सकते हैं। इसके अलावा जन आरोग्य केंद्र सरकार ने बनाया है ताकि इस पर सस्ती दवा लोगों को मिल सके। मेडिकल के क्षेत्र में सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है। मौके पर कुंदन कुमार, मंटू कुमार, अश्विनी कुमार, पवन कुमार, विवेक कुमार, नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।



# विभिन्न मामलों में 26 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 40 लीटर देसी शराब, 4.125 लीटर विदेशी, 2 बाइक बरामद किया गया है। इसी क्रम में 39 लीटर महुआ घोल विनष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1122 वाहनों की जांच की गई जिसमें 120500 रूपये बरामद किया गया है।

# महाराणा प्रताप कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के बेलसारा स्थित महाराणा प्रताप कॉलेज में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सत्यनारायण सिंह के साथ हिंदी प्रोफ़ेसर प्रमोद सिंह, क्लर्क सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, क्लर्क सुरेन्द्र प्रसाद यादव के सेवानिवृत्त होने के पश्चात उन्हें कॉलेज परिवार की ओर से विदाई दी गई। वहीं कॉलेज के वरीय शिक्षक कृष्णकांत सिंह को नए प्राचार्य का पदभार सौंपा गया। इस अवसर पर स्कूल के वरीय शिक्षकों ने सभी को माला व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक शामिल रहे।

# दस्तावेजों का सत्यापन कर भुगतान की जाएगी मुआवजा राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि रैयतीकरण और अधिग्रहण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना (वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे) पैकेज-6, एनएच-120 दाउदनगर बाईपास रोड, एसएच-101 अम्बा-देव-मदनपुर मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, डीएफसीसी-आईएल, सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन तथा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति, भुगतान और लंबित कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई।भारत माला परियोजना में कुल 270.4283 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है जिसमें रैयती भूमि 204.1112 हेक्टेयर शामिल है। कुल 3,207 रैयतों को मुआवजा प्रदान किया गया, जिसमें 200.85 करोड़ रूपये स्वीकृत और 69.87 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। 42 मौजों में भौतिक रूप से लगभग 28.60 किलोमीटर का दखल कब्जा लिया गया है। एनएच-120 पर कुल 10.1431 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित हुई है जिसमें 321 रैयत सम्मिलित हैं। कुल राशि 54.60 करोड़ रुपये में से 49 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है और शेष 0.9363 हेक्टेयर भूमि का रैयतीकरण एवं सरकारीकरण प्रक्रियाधीन है। एसएच-101 मार्ग चौड़ीकरण के तहत कुल 20.16 एकड़ भूमि में से 8.63187 एकड़ में दखल कब्जा हो चुका है। शेष 11.53 एकड़ में से 8.23 एकड़ का निष्पादन हो चुका है। कुल 8.6 करोड़ रूपये स्वीकृत राशि में से 73.20 लाख रूपये का भुगतान किया गया है और शेष भुगतान हेतु लगातार नोटिस एवं कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। फ़ेज-02 में कुल 41.59507 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। डीएफसीसीआईएल मार्ग तथा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान की प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं। भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से रैयतों का भुगतान किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि अधिग्रहित भूमि का दखल कब्जा जारी है और लंबित भूमि का रैयतीकरण तथा सरकारीकरण तेजी से किया जा रहा है। भुगतान में विलंब के कारण रैयतों में उत्पन्न असंतोष को दूर करने हेतु लगातार कैम्प आयोजित कर दस्तावेज संग्रह एवं सत्यापन किया जा रहा है। सभी लंबित वाउचर और आरबिट्रेशन वादों की निगरानी कर परियोजना कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लंबित भूमि हस्तांतरण, मुआवजा भुगतान और परियोजना की भौतिक प्रगति में तेजी लाई जाए तथा सभी संबंधित विभाग समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# असामाजिक तत्वों ने होटल में लगाई आग, लाखों की सम्पत्ति खाक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप स्थित होटल में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस आगलगी की घटना में होटल की सारा सामान जलकर राख हो गया। साथ ही होटल से सटे संचालक का खटाल भी जल गया। इस घटना में होटल संचालक की पत्नी भी हाथ झुलस गयी। मामले में होटल संचालक ओबरा थाना क्षेत्र मनौरा बाजीतपुर निवासी शिवकुमार सिंह ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से यहां होटल चला अपने परिवार की गाड़ी खींच रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम कुछ लोग आए और मछली बनाने को कहा लेकिन गैस समाप्त होने के कारण कहा कि आज सेवा नहीं दे पाऊंगा। इतने में सभी बहस करने लगे और धमकी तक दे डाली कि अब तुम्हारा यहां रहना हो गया। सभी देख लेने की धमकी देकर चले गए। रात्रि तीन बजे देखा कि होटल और खटाल धू-धूकर जल रहा है। इस दौरान चारों तरफ से पेट्रोल की गंध आ रही थी। आसपास के लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहा। इसकी सूचना नगर थाना को दी। नगर थाना के सहयोग से दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक होटल का सभी सामान, एक बाइक, स्कूटी, दो फ्रिज एवं बेटी की शादी के लिए रखा गया 1 लाख 55 हजार नकद एवं अन्य समान आग की भेंट चढ़ गया। उन्होंने सात से दस लाख तक की क्षति का अनुमान लगाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी उनलोगों द्वारा धमकी दी गई थी। घटना के बाद शिवकुमार सिंह ने नगर थाने में कुछ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। आवश्यकता अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

# शराब का सेवन व बेचने में 19 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। सोमवार को जिले में 06 व्यक्तियों को शराब बेचने एवं 13 व्यक्तियों को शराब के सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 524.03 लीटर देसी शराब, 15.75 लीटर विदेशी शराब, 132 लीटर बियर एवं 8000.00 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। इसके अलावा 1 बाइक एवं कार जब्त किया गया है। दाउदनगर थाना अंतर्गत करमा गांव के करीब 01 व्यक्ति को 15.75 लीटर विदेशी शराब एवं 132 लीटर बियर के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ हीं 5 व्यक्तियों को शराब सेवन करने में गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त बड़ेम ओपी थाना अंतर्गत मझियावां एवं महुआवां में ड्रोन के माध्यम से छापामारी की गई जिसमें भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब और जावा महुआ बरामद करते हुए विनष्ट किया गया एवं कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। शराब बेचने के आरोप में कुटुंबा थाना अंतर्गत एरका चेकपोस्ट के पास से 03 व्यक्तियों को 102.30 लीटर देसी शराब एवं 01 कार के साथ गिरफ्तार किया गया। कुटुंबा थाना अन्तर्गत ही पिछुलिया चेकपोस्ट के पास से 02 व्यक्तियों को चुलाई शराब एवं 01 बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।

# 95 लीटर महुआ शराब के साथ टेंपो चालक गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देव थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार चल रहे अभियान के तहत देव थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के माले नगर के समीप से चालक के साथ साथ एक सीएनजी टेंपो पर लदे 95 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। चालक की पहचान देव प्रखंड के नटया गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार पिता रामानंद यादव के रूप में की गई हैं। पुलिस कागजी कार्रवाई करते हुए चालक और टेंपो को थाना ले गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269




सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

## संदेश

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यांग भाई–बहनों को मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

दिव्यांगजन हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और अपनी विशिष्ट क्षमताओं द्वारा देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। अपनी प्रबल इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने अनेक कीर्तिमान भी स्थापित किये हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है ।

दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा तथा समान अवसर के साथ उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को सम्पूर्ण विश्व में ''**अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस**'' का आयोजन किया जाता है।

दिव्यांगजन के कल्याण हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रयत्नशील हैं तथा उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों यथा– दिव्यांगता सर्वे एवं प्रमाणीकरण, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण, बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण, विशेष विद्यालयों एवं पुनर्वास गृहों का संचालन आदि किया जा रहा है तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु संबंधित अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है ।

आईए, ''**अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस**'' पर हम यह संकल्प लें कि दिव्यांगजन के प्रति अपने हृदय में करुणा, प्रेम, मैत्री और सम्मान का भाव रखते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्हें समुचित सहयोग प्रदान करेंगे तथा उनके प्रति अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे ।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-018723 (SWD)D. 2025-26

बिहार सरकार

## संदेश

मंत्री
समाज कल्याण विभाग
बिहार

दिव्यांगजनों के समान अवसर तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को "**अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस**" मनाया जाता है । इस दिवस का मूल उद्देश्य दिव्यांगजनों के बीच समान अवसर, अधिकारों की रक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु जागरूकता उत्पन्न करना है । सामाजिक उत्थान में दिव्यांगजनों की भूमिका सराहनीय है। वर्तमान में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा पुनर्वास के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएँ कार्यान्वित की जा रही है। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उनके लिए कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं बैट्री चालित ट्राईसाईकिल वितरण तथा विशेष विद्यालय जैसी कल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं। राज्य के दिव्यांगजनों के लिए नई योजना के रूप में दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण एवं परिसर का निर्माण आदि के साथ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुपालन में कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं।

''**अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस**'' के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि दैनिक जीवन में दिव्यांगजनों के प्रति अपने हृदय में सर्वदा समुचित आदर, सहयोग एवं प्रेम भाव रखेंगे तथा दिव्यांगजनों के लिए अपने अपेक्षित दायित्वों का पालन करेंगे ।

(मदन सहनी)

PR No.- 018681 (SWD) D. 2025-26